समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 62,970.00 | 18,665.50 |

तापमान
अधिकतम 36 °c
न्यूनतम 28 °c

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



ग्राम्य विकास विभाग का 12.59 करोड़ पौधरोपण... पेज-02

आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बसपा नहीं लड़ाएगी चुनाव... पेज-03

वर्ष 10 अंक 307 लखनऊ, 27 जून मंगलवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

# यूपी–उत्तराखंड और हिमाचल समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण-पश्चिम मानसून ने एकसाथ मुंबई और दिल्ली में दस्तक दी है। ऐसा दशकों में पहली बार हुआ है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (ढ्ढरूष्ठ) के मुताबिक, दिल्ली, यूपी, उत्तराखंड, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और ओडिशा समेत देश के कई राज्यों में आज भारी बारिश होगी।

**कहां-कहां होगी बारिश?**

- ओडिशा में आज भारी बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही 28 और 29 जून को असम और मेघालय, जबकि 29 जून को अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 28 जून तक हल्की/मध्यम से व्यापक वर्षा होने की संभावना है।
- आज से 29 जून तक पूर्वी राजस्थान में बहुत भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है।
- अगले चार-पांच दिनों के दौरान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और विदर्भ क्षेत्र क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने के साथ हल्की/मध्यम से व्यापक वर्षा होगी।
- आज छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।
- आज और कल पूर्वी मध्य प्रदेश, 27 और 28 जून को पश्चिमी मध्य प्रदेश और 27 जून को विदर्भ में भारी बारिश होने की संभावना है।
- दक्षिण भारत में भी अगले चार दिनों के दौरान व्यापक बारिश होगी। तटीय कर्नाटक में 29 जून तक छिटपुट भारी बारिश की संभावना है। केरल और माहे में भी 27 जून को भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है।
- आज से 29 जून के दौरान कोंकण, गोवा और मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।
- अगले चार-पांच दिनों के दौरान गुजरात क्षेत्र और सौराष्ट्र और कच्छ में हल्की/मध्यम से लेकर व्यापक वर्षा होगी। गुजरात में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा बारिश होने की भी संभावना है।



### दिल्ली में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक लगातार बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। मानसून ने रविवार को दो दिन पहले ही दस्तक दे दी । तीन साल में पहली बार मानसून समय से पहले पहुंचा है। रविवार को 50.7 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई।

### यूपी में कैसा रहेगा मौसम?

मौसम विभाग ने यूपी में सात दिन तक लगातार बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। प्रदेश के कई जिलों में आंधी के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई है। विभाग के अनुसार, 10 जिलों में भारी बारिश होगी। बरेली, बिजनौर, मैनपुरी, मुरादाबाद,रामपुर, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन और औरैया में 27 जून तक भारी वर्षा को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### उत्तराखंड का मौसम कैसा रहेगा?

मौसम विभाग ने उत्तराखंड में आज बारिश को लेकर आरेंज अलर्ज जारी किया है। मानसून के दस्तक देने से तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। राजधानी देहरादून और मसूरी समेत प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। इससे गंगा का जलस्तर भी बढ़ा है। रुद्र प्रयाग पुलिस ने रविवार को बताया कि भारी बारिश के बीच केदारनाथ यात्रा के पैदल पड़ावों पर पुलिस बल, एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। केदारनाथ को भारी बारिश के चलते अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। हरिद्वार शहर के भी कुछ हिस्सों में पानी भर गया है।

## संक्षिप्त

### अजित की इच्छा पर पार्टी के प्रमुख नेता फैसला करेंगे

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संगठन में कोई भूमिका दिए जाने की अजित पवार की अपील के कुछ दिन बाद पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि कोई एक व्यक्ति इस बारे में फैसला नहीं ले सकता और पार्टी के प्रमुख नेता इस संबंध में कोई निर्णय लेंगे। राकांपा के वरिष्ठ नेता तथा शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने हाल में पार्टी नेतृत्व से अपील की थी कि उन्हें महाराष्ट्र विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त करके पार्टी संगठन में कोई भूमिका दी जाए।

### आतंकवाद से जुड़े मामले में कई जगहों पर एनआईए की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को जम्मू-कश्मीर के चार जिलों में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एनआईए के दल घाटी के बांदीपुरा, कुलगाम, पुलवामा और शोपियां जिलों में छह से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर रहे हैं। अधिकारी के मुताबिक, छापेमारी के संबंध में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

### किसी चुनाव का बहिष्कार नहीं करेंगे: उमर अब्दुल्ला

**पटना।** पटना में हुई विपक्षी दलों की बैठक को लेकर राजनीतिक वार-पलटवार का दौर लगातार जारी है। भाजपा और नरेंद्र मोदी के खिलाफ 15 से अधिक विपक्षी दलों ने पटना में एकजुटता दिखाई है। पटना के बैठक में इस बात का निर्णय लिया गया कि सभी एक साथ चुनाव लड़ने पर सहमत हो गए हैं। हालांकि, भाजपा विपक्षी दलों की बैठक को लेकर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। भाजपा का कहना है कि यह बैठक नहीं बल्कि एक फोटो सेशन था। इसी को लेकर उमर अब्दुल्ला का भी पलटवार आया है।

### सबसे पहले मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त करें प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा के मामले को लेकर सोमवार को कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मणिपुर की बात' सुनने का इंतजार कर रहा है और सबसे पहले उन्हें मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को उनके पद से बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से यह आग्रह भी किया कि मणिपुर में सभी पक्षों से बातचीत करके साझा राजनीतिक समाधान निकाला जाए। खरगे ने ट्वीट किया, ''ऐसी ख़बर है कि आख़िरकार मणिपुर पर गृहमंत्री (अमित शाह) ने प्रधानमंत्री मोदी जी से बात की है।

सीएम योगी की एक स्कीम से देश की सबसे बड़ी रोबोट कंपनी बनी एडवर्ब

## एडवर्ब को उत्तर प्रदेश की स्टार्टअप नीति का मिला लाभ

**लखनऊ/गौतमबुद्धनगर, समृद्धि न्यूज़**

नए आंत्रप्रेन्योर को प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार द्वारा शुरू की गई स्कीम के अब सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 2017 में लाई गई स्टार्टअप नीति का नतीजा है कि चार सौ स्क्वायर फिट के कमरे में शुरू हुई कंपनी एडवर्ब आज देश की सबसे बड़ी रोबोट कंपनी बन गई है। कंपनी का टर्नओवर साढ़े चार सौ करोड़ से ज्यादा है। यही नहीं यह कंपनी दो हजार से ज्यादा कुशल युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार दे रही है। निकट भविष्य में एडवर्ब तीन हजार और कुशल युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार देगी।

मुख्यमंत्री योगी की मंशा है कि युवाओं की अभिनव सोच और रचनात्मक दृष्टिकोण सफल बिजनेस मॉडल बने। उन्होंने स्टार्टअप योजनाओं की बेहतरी और युवाओं की आवश्यकता को देखते हुए प्रदेश में इनोवेशन फंड का भी गठन किया है। इसका लाभ ऐसे स्टार्टअप को मिल रहा है जिनके केंद्र में उत्तर प्रदेश है। एडवर्ब को उत्तर प्रदेश सरकार की नए एंटरप्रेन्योर को प्रोत्साहित करने की नीति का फायदा मिला और कंपनी यूपी को 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में अपना योगदान दे रही है।



**मैटेरियल मूवमेंट और मैटेरियल पिकिंग के काम में आते हैं रोबोट**

एडवर्ब के रोबोट मैटेरियल मूवमेंट और मैटेरियल पिकिंग के काम में आते हैं। फैक्ट्री, वेयर हाउस, एयरपोर्ट, हॉस्पिटल सहित ऐसे तमाम जगहों पर आज इनकी उपयोगिता सामान को एक जगह से दूसरी जगह पर ले जाने में बढ़ी है। आज उत्तर प्रदेश में बने रोबोट ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, दुबई, अमेरिका और यूरोप में निर्यात हो रहे हैं।

**क्या कहते हैं कंपनी के मुख्य विपणन अधिकारी**

मुख्य विपणन अधिकारी सतीश कुमार शुक्ला ने बताया कि एडवर्ब की यात्रा योगी जी के मुख्यमंत्री बनने की यात्रा के साथ शुरू होती है। दिल्ली के छोटे से ऑफिस से निकलकर हमने वर्ष 2017 में नोएडा में किराए पर ऑफिस और फैक्ट्री लेकर अपने सफर की शुरुआत की। हमें उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति से बहुत मदद मिली। सही मायने ने हमारी ग्रोथ ही यूपी से है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस का अनुभव उत्तर प्रदेश से अच्छा कहीं और नहीं मिल सकता है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने एडवर्ब को जमीन आवंटित करने से लेकर उद्योग स्थापित करने में हर तरह का सहयोग दिया। यही वजह है कि वर्ष 2021 में ÷बोट-वैली÷ रोबोटिक प्लांट ने 18 महीने के रिकार्ड समय में अपना प्रोडक्शन शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के मंत्र को लेकर चल रही एडवर्ब कंपनी सौ प्रतिशत स्वदेशी रोबोट बना रही है। बढ़ती मांग को देखते कंपनी ने बोट-वर्स नाम से 15 एकड़ में अपना दूसरा प्लांट शुरू किया है, जिसका उद्घाटन बीते दिनों सीएम योगी ने किया।

हाईकोर्ट ने आदिपुरुष के मेकर्स को फटकारा, पूछा-आने वाली पीढ़ियों को क्या सिखाना चाहते हैं

## रामायण–कुरान जैसे धार्मिक ग्रंथों को तो बख्श दीजिए

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

फिल्म आदिपुरुष पर रोक की मांग वाली याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सोमवार को सुनवाई हुई। वकील कुलदीप तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सेंसर बोर्ड और फिल्म के निर्माता-निर्देशक को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, रामायण-कुरान, गुरु ग्रन्थ साहिब और गीता जैसे पवित्र ग्रंथों को तो बख्श दीजिए। बाकी जो करते हैं वो तो कर ही रहे हैं।

लखनऊ बेंच में सेंसर बोर्ड की तरफसे वकील अश्विनी सिंह पेश हुए। कोर्ट ने पूछा, क्या करता रहता है सेंसर बोर्ड? सिनेमा समाज का दर्पण होता है। आने वाली पीढ़ियों को क्या सिखाना चाहते हो? क्या सेंसर बोर्ड





अपनी जिम्मेदारियों को नही समझता है? अब मामले की अगली सुनवाई मंगलवार 27 जून को होगी। वहीं कोर्ट ने फिल्म के मेकर्स सहित अन्य प्रतिवादियों के कोर्ट में नहीं आने पर भी नाराजगी जताई।

सीनियर एडवोकेट रंजना अग्निहोत्री ने सेंसर बोर्ड की ओर से अभी तक जवाब दाखिल नहीं करने पर आपत्ति जताई और कोर्ट को फिल्म के आपत्तिजनक फैक्ट के बारे में बताया। याचिका दायर करने वाले वकील कुलदीप तिवारी ने बताया कि विवादित फिल्म आदिपुरुष को लेकर आज इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें फिल्म के निर्माता-निर्देशक समेत सेंसर बोर्ड के भी फटकार लगी है। कुलदीप ने बताया, 2 अक्टूबर 2022 को फिल्म का टीजर रिलीज हुआ। जिसमें कई आपत्तिजनक तथ्य का पता चला।

इस पर 17 अक्टूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में टीजर और फिल्म दोनों पर बैन लगाने के लिए याचिका डाली थी। कुलदीप ने बताया, चीफजस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस ब्रिज राज सिंह ने 10 फरवरी 2023 को सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी करने का आदेश दिया था। नोटिस मिलने के बाद भी सेंसर बोर्ड ने कोर्ट की अवमानना की और कोई जवाब नहीं दिया। फिल्म मेकर्स ने अपनी रिलीज डेट 6 महीने के लिए यह कहकर टाल दिया कि हम सुधार करेंगे। फिल्म आने पर पता चला कि श्रीराम कथा को ही बदल दिया है।

पीएम मोदी ने अमेरिका और मिस्र से लौटने के बाद की महत्वपूर्ण बैठक

## अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री रहे मौजूद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका और मिस्र की अपनी राजकीय यात्रा समाप्त करने के बाद रविवार की रात दिल्ली पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में अमित शाह, निर्मला सीतारमण और हरदीप सिंह पुरी समेत कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पीएम मोदी से मुलाकात कर उन्हें मणिपुर के घटनाक्रम की जानकारी दी। रविवार को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शाह को राज्य की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी और कहा कि राज्य और केंद्र सरकार काफी हद तक हिंसा को नियंत्रित करने में सक्षम हैं। इससे पहले, पीएम मोदी अमेरिका और मिस्र की सफल यात्रा के बाद रविवार की रात दिल्ली पहुंचे। पालम एयरपोर्ट पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और दिल्ली के सभी सांसदों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने नड्डा से पूछा कि देश में क्या चल रहा है, जिस पर नड्डा ने बताया कि पार्टी के नेता उनकी सरकार के नौ वर्षों के रिपोर्ट कार्ड के साथ लोगों तक पहुंच रहे हैं।

### एकसाथ आ रहे भारत–अमेरिका

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पीएम मोदी की अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा पर बात की। उन्होंने कहा, यह एक बहुत ही ऐतिहासिक यात्रा थी। यह बहुत गर्व का क्षण था, जब व्हाइट हाउस में भारत पर चर्चा हुई। अमेरिका भारत को एक समान भागीदार के रूप में देखता है। यात्रा के दौरान भारत पर केंद्रित कई विदेश नीतियों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत और अमेरिका एक बड़ी ताकत के रूप में एक साथ आ रहे हैं। पीएम मोदी की यात्रा को विश्व स्तर पर एक मील का पत्थर माना जाता है। भारत अब एक बड़ी ताकत बन गया है।

ममता बनर्जी ने सुरक्षा सीमा बल पर लगाए गंभीर आरोप, कहा–

## बीएसएफ मतदाताओं को कर रही है डराने का प्रयास

**कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर 'भगवा खेमे के इशारे पर' राज्य के सीमावर्ती इलाकों में मतदाताओं को डराने का सोमवार को आरोप लगाया और पुलिस से उनकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने को कहा। सीमावर्ती जिले में पंचायत चुनाव के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि 'कानून-व्यवस्था राज्य का विषय है' और इसमें केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा, ''मुझे जानकारी मिली है कि बीएसएफ के कुछ अधिकारी



सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं, मतदाताओं को धमका रहे हैं और उन्हें वोट न देने के लिए कह रहे हैं। मैं लोगों से कहूंगी कि वे डरें नहीं और निडर होकर चुनाव में हिस्सा लें।'' बीएसएफ द्वारा पिछले साल ग्रामीणों पर कथित गोलीबारी का जिक्र करते हुए बनर्जी ने कहा, ''पुलिस ऐसे मामलों में प्राथमिकी दर्ज करेगी और कानून अपना काम करेगा।''

## मादक पदार्थ मुक्त भारत के रास्ते पर मोदी सरकार: अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार भारत से मादक पदार्थों के खतरे को जड़ से खत्म कर देगी और देश के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी की अनुमति नहीं देगी। मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर एक वीडियो संदेश में, शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने नशीले पदार्थों के खिलाफ शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाई है और इस दृष्टिकोण के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। शाह हमेशा ड्रग्स के खिलाफ होने के लिए राज्यों से अपील करते रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने



अपने बयान में कहा कि आज नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मैं ड्रग के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हमारी सभी एजेंसियों को मन से बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में गृह मंत्रालय ने नारकोटिक्स के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है आज उसके सफल परिणाम दिखने

### नशीले पदार्थ हो रहे जब्त

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के विरुद्ध इस व्यापक और समन्वित लड़ाई का ही असर है कि जहां 2006-13 में 768 करोड़ रुपए के नशीले पदार्थ जब्त हुए थे, वहीं 2014 से 2022 के बीच यह जब्ती लगभग 30 गुना बढ़कर 22 हज़ार करोड़ रुपये की हो गयी। उन्होंने कहा कि इसी तरह नशे का व्यापार करने वाले लोगों के विरुद्ध 2006 से 2013 की अवधि की तुलना में 2014 से 2022 के बीच 181 प्रतिशत अधिक मामले दर्ज किये गये।

## अगले कुछ वर्षों में सभी एमसीडी स्कूल का कायाकल्प करेंगे

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने सरकारी स्कूलों में सुधार करके शहर की शिक्षा प्रणाली में अमीर और गरीब के बीच के अंतर को पाट दिया है। उन्होंने अगले पांच से सात वर्षों में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सभी स्कूलों के पुनर्विकास का वादा किया। वह लिबासपुर गांव में सर्वोदय सह-शिक्षा विद्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। केजरीवाल ने दावा किया कि इस विद्यालय की कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और सभागार दिल्ली के निजी स्कूलों के मुकाबले काफी अच्छे हैं। उन्होंने कहा, पहले



दिल्ली में सरकारी स्कूलों की हालत बहुत खराब हुआ करती थी। कक्षाएं तंबू के अंदर संचालित की जाती थीं, स्कूलों की छतें टूटी हुई थीं। वहां शौचालय या पीने के पानी तक की कोई व्यवस्था नहीं थी। गरीब परिवार अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में भेजने के लिए मजबूर थे, लेकिन 'आप' सरकार ने दिल्ली की शिक्षा प्रणाली में अमीर और गरीब के बीच के अंतर को पाट दिया।

रक्षा मंत्री बोले- भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा, भारत ताकतवर बनता जा रहा है

## पीएम मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई

**जम्मू (एजेंसी)।** पाकिस्तान को परोक्ष रूप से चेतावनी देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत ताकतवर बनता जा रहा है और जरूरत पड़ी तो वह सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो उस पार भी जा सकता है। जम्मू विश्वविद्यालय में एक सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने 2016 में सीमापार हुई 'सर्जिकल स्ट्राइक' और 2019 में हुई बालाकोट हवाई हमले का भी जिक्र किया। रक्षा मंत्री ने कहा, ''भारत अब पहले जैसा भारत नहीं रहा। भारत ताकतवर बनता जा रहा है। जरूरत पड़ी तो भारत सीमा के इस पार भी मार सकता है और जरूरत पड़ी तो उस पार भी जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृव में हमारी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और पहली बार न केवल देश, बल्कि दुनिया को पता चला है कि आतंकवाद के खिलाफ



कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का क्या मतलब होता है।'' सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक का फैसला केवल 10 मिनट में ले लिया था। उन्होंने कहा, ''पुलवामा और उरी दोनों ही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं थीं। प्रधानमंत्री ने (सर्जिकल स्ट्राइक करने का) फैसला लेने में केवल 10 मिनट लिये, जो उनके मजबूत दृढ़संकल्प को दिखाता है। हमारे बलों ने न केवल सीमा के इस ओर आतंकवादियों को ढेर किया, बल्कि उन्हें मार गिराने के लिये उस पार भी गए।'' आतंकवादियों ने सितंबर 2016 में उरी में सेना के एक शिविर पर हमला किया था, जिसमें 19 जवान मारे गये थे। घटना के एक पखवाड़े बाद सीमापार 'सर्जिकल स्ट्राइक' को अंजाम दिया गया और आतंकवादियों के 'लांच पैड' तबाह कर दिये गये। फरवरी, 2019 में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों के एक काफिले पर आत्मघाती हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। हमले के 12 दिन बाद भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी शिविर को नेस्तनाबूद कर दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर ने लंबे समय तक आतंकवाद का दंश झेला है। उन्होंने कहा, ''यहां लोग जानते हैं कि किस तरह आतंकवाद का जहर समाज को खोखला करता है।'' सिंह ने कहा कि यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मोदी सरकार ने देश में क्रांतिकारी सुधारों की मजबूत नींव रखी है, जो इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''मुझे 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में बोले गये उनके शब्द याद हैं। उन्होंने कहा था, 'सौगंध मुझे इस मिट्टी की, मैं देश नहीं मिटने दूंगा, देश नहीं झुकने दूंगा'।'' सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संकल्प का अक्षरश~ पालन किया है।

## मणिपुर में सुरक्षा बलों की कड़ी कार्रवाई

**इंफाल (मणिपुर)।** पिछले 24 घंटों में हिंसा प्रभावित मणिपुर के विभिन्न जिलों में पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने कथित तौर पर उग्रवादियों द्वारा बनाए गए 12 बंकरों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मणिपुर पुलिस द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने तमेंगलोंग, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और काकचिंग जिलों में तलाशी अभियान चलाया और पहाड़ी और घाटी दोनों में 12 बंकरों को नष्ट कर दिया। मणिपुर पुलिस ने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण है लेकिन कुछ स्थानों पर नियंत्रण में है, कुछ छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन राज्य के अधिकांश जिलों में स्थिति सामान्य है।

समृद्धि न्यूज़
लखनऊ, सोमवार, 27 जून, 2023



**सहकारिता मंत्री ने किया डीसीबी कैडर अथॉरिटी कार्यालय एवं डाटा सेंटर का शुभारंभ**

# बैंकिंग सेवाओं को गांव के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाया जायेगा: राठौर

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने कोऑपरेटिव बैंक मुख्यालय में नवनिर्मित डीसीबी कैडर अथॉरिटी कार्यालय, डाटा सेंटर, सभागार कक्ष, एप्लीकेशन अटेंडेंस ट्रैकिंग सिस्टम एवं आधार इनेबल्ड पेंमेट सिस्टम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री द्वारा बैंक के प्रबंध निदेशक वीके मिश्रा को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कोऑपरेटिव बैंक को प्रदत्त ँ15700 रू 2018 सेवोत्तम लाइसेंस प्रदान किया गया।इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भारतीय मानक ब्यूरो ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड द्वारा उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक को ँ15700 रू 2018 सेवोत्तम लाइसेंस प्रदान किया गया है। बैंक अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक भारत का पहला ऐसा बैंक है जिसको सेवोत्तम प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। सेवोत्तम लाइसेंस प्राप्त होने से उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक एक ब्रांड बना जिससे बैंक



की साख बढेगी।सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज एक नयी व्यवस्था की शुरूआत की गयी है। जिला सहकारी बैंकों पर बेहतर तरीके से नियंत्रण रखने एवं उनकी समस्याओं को दूर करने के लिये डीसीबी कैडर अथॉरिटी कार्यालय तथा डाटा सेंटर का शुभारम्भ किया गया, जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। पैक्स, जिला सहकारी बैंक एवं उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक एवं अन्य सहकारी संस्थाओं का डाटा सेंटर बैंक के पंचम तल पर स्थापित होने से डाटा एवं सूचनाएं एक स्थान से ही अब प्राप्त की जा सकेंगी। कोआपरेटिव बैंक सन् 1944 से लोगों को सेवायें दे रही है। आज इनकी शाखाये 27 से बढ़कर 40 हो गयी है तथा बैंक बेहतर तरीके से काम कर रही है। इसकी सभी शाखायें लाभ की स्थिति में है।श्री राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा है कि बैंकिंग सेवाओं को गांव के अन्तिम व्यक्ति तक पहुचाया जाये। इसके लिये जिला सहकारी बैकों का विस्तार करते हुये इसी सत्र मे 243 नयी शाखायें खोली जायेंगी, जिसकी प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बैकों में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिये सारी व्यवस्थायें सुविधाये आनलाइन की जा रही है। शुचितापूर्ण तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि बैकों में भ्रष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।सहकारिता मंत्री ने कहा कि जब से सहकारिता मंत्रालय बना है तभी से केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह सहकारिता को नया आयाम देने में लगे है। सहकारिता को बढ़ावा देने के लिये पैक्स को मजबूत बनाया जा रहा है तथा इसके कार्यों में विस्तार किया जा रहा है जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। यूपी कोऑपरेटिव बैंक के कार्मिकों की जवाबदेही, कार्य एवं समय की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए बैंक में एप्लीकेशन अटेंडेंस ट्रैकिंग सिस्टम स्थापित किया गया है, इसके साथ ही एईपीएस के शुभारंभ करने से भी ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी। सहकारिता मंत्री द्वारा बैंक परिसर में पौधारोपण किया गया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष तेजवीर सिहं ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक का विगत 5 वर्षों में कुल व्यवसाय 12000 करोड़ रूपये से बढ़कर लगभग 22000 करोड़ रूपये हो गया है। बैंक लगातार पांच वर्षों में अपना एनपीए कम करने में सफल रहा है। विगत 2 वर्षों में बैंक में संरचनात्मक विकासात्मक सुधार हुए हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव सहकारिता बीएल मीणा द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओ को पैक्स स्तर तक क्रियान्वित करने के निर्देश दिए तथा अवगत कराया की उत्तर प्रदेश, देश का पहला राज्य है जहां पैक्स कंप्यूटराइजेशन प्रक्रिया को प्रारंभ किया जा चुका है।इस अवसर पर बैंक के उपसभापति जितेंद्र बहादुर सिंह, विशेष सचिव सहकारिता अच्छे लाल यादव, बैंक के प्रबंध निदेशक वीके मिश्र, विभाग के अन्य संस्थाओं के प्रबन्ध निदेशक एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत पर्यटन स्थलों को किया जायेगा विकसित

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के नीति निर्धारण के तहत उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक से अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन करके पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायेगा। सहभागिता आधारित इस योजना के तहत न्यूनतम 25 लाख तथा अधिकतम 5 करोड़ तक के प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। चयनित पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया पर्यटन विकास हेतु प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को इकाई मानकर एक या उससे अधिक पर्यटन स्थलों की महत्ता एवं आर्थिक उपादेयता के आधार पर स्थलों का चयन संबंधित प्रस्तावक द्वारा किया जायेगा। जिस पर्यटन स्थल का विकास और धार्मिक, सांस्कृतिक, नैसर्गिक, पौराणिक या ऐतिहासिक अथवा पर्यटन के दृष्टिकोण से सार्वजनिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण होना चाहिए। चयनित पर्यटन स्थल का आंकलन जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग के सूचीबद्ध आर्किटेक्स से तैयार कराकर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की संस्तुति सहित महानिदेशक पर्यटन को भेजना होगा। महानिदेशक पर्यटन के स्तर से उक्त प्रस्ताव प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत के लिए पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश शासन को प्रेषित किया जायेगा। पर्यटन स्थलों के सतत विकास के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन विकास हेतु एक विशिष्ट क्षेत्र का विकास करने एवं उसे उच्च स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सहभागिता आधारित 50 प्रतिशत प्रतिशत की सहभागिता पर मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना तैयार की गई है।

## खबरें एक नजर में

### ईपीएस-95 पेंशनरों ने दी ईपीएफओ ऑफिस घेराव की चेतावनी

लखनऊ। हायर पेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन में आ रहीं अनेक समस्याओ को दूर करने के लिए राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने ईपीएफ्ओ अधिकारियों से कई बार मिलकर सुझाव दिए परन्तु कोई सुधार न करने के कारण बहुत लोग आवेदन नहीं कर पाए। समिति का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह राजावत के नेतृत्व में दिल्ली में केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त नीलम शमी राव अतिरिक्त आयुक्त पेंशन अनिमेष मिश्रा व अतिरिक्त आयुक्त मुख्यालय के एल तनेजा से मिला और नाम में अन्तर, विधवा विधुर को लाभ देने, बन्दप्रतिष्ठानों के पेंशनरों के लिए कोई व्यवस्था न होना, बुक एडजस्टमेंट होना, विलंब के ब्याज आदि समस्याओ को तत्काल हल करने की मांग की। ऑनलाइन आवेदन से बहुत पेंशनर वंचित रह जाएंगे इसलिए अंतिम तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय सचिव रमेश बहुगुणा व दिल्ली महिला मोर्चा की आशा कांबले भी शामिल थी। समिति ने ईपीएफ्ओ की मनमानी के विरुद्ध आन्दोलन का नोटिस भी दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के एस तिवारी और मुख्य समन्वयक राजीव भटनागर ने बताया कि ईपीएफ्ओ द्वारा यदि पेंशनरों की समस्याओ का तत्काल निराकरण और न्यूनतम बढ़ाने व मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग को पूरा नही किया गया तो देशभर में ईपीएफ्ओ कार्यालयों का घेराव किया जायेगा।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक अब केयर हेल्थ इंश्योरेंस की कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ इंश्योरेंस सुविधा एयरटेल थैंक्स ऐप पर प्रदान करेगा

लखनऊ। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों को आसानी से हेल्थ इंश्योरेंस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केयर हेल्थ इंश्योरेंस के साथ कॉरपोरेट एजेंसी एग्रीमेंट किया है। इस समझौते के अंतर्गत, एयरटेल पेमेंट्स बैंक अपने ग्राहकों को एयरटेल थैंक्स ऐप के बैंकिंग सेक्शन के माध्यम से केयर हेल्थ इंश्योरेंस के कॉम्प्रिहेंसिव इंश्योरेंस स्कीम ५ग्रुप केयर 360ए५ के साथ अन्य प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध कराएगा। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को ५ग्रुप केयर 360ए५ के माध्यम से अपने पूरे परिवार के लिए संपूर्ण बीमा कवरेज प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त होगी। ग्राहकों के पास बीमा राशि के लिए ?50,000 से शुरू होकर ?500,000 तक के विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें पहले से मौजूद बीमारियों और डे केयर ट्रीटमेंट के लिए कवरेज सहित कई अन्य लाभ भी शामिल हैं। यह स्वास्थ्य बीमा भविष्य में किसी भी अप्रत्याशित या आपात चिकित्सा स्थिति में पॉलिसीधारक को आर्थिक रूप से करेगा।

### भाजपा सरकार की जनविरोधी एवं साम्प्रदायिक नीतियों के खिलाफ वामपंथी-जनवादी दलों का राज्य स्तरीय कन्वेंशन

लखनऊ। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक और लोकतांत्रिक जनता दल द्वारा भाजपा सरकार की जनविरोधी एवं साम्प्रदायिक नीतियों के खिलाफ राज्य स्तरीय कन्वेंशन का आयोजन लखनऊ के दारूलशफा कामनहाल में मंगलवार 27 जून को किया गया है। यह कन्वेंशन दिन में 12 बजे आरम्भ होगा।

### व्यापारियों के लिए लाई जाए शमन योजना: संदीप बंसल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आवास आयुक्त रणवीर प्रसाद से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में मिला लखनऊ के इंदिरा नगर क्षेत्र में व्यापारियों को दी जा रही। नोटिस और की जा रही सीलिंग की कार्यवाही पर अपना पक्ष रखते हुए व्यापारियों के लिए शमन योजना जो 2020 तक लागू थी को पुन: चालू करने का आग्रह किया। संदीप बंसल ने कहा कि हजारों परिवार इंदिरा नगर क्षेत्र की दुकानों के जरिए अपना भरण पोषण कर रहे हैं। ऐसे में आवास आयुक्त और आवास विकास परिषद को व्यापारी के पक्ष को भी गंभीरता से लेते हुए न्यायालय के समक्ष रखना चाहिए। उन्होंने आयुक्त को ज्ञापन देते हुए व्यापारियों के पक्ष को सरकार तक पहुंचाने को भी कहा। वरिष्ठ आईएएस एवं आवास आयुक्त रणवीर प्रसाद ने व्यापारियों की बात को सुना और उनसे मा न्यायालय में अपना पक्ष रखने को कहा है। आवास आयुक्त से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री सुरेश छाबलानी, उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष राम मोहन अग्रवाल, ट्रांस गोमती अध्यक्ष संजय सोनकर, राजीव अरोड़ा, असीम चंद्रा, राजेंद्र अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

### आज पुरानी पेंशन को लेकर सरकार को घेरेंगे कर्मचारी

लखनऊ। पुरानी पेंशन को लेकर केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी तेज हो गई है। 27 जून को रेलवे और राज्य कर्मचारी करीब एक लाख की संख्या में रेलवे स्टेडियम में एकत्र होंगे। सोमवार को प्रेस वार्ता के दौरान यह जानकारी राज्य और रेलवे कर्मचारियों ने दी। धरने में राज्य और रेलवे के अलावा पोस्टल, आयकर, आकाशवाणी, दूरदर्शन और राज्य स्तर के कर्मचारी,शिक्षक एवं अन्य स्थानीय निकायों के कर्मचारी शामिल होंगे। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के राष्ट्रीय संयोजक कामरेड शिव गोपाल मिश्र ने कहा कि 1 जनवरी, 2004 के बाद सरकारी सेवा में आये कर्मचारियों के लिए एनपीएस एक छलावा साबित हुई है और जो भी कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके साथ भारी अन्याय किया जा रहा है। कामरेड मिश्र ने कहा कि सरकारी कर्मचारी 30 से 40 साल की सेवा देकर स्वयं व आश्रितों को पेंशन के सहारे सामाजिक सुरक्षा का अधिकारी बनता था। उन्होंने वर्तमान सरकारें आर्थिक बोझ के नाम पर इससे बचना चाहती हैं। बताया कि पूरे प्रदेश 35 जिलों में रथ-यात्रा निकाली जा चुकी है।

## महिला सुरक्षा पर चर्चा ने स्वायत्त रक्षा और साइबर सुरक्षा पर जागरूकता बढ़ाई


**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

लखनऊ। महिला सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कैलाश हॉल में एक ज्ञानवर्धक चर्चा आयोजित की गई। आयोजन महिलाओं को जागरूकता बढ़ाने और उन्हें विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षित करने के लिए ज्ञान और संसाधनों से सशक्त करने का उद्देश्य से आयोजित किया गया। चर्चा में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनीषा सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त नेहा त्रिपाठी श्रेष्ठ वक्ता के रूप में शामिल थीं। इस आयोजन में कैलाश गर्ल्स हॉस्टल की प्रोवोस्ट प्रोफेसर बबिता जयस्वाल, असिस्टेंट प्रोवोस्ट प्रोफेसर रोली वर्मा और हसनगंज पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल भी उपस्थित थे। चर्चा को एमए सेकंड सेमेस्टर की छात्रा हश्मिता अरोड़ा ने कुशलतापूर्वक एंकर किया। चर्चा के दौरान नेहा त्रिपाठी ने महिलाओं को स्वायत्त रक्षा के उपायों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं को समस्या के तत्काल समाधान के लिए व्हाट्सएप समूह बनाने की प्रोत्साहना दी और बताया कि 1090 हेल्पलाइन केवल महिलाओं के लिए है, जो उनकी पहचान को गुप्त रखता है। एडीसीपी मनीषा सिंह ने महिलाओं को साइबर अपराधों और ष्डिजिटल फुटप्रिंटष् के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग करते समय अत्यंत सतर्क रहने की चेतावनी दी। साइबर अपराधों की रेट के बढ़ने की बात की। चर्चा में अपने अधिकारों को जानने की महत्वता पर भी ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें ष्अपने अधिकारों को जानोष् का महत्व बताया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने चर्चा और वक्ताओं के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा की इस तरह की पहलों की महत्वपूर्णता को स्वीकार किया। प्रोफेसर टंडन ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें विभिन्न चुनौतियों से निपटने और सशक्त और समर्थ व्यक्ति के रूप में सामर्थ्यपूर्ण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। महिला सुरक्षा चर्चा ने महिलाओं की सुरक्षा सम्बंधित चिंताओं को संज्ञान में लेकर एक यादगार कार्यक्रम के रूप में कार्य किया। ज्ञान, संसाधन और समर्थन नेटवर्क से महिलाओं को सशक्त करके, यह पहल महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षित माहौल की सृजना में योगदान करने का उद्देश्य रखती है।

## आरएसएस प्रमुख भागवत का यूपी दौरा

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की मौजूदा सियासी स्थिति को देखते हुए भविष्य की रणनीति की रूपरेखा तैयार करने के लिए बीजेपी और संघ नेताओं के बीच लगातार मंथन जारी है। लखनऊ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सहकार्यवाहक दत्तात्रेय होश बोले 5 दिन के यूपी प्रवास पर है इसके बाद आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का भी 5 दिनों का उत्तर प्रदेश का प्रवास है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत उत्तर प्रदेश 1 जुलाई से 5 जुलाई तक प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान संघ प्रमुख लखनऊ के साथ ही अयोध्या भी जाएंगे और अयोध्या में भी प्रचारकों के साथ बैठक की जाएगी इसके अलावा आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत रामलला के दर्शन भी करेंगे। संघ में बैठकों का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश में हो रही ये बैठक काफी अहम मानी जा रही है। जिस



बैठक में आर एस एस के प्रमुख मोहन भागवत शामिल होंगे। संघ के पूर्वी यूपी (अवध, काशी, कानपुर बुंदेलखंड और गोरक्ष-गोरखपुर) इस बैठक में संघ से जुड़े प्रदेश के प्रांतीय प्रचारक और क्षेत्रीय प्रचारक शामिल होंगे। इस बैठक के जरिए प्रदेश की सियासी हालात पर फीडबैक ली जाएगी। और पूर्वी यूपी के प्रांतों की बैठक में स्वयंसेवकों को मंत्र देंगे। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का चुनावी वर्ष से पहले यूपी दौरा काफी अहम माना जा रहा है। माना जा रहा है कि वह बीजेपी के वरिष्ठ नेता से मुलाकात भी कर सकते हैं। और 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी की जा सकती। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में अपने शताब्दी वर्ष तक पिछड़ों और दलितों को संघ से जोड़ने के लिए विशेष अभियान शुरू करेगा। इस अभियान के जरिए संघ दलितों और पिछड़ों से जुड़ेगा और उनकी समस्याओं को लेकर मुखर होगा। समाज के विभिन्न वर्गों में अपनी पैठ बढ़ाने का भी काम करेगा। मोहन भागवत का लखनऊ का दौरा कई मायनों में बड़ा ही अहम माना जा रहा है क्योंकि इस बैठक में अपेक्षित केंद्रों तक अपने विशेष कार्यकर्ताओं जिम्मेदारी भी सौंपी जाएगी जो शताब्दी वर्ष के अंतिम 2 वर्षों में संगठन के लिए काम करेंगे। यह कार्यकर्ता यह कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से होंगे। संगठन इस समय पूरे देश में स्थानों पर मंडल स्तर पर शाखाएं संचालित करता है इस क्षमता को बढ़ाकर दोगुना करने की तैयारी भी की जा रही है।

## जिलाधिकारी द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए समझौते को लेकर की बैठक

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए समझौते को लेकर बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए। सभी अधिकारी अपने अपने विभागो में एक एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करना सुनिश्चित कर, नियुक्त किए गए। नोडल अधिकारी उधमियों जिनके द्वारा प्रस्ताव दिए गए है। उनसे संपर्क करके निरंतर फॉलो अप करते हुए उधामियों का सहयोग करेगे। सभी विभाग कोशिश करे की अधिक से अधिक समझौते आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए रेडी कराए। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया सभी विभागो की निरंतर समीक्षा की जाएगी। प्रत्येक सप्ताह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की जाएगी। यदि किसी भी विभाग द्वारा अपने कार्यों में लापरवाही बरती जाएगी। तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए की प्रस्ताव करने वाले उधमियों से संपर्क करे, यदि उनको अन्य विभागो से अनापत्ति चाहिए है तो उसको सुगमता पूर्वक उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराए। उक्त बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डी सी डीआईसी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,जिला कृषि अधिकारी, औषधि निरीक्षक सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम्य विकास विभाग का 12.59 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य को समय से पूरा किया जाये: केशव

- पौधों को लगाने से कहीं ज्यादा आवश्यक है उन्हें बचाना
- पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार और समाज दोनों जिम्मेदार

**लखनऊ** । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वृक्षों को लगाना बहुत जरूरी है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी उन्हें बचाना है । श्री मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस वर्ष ग्राम्य विकास विभाग के 12.59 करोड़ पौधों के रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जायेगा इसकी कार्ययोजना तैयार करते हुए निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित तिथि तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि रोपित पौधों की जीवन्तता सुनिश्चित करने हेतु रोपण के पश्चात आगामी 2वर्षों अथवा पौधों के वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रखरखाव किया जाए।श्री मौर्य ने कहा है कि हमें अपने बच्चों की तरह वृक्षों और पौधों की परवरिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा ,तभी हम अपनी पीढ़ी को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के दृष्टिकोण से ही अमृत सरवरों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए की परमार्थ का भाव रखते हुए वृक्षारोपण करें और पौधों को बचाएं। उन्होंने वृक्षों की महत्ता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं, इनसे हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है, पर्यावरण संरक्षित रहता है। स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री जी ने जो संदेश दिया था, उसके परिणाम सार्थक और सकारात्मक परिणाम निखर कर आए हैं लेकिन अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है। हम सब लोग वातावरण को स्वच्छ रखने तथा वृक्षों को संरक्षित रखने की संगठित रूप से प्रयास करें, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे। उन्होने लोगों से अपील की है कि हम अपने मित्रों व आसपास के लोगो को पर्यावरण सुरक्षा हेतु प्रेरित करें व अधिक से अधिक पौधे लगाएं।श्री मौर्य ने आम जनमानस का आह्वान किया है कि सभी लोग पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन में अपना योगदान दें तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।

### लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं का पारदर्शी स्थानांतरण

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुपालन में लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर विभाग के कार्यों में पारदर्शी व्यवस्था है। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर विभाग के इतिहास में पहली बार अभियंताओं का स्थानांतरण मेरिट आधारित काउंसलिंग व्यवस्था से किए जाने का निर्णय लिया गया है। मेरिट आधारित काउंसलिंग व्यवस्था के तहत अभियंताओं के द्वारा मांगे गए ऐच्छिक विकल्प के आधार पर उनका स्थानांतरण किया जाएगा। आज लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित विश्वेशरैया सभागार में मेरिट आधार काउंसलिंग व्यवस्था के अन्तर्गत 136 सहायक अभियंताओं सिविल का उनके द्वारा मांगे गये विकल्प पर स्थानांतरण किया गया, जिसमें ऐसे सहायक अभियंता जिनकी सेवानिवृत्ति अवधि 02 वर्ष से कम है को बुलाया गया।

## भारत को विकसित देश बनाना चाहते हैं मोदी: कौशल

**कौशल किशोर ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां, विपक्ष पर बोला हमला**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे होने पर सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पर भाजपा के महासंपर्क अभियान के तहत सरोजनीनगर में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस सम्मेलन में मुख्य रूप से भाजपा अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा , केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोरउपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने सम्मेलन में उपस्थित प्रबुद्ध वर्ग से सीधे संवाद स्थापित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा ,प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश के हर वर्ग और हर समाज को सशक्त किया जा रहा है। पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। कौशल किशोर ने कहा आज जब 22 करोड़ आबादी वाले पड़ोसी देश पाकिस्तान में एक बोरी आटे के लिए मारामारी हो रही है तो वहीं 140 करोड़ आबादी वाले अपने भारत देश में मोदी जी 80 करोड़ जनता को मुफ्त राशन दे रहे हैं। कौशल किशोर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, सौभाग्य योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप योजना समेत तमाम योजनाओं को गिनाया।केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कांग्रेस, सपा, आम आदमी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, जदयू समेत विपक्षी पार्टियों पर जमकर हमला बोला और कहा कि ये लोग जनता का भला नहीं चाहते और भारत को विश्वगुरु, विकसित और आत्मनिर्भर नही बनने देना



चाहते इसलिए मोदी को हटाने की बात करते हैं। आज पाकिस्तान, चीन, आतंकवादी सब मोदी को हटाना चाहते हैं और विपक्ष के लोग उनकी हां में हां मिला रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी देश को विकसित भारत बनाना चाहते हैं इसके लिए उन्होंने पूरे आगामी 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रखा है इसलिए सभी लोग विकसित भारत बनाने में मोदी का साथ दें।

प्रबुद्ध सम्मेलन में केंद्रीय राज्यमंत्री व मोहनलालगंज सांसद कौशल किशोर , अवध क्षेत्र भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ,जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, विधायक अमरेश कुमार रावत विधायक जय देवी कौशल , के एन सिंह पूर्व जियोलॉजिस्ट, सांसद प्रतिनिधि एवं कार्यक्रम संयोजक प्रवीण अवस्थी, केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के मीडिया प्रभारी फतेहपुर निवासी दिनेश सिंह , युवा मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष धीरू पांडे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष के के अवस्थी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, रिशु पांडे, प्रवीन तिवारी बाबा रोशन मिश्रा, समाजसेविका रीना त्रिपाठी समाजसेविका निहारिका सिंह व अन्य प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

### नगर को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से चला अभियान, मॉडल शॉप व हॉस्पिटल को जारी किए गए नोटिस

लखनऊ। शहर में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में सभी मुख्य मार्ग, फुटपाथ, सार्वजनिक स्थलों पर व्याप्त अतिक्रमण को वृहद स्तर पर अभियान चलाकर हटाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही अभियान से पूर्व अतिक्रमण कर्ताओं को सूचित भी किया जा रहा है।अभियान के तहत आज जिस-जिस जोन में कार्यवाही की गई। जोन(1) के क्षेत्रान्तर्गत 1090 चौराहा से बहुखण्डी मंत्री आवास से बालू अड्डा होते हुए बटलर पैलेस कालोनी तक एवं बापू भवन से केकेसी होते हुए रविन्द्रालय तक किये गये। अवैध अस्थाई कब्जे को हटाये जाने हेतु अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 2 ठेला 1 काउन्टर, 4 मेज सहित 1 ट्रक सामान जब्त किया गया तथा 10 चार पहिया व 23 दो पहिया वाहनों को रोड से हटाया गया। उक्त अभियान जोनल अधिकारी दिव्यांशु पाण्डेय के नेतृत्व में चलाया गया। जिसमें कर अधीक्षक बनारसी दास, ओम प्रकाश सिंह, राजस्व निरीक्षक राजा भैय्या, धनवीर सिंह प्रवर्तन दल सहित प्रर्वतन विभाग की टीम उपस्थित रही । साथ जोन(5) के कर अधीक्षक सुदेश यादव एवं जोन के सदस्य के साथ आलमबाग, कनौसी, पारा तालकटोरा रोड में मॉडलशॉप, हास्पिटल के लाइसेन्स की चेकिगं एवं नोटिस जारी किया गया।

# योगी का रोजाना 50 हजार नल कनेक्शन देने का फरमान

**▸ हर घर नल-हर घर जल का संकल्प , जल जीवन मिशन का सपना हो रहा साकार: मुख्यमंत्री**

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी विकास के पथ पर सरपट दौड़ रहा है । विकास की नई तस्वीर नजर आ रही है। जल जीवन मिशन और नमामि गंगे परियोजना की उच्चस्तरीय बैठक में प्रगति की सीएम योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा की।

बैठक में सीएम योगी ने निर्देश देते हुए कहा कि हर घर तक नल से जल पहुंचाने के प्रयासों में तेजी लाएं।सीएम ने कहा कि श्हर घर नल-हर घर जल के संकल्प के साथ प्रदेश के 2.65 करोड़ ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का महाभियान चल रहा है।जल जीवन मिशन अभियान की शुरुआत के साथ पहले ही 5.16 लाख परिवारों को ही नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध था। आज 1 करोड़ 30 लाख से अधिक परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल का सपना साकार हुआ है। 59.38 लाख कनेक्शन वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगाए गए हैं,बाकी घरों को भी पाइप्ड पेयजल की सुविधा मिले इसके लिए काम जारी है।जल जीवन मिशन पीएम मोदी कीप्राथमिकता में है।केंद्र सरकार द्वारा अभियान की समीक्षा की जा रही है।सर्वेक्षण में अचीवर श्रेणी के तीन जिले गौतमबुद्ध नगर, जालौन और शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश के हैं।परफॉर्मर श्रेणी में मैनपुरी और औरैया को शीर्ष दो स्थान मिले है। एस्पिरेन्ट्स श्रेणी में आजमगढ़ शीर्ष पर है।ऐसे प्रयास सभी जिलों में होने चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि अप्रैल 2022 में प्रदेश में 22,714 नल कनेक्शन हर महीने लगाए जा रहे थे ,जो आज 12.96 लाख कनेक्शन हर महीने तक पहुंच गए हैं। 43 हजार नल कनेक्शन हर दिन लग रहे हैं,इसे बढ़ाकर हर दिन 50 हजार तक किया जाना है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को साफ पानी पीने के लिए मिल



सके।जल जीवन मिशन जैसे आम आदमी के जीवन को सरल बनाने वाली राष्ट्रीय योजनाओं की सफलता उत्तर प्रदेश के प्रदर्शन पर निर्भर करती है। जल जीवन मिशन के लिए धन की कोई कमी नहीं है जरुरत के हिसाब से हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती की जाए। बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल सपना था जो आज साकार हो रहा है। यह दोनों क्षेत्र हमारी पहली प्राथमिकता में है। महोबा प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन रहा है, जहां हर घर नल से जल की सुविधा होगी।झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में आगामी दो महीने में हर घर नल से जल का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।प्रदेश के 98,445 गांवों में 91,919 गांवों में काम जारी है। गांवों में समय सीमा के भीतर काम पूरा कराया जाएगा। 6800 गांवों के लिए डीपीआर तैयार है, उनकी एसएलएसएससी की स्वीकृति की प्रक्रिया हर हाल में पूरी कर ली जाए। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के लिए प्रोत्साहित किया जाए। ये देश के लिए जल संचय का अच्छा मॉडल बन सकता है।बुंदेलखंड में जलापूर्ति में जलाशयों की बड़ी भूमिका है। इनमें सिल्ट की समस्या है। सिंचाई व जल संसाधन विभाग द्वारा जलाशयों को डी-सिल्ट की कार्यवाही की जाए।जल जीवन मिशन से 100 फीसदी संतृप्त गांवों का पारदर्शिता के साथ सत्यापन होना चाहिए। एक भी उपभोक्ता असंतुष्ट है तो उनकी अपेक्षाओं को पूरा किया जाए। स्थलीय निरीक्षण की व्यवस्था को और मजबूत करना होगा।जलापूर्ति के साथ जल की अच्छी गुणवत्ता सबसे महत्वपूर्ण है।आर्सेनिक, फ्लोराइड, खारापन, नाइट्रेट, आयरन के कारण गुणवत्ता प्रभावित जल वाले क्षेत्रों के सुधार के लिए जल जीवन मिशन के तहत विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। अविरल-निर्मल माँ गंगा के संकल्प के साथ गंगा और सहायक नदियों की स्वच्छता के लिए मिशन मोड में जारी नमामि गंगे परियोजना के अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं। प्रदेश में गंगा नदी के प्रवाह के 1027 किलोमीटर में 27 गंगा जनपद और 37 गंगा टॉउन हैं।पहले में भी कन्नौज से वाराणसी तक 550 किमी का एक प्रदूषित खंड था जो गुणवत्ता में प्रॅायोरिटी 4 में आता था। प्रदूषित खंड की जल गुणवत्ता में सुधार होने के कारण नवम्बर 2022 से प्रॅायोरिटी 5 में आ गया है। अब फर्रुखाबाद से प्रयागराज और मीरजापुर से गाजीपुर खंड पर विशेष ध्यान देना होगा। वाराणसी में यूपी जल निगम नगरीय द्वारा अंडर यूटिलाइज्ड 120 एमएलडी गोइठा एसटीपी की उपयोग क्षमता में वृद्धि की जाए। अस्सी नाला ओवरफ्लो को टैप करने के लिए स्वीकृत 55 एमएलडी क्षमता के एसटीपी योजना को पूरा कराया जाए।सीएम ने बैठक में कहा कि उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा टैनरी एवं अन्य औद्योगिक उत्प्रवाह के संबंध में सघन अनुश्रवण करते हुए उत्सर्जित उत्प्रवाह के मानक का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। सभी एसटीपी को क्रियाशील रखें। नॉन कंप्लाएन्ट और अक्रियाशील एसटीपी को तत्काल चालू कराया जाए।नदियों की स्वच्छता बिना जनसहयोग से संभव नहीं है।लोगों को इसके लिए जागरूक किया जाए। शव को नदियों में प्रवाहित करने के स्थान पर भू-समाधि देने के लिए प्रेरित किया जाए।

## यूपीपीसीएल के चेयरमैन ने शिवपुरी उपकेंद्र का देखा हाल

लखनऊ । बिजली कटौती को लेकर अधिकारियों की परेशानी बढ़ने लगी है। सोमवार को यूपीपीसीएल के चेयरमैन एम. देवराज ने चिनहट स्थित शिवपुरी उपकेंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा, सभी फीडर पर कुछ उपभोक्ताओं के नंबर होने चाहिए। जिनसे समय-समय पर बिजली को लेकर फीडबैक लेना होगा। इसके अलावा उनको यह भी बताना होगा कि अगर बिजली कटी है तो कितने देर में आएगी। चेयरमैन ने अधिकारियों से इलाके के बकाएदारों की जानकारी ली तो उनके पास कोई डेटा नहीं था। इसको लेकर उनको फटकार भी लगाई गई। निर्देश दिया कि पिछले कुछ दिनों में बकाए पर जिन 1500 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए हैं। उनकी 3 दिन में जांच करके पता लगाया जाए कि आखिर बकाया न जमा करने के बाद भी बिजली का उपयोग कैसे कर रहे हैं।

# आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को बसपा नहीं लड़ाएगी चुनाव

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

देश के सबसे बड़े सियासी सूबे उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सभी राजनीतिक दल चुनाव की तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश की तीनों प्रमुख पार्टियां सपा, बसपा और भाजपा संगठन को जमीन पर सक्रिय कर चुकी हैं। कभी प्रदेश की नंबर वन पार्टी रही बहुजन समाज पार्टी के सामने आज अपना वजूद बचाने का संकट है। इसी बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए एक और बड़ा निर्णय लिया है, जिसकी आजकल खूब चर्चा हो रही है। उन्होंने साफ कर दिया है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी किसी दागी उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारेगी। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने चुनावी प्रदर्शन को सुधारने के लिए पिछले चुनावों में कई एक्सपेरीमेंट किए, लेकिन किसी ने अपेक्षित नतीजा नहीं दिया। हालांकि, 2014 में शून्य पर सिमटने वाली बसपा 2019 में सपा गठबंधन के बदौलत 10 सीटें लोकसभा की जीतने में जरूर कामयाब रहीं। लेकिन पहले विधानसभा चुनाव और फिर निकाय चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन ने



स्पष्ट कर दिया कि उनके वोटर्स धीरे-धीरे उनसे विमुख होते जा रहे हैं। मायावती ने लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए एक और बड़ा निर्णय लिया है, जिसकी आजकल खूब चर्चा हो रही है। मायावती ने अबकी बार साफ कर दिया है कि लोकसभा चुनाव में पार्टी किसी दागी उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारेगी। उन्होंने बसपा कोऑर्डिनेटरों को अच्छे उम्मीदवारों की तलाश करने को कह दिया है। बीएसपी सुप्रीमो का ये दांव चर्चाओं में इसलिए है क्योंकि भले ही गुंडों और बाहुबलियों की पार्टी का ठप्पा सपा पर लगा हो लेकिन मायावती ने भी ऐसे लोगों को दिल खोलकर टिकट दिया है। चाहे वो जेल में बंद माफिया डॉन मुख्तार अंसारी, उसके भाई अफजाल अंसारी हों या पूर्वांचल के एक अन्य बाहुबली नेता एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह हो। पिछले चुनावों की बता करें तो मायावती की पार्टी ने ऐसे बाहुबलियों और उनके रिश्तेदारों को जमकर टिकट बांटे हैं। ऐसे में मायावती के इस दांव को सियासी जानकार इमेज मेकओवर से जोड़ कर देख रहे हैं। ऐसे समय में जब चुनावी राजनीति में आपराधिक चरित्र के लोगों का बोलबाला बढ़ता जा रहा है, इस हमाम में देश की तमाम पार्टियां नंगी हैं। पूर्व सीएम मायावती अपनी पार्टी बीएसपी को जनता के बीच अन्य पार्टियों से अलग सोच रखने वाली पार्टी के तौर पर पेश करना चाह रही हैं। बीएसपी का इन दिनों गांव चलो अभियान चल रहा है, जिसके तहत विशेषकर युवाओं और महिलाओं को पार्टी से जोड़ने की कवायद की जा रही है। दागी पृष्ठभूमि के लोगों से दूरी दिखाकर बसपा युवाओं और महिलाओं के बीच एक सकारात्मक संदेश देना चाहती हैं। यूपी में लॉ एंड ऑर्डर का मुद्दा हमेशा से बड़ा मुद्दा रहा है, जो फिलहाल बीजेपी के विजयी रथ की सारथी बनी हुई है। मायावती का अगर ये दांव कामयाब रहता है तो वो अगले विधानसभा चुनाव में भी जनता के बीच इस बात को भूना सकती हैं और बीजेपी के सामने एक मजबूत विकल्प के तौर पर खुद को पेश कर सकती हैं। अभी तक बहुजन समाज पार्टी ने किसी गठबंधन को लेकर रूचि नहीं दिखाई है। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। मायावती ने बसपा के कोऑर्डिनेटरों को स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवारों की तलाश अभी से करने को कह दिया है। अब की बार लोकसभा चुनाव में ऐसे उम्मीदवारों को टिकट दिया जाएगा, जो शिक्षित होने के साथ बेदाग हो और सामाजिक समीकरण में फिट बैठता हो।बहुजन समाज पार्टी ने साल 2019 का लोकसभा चुनाव सपा और रालोद के साथ गठबंधन कर लड़ा था। यह गठबंधन बुरी तरह विफल रहा। बीएसपी को 10, सपा को पांच और रालोद को एक भी सीट नहीं मिली। यूपी में कुल लोकसभा की 80 सीटें हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स यानी एडीआर के रिपोर्ट के मुताबिक, 80 में से 44 सांसद दागी प्रवृति के हैं। इनमें सबसे अधिक 35 सांसद बीजेपी के हैं, जिन पर आपराधिक मामले चल दर्ज हैं। इसके बाद बसपा का नंबर आता है, जिसके 10 में से पांच सांसद दागी हैं। वहीं समाजवादी पार्टी के दो सांसदों पर आपराधिक केस चल रहा है।

# हर विधानसभा क्षेत्र के एक या अधिक पर्यटन स्थलों का होगा विकास: जयवीर

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

**▸ मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना रू 5 करोड़ तक के प्रस्ताव पर होगा विचार**

मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के नीति निर्धारण के तहत यूपी के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक अथवा एक से अधिक सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन करके पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जायेगा। सहभागिता आधारित इस योजना के तहत न्यूनतम 25 लाख तथा अधिकतम 05 करोड़ तक के प्रस्ताव पर विचार किया जायेगा। चयनित पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराई जायेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि पर्यटन विकास हेतु प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को इकाई मानकर एक या उससे अधिक पर्यटन स्थलों की महत्ता एवं आर्थिक उपादेयता के आधार पर स्थलों का चयन संबंधित प्रस्तावक द्वारा किया जायेगा। जिस पर्यटन स्थल का विकास किया जायेगा, वह धार्मिक, सांस्कृतिक, नैसर्गिक, पौराणिक या ऐतिहासिक अथवा पर्यटन के दृष्टिकोण से सार्वजनिक उपयोग के लिए महत्वपूर्ण होना चाहिए। चयनित पर्यटन स्थल का आगणन जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग के सूचीबद्ध आर्किटेक्स से तैयार कराकर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की संस्तुति सहित महानिदेशक पर्यटन को भेजना होगा। महानिदेशक पर्यटन के स्तर से प्रस्ताव प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत के लिए पर्यटन विभाग को प्रेषित किया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया, यूपी विपुल पर्यटन संभावनाओं का प्रदेश है। यहां पर स्थित विश्व प्रसिद्ध स्मारकों, पौराणिक महत्व के तीर्थस्थलों, प्राकृतिक संपदायें तथा हस्तशिल्प पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। प्रत्येक जनपद में महत्वपूर्ण धार्मिक अध्यात्मिक, पौराणिक, प्राचीन, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थल मौजूद हैं। इन विविध आकर्षणों को विश्व के नक्शे पर अंकित करने एवं पर्यटन स्थलों के सतत विकास के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पर्यटन विकास हेतु एक विशिष्ट क्षेत्र का विकास करने एवं उसे उच्च स्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सहभागिता आधारित 50-50 प्रतिशत की सहभागिता पर मुख्यमंत्री पर्यटन सहभागिता योजना तैयार की गई है।

## खबरें एक नजर में

### सांसद हरद्वार दुबे के निधन पर सीएम योगी दुखी

लखनऊ । उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद हरद्वार दुबे का निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। सीएम योगी ने ट्वीट कर कहा कि राज्यसभा सांसद व उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हरद्वार दुबे का निधन अत्यंत दु:खद है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्रीराम दिवंगत पुण्यात्मा को श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहने की शक्ति दें। ऊं शांति! हरद्वार दुबे संघ के पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। वे भारतीय जनता पार्टी से दो बार विधायक चुने गए थे। श्री दुबे कल्याण सिंह शासन में वित्त राज्यमंत्री रह चुके हैं।2020 में वे उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद चुने गए थे। इसके अलावा हरद्वार दुबे भारतीय जनता पार्टी संगठन में भी कई पदों पर रह चुके थे।

### पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र को इस साल के अंत तक मिलेगी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

लखनऊ । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को अगले साल के अंत तक अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम की सौगात मिल सकती है। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस यह उत्तर प्रदेश का यह पहला क्रिकेट स्टेडियम होगा जिसका संचालन बीसीसीआई (बोर्ड ऑफकंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया) करेगा। लांग टर्म लीज तहत वह हर साल इसके एवज में एक तय रकम भी सरकार को देगा। करीब 31 एकड़ के विस्तृत परिसर पर में बन रहे इस स्टेडियम के निर्माण में करीब 350 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसकी सिटिंग कैपिसिटी (बैठने की या दर्शक क्षमता) 30 हजार होगी। काशी का यह स्टेडियम पूर्वांचल ही नहीं सटे हुए बिहार, मध्य प्रदेश (एमपी), छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों के हुनर को निखारने का बेहतरीन केंद्र बनेगा। उल्लेखनीय है कि वाराणसी में वर्ल्ड क्लास क्रिकेट स्टेडियम का प्रस्ताव पहले से था। समस्या जमीन की थी। पूरी प्रक्रिया में सितंबर 2022 से तेजी आई। जमीन की खरीद के लिए 120 करोड़ रुपए का बजट कैबिनेट से मंजूर होने के बाद करीब 31 काश्तकारों से जमीन खरीदी गई। सरकार की ओर से जमीन उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) को सौंपीं जा चुकी है। इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में देश की सबसे नामचीन संस्थाओं में से एक लार्सन एंड टुब्रो (एलएनटी) को इसकी कार्यदायी संस्था बनाया गया है। डिजाइन को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डिजाइनध् नक्शे पर अंतिम निर्णय होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

### रोडवेज बस में छूट गया बैग

लखनऊ। रोडवेज बस में यात्री का बैग छूट गया। यात्री ने चिनहट पुलिस चौकी मे शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।अतरसवां तहसील घोसी जिला मऊ के निवासी राम नैन राय पुत्र स्वार्गीय राम तीरथ राय रोडवेज बस में सवार होकर लखनऊ आ रहे थे ताभि लखनऊ कामता बस अड्डा पर यात्री का बास छूट गया बैग मे रखा जमीन के कागजात कुछ कपड़े एवं 6100 रुपये थे कोतवाली में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर मद्यनिषेध विभाग ने किया विशेष कार्यक्रम

लखनऊ । प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल की अध्यक्षता में आज''मादक पदार्थों का दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस'' के अवसर पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जनजागरुकता हेतु मद्यनिषेध प्रदर्शनी, संगोष्ठी सहित विभिन्न प्रकार के शिक्षात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मद्यनिषेध मंत्री मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जनसामान्य को अवगत कराते हुए इनके सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति को समाज के लिए अत्यन्त ही चिन्ता का विषय बताया।



ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी व समाज कल्याण पर्यवेक्षक की प्रयोगात्मक परीक्षा के मद्देनजर चारबाग स्थित के0के0सी0 इंटर कालेज पहुंचे जिलाधिकारी

# नगर निगम की मेहरबानी से राजेन्द्र नगर जल संस्थान की भूमि पर अवैध निर्माण

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

**▸ वर्षों से अवैध कच्चे घरों में रहने वाले बनवा रहे हैं पक्के मकान-सड़क पर भी कब्जा**

एक तरफ लखनऊ विकास प्राधिकरण अवैध निर्माणों पर प्रशासन का बुलडोजर चला रहा है तो दूसरी तरफनगर निगम व स्थानीय पुलिस के संरक्षण में राजेन्द्र नगर वार्ड में अवैध कच्चे मकान व दुकान पक्के हो रहे है। ताजा मामला राजेन्द्र नगर वार्ड के पानी की टंकी के पास का है। जल संस्थान की पानी की टंकी की बाउन्ड्री के किनारे करीब पन्द्रह फुट की जमीन फुटपाथ के रूप मे है। जिस पर वर्षों से दो दर्जन से अधिक लोगों ने कब्जा करके अस्थायी कच्चें घर बना लिये थे। जिनमें भूसा, कबाड़ व मीट की दुकाने भी खोल दी गयी। जिसका सामने रहने वाले स्थानीय लोगों ने विरोध भी किया था। कुछ दिनों पूर्व आंधी में गिरे पेड़ से क्षतिग्रस्त मकान को ठीक कराने की आड़ में लोगों ने अपने कच्चे अवैध मकानों व दुकानों को स्लैब डालकर पक्का करा लिया है और कुछ लोग पक्का करा रहे है। इसी प्रकार नवयुग रेंडियंस स्कूल के पास बनी विधायक निवास की करीब एक सौ पचास मीटर लम्बी बाउन्ड्री वॉल के किनारे भी एक मंदिर की ओट लेकर करीब बीस कबाड़ियों के साथ अन्य दुकानदारों ने फुटपाथ के साथ सड़क तक भरपूर कब्जा कर रखा है। जिससे वहां से गुजरने वाली छात्राओं के साथ स्थानीय लोगों को खासी परेशानी होती है। साथ ही इन अवैध कब्जों की तादाद बढ़ती ही जा रही है। ये अवैध कब्जे वाले दोनों इलाके नाका थाना की राजेन्द्र नगर पुलिस चौकी व दुगावां पुलिस चौकी के अर्न्तगत आते है। परन्तु स्थानीय पुलिस और नगर निगम के कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त होने के कारण अवैध कबाड़ियों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। बाद में चाह कर भी प्रशासन इनके अवैध निर्माणों को खाली नहीं करा पायेगा तब वोट की खातिर यही के स्थानीय सभासद व नेता इनके पक्ष में खड़े दिखायी देगें। जैसा कि माननीय उच्चतम् न्यायालय के आदेश के बाद भी एलडीए व प्रशासन चित्ताखेड़ा की अवैध कालोनी के मामले में देखा जा रहा है। प्रशासन चाह कर भी चित्ताखेड़ा का ध्वस्तीकरण नहीं करवा पा रहा है।

# खतना मामले में एक्शन, अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक निजी अस्पताल में तालू के ऑपरेशन के लिए भर्ती बच्चे का खतना किए जाने के मामले बड़ी कार्रवाई की गई है। अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है और वहां किसी भी तरह के इलाज या नये मरीजों की भर्ती पर रोक लगा दी गई है। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एम खान अस्पताल में तालू के ऑपरेशन के लिए भर्ती बच्चे का खतना किए जाने के मामले की जांच के लिए गठित समिति ने अस्पताल प्रबंधन को प्रथम दृष्टया दोषी पाया है। मामले में कार्रवाई करते हुए अस्पताल का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है और वहां किसी भी तरह के इलाज या नये मरीजों की भर्ती पर रोक लगा दी गई है। बरेली नगर में स्टेडियम मार्ग पर स्थित एम खान अस्पताल में पिछले शुक्रवार को संजयनगर निवासी एक दंपति अपने दो साल के बेटे का तोतलेपन का इलाज कराने पहुंचे थे। आरोप है कि तालू का ऑपरेशन के बजाय बच्चे का खतना कर दिया गया। बरेली के सीएमओ डॉ. बलबीर सिंह के मुताबिक मामले में प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के निर्देश पर गठित जांच समिति ने अस्पताल प्रबंधन को प्रथम दृष्टया दोषी पाया। जांच में समिति ने दोनों पक्षों को सुना, जिसके बाद रविवार देर रात 11 बजे अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने का आदेश जारी किया गया।अस्पताल में किसी भी तरह के इलाज और नए मरीजों की भर्ती पर रोक लगा दी गई है। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक ऑपरेशन के बाद अस्पताल के स्टाफने बच्चे को वॉर्ड में भेज दिया बच्चे ने जब गर्मी लगने की शिकायत की और कपड़े उतारे गए, तब उसका खतना किए जाने के बारे में पता चला।

घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया, जिसके बाद पुलिस के साथ आईएमए के पदाधिकारी भी पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार शाम चीफ मेडिकल ऑफिसर को समिति गठित कर मामले की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। चार सदस्यीय समिति गठित की गई थी, जिसमें डॉ. भानु प्रकाश, डॉ. सी पी सिंह, डॉ. जे पी मौर्य और डॉ. संचित शर्मा शामिल हैं।समिति के सदस्यों ने रविवार को सुबह से देर शाम तक अस्पताल और पीड़ित परिवार से मिलकर उनका पक्ष सुना तथा दस्तावेज भी जांचे।

उन्होंने देर रात अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंप दी। सीएमओ ने बताया कि जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर रविवार देर रात अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया गया। मामले की जांच जारी रहेगी. गड़बड़ी के साक्ष्य पाए जाने पर आगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस निलंबन अवधि में अस्पताल में किसी भी तरह का इलाज उपलब्ध कराने और नये मरीज भर्ती पर रोक रहेगी। घटना के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

## पांच युवा कवियों को मिलेगा गोपाल दास नीरज स्मृति पुरस्कार

लखनऊ । उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा गोपालदास नीरज की स्मृति में प्रदेश के 05 युवा कवियों को पुरस्कार दिये जाने हेतु चयनित कर लिया गया है। चयनित नवोदित कवियों में श्री पंकज प्रसुन को उनकी कृति ''तब गीतों में साथ निभाया'', डा प्रभॉशु कुमार की कृति ''डा. प्रभॉशु की कलम से काव्य संग्रह'', वेद मित्र शुक्ला को ''एक समंदर गहरा भीतर'', कृष्ण कुमार ''कनक'' को ''उलझाता छविजाल तुम्हारा'' तथा निशा सिंह ''नवल'' को ''मैं निशा हूॅ'' के लिए पुरस्कृत किया जायेगा। महानिदेशक एवं अपर मुख्य सचिव भाषा विभाग जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के युवा कवियों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश के 05 युवा कवियों को गोपाल दास नीरज की स्मृति में पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी थी। यह कार्य भाषा विभाग के नियंत्रणाधीन भाषा संस्थान को इस कार्य का दायित्व सौपा गया था। डॉ गोपाल दास नीरज भाषा संस्थान के दो बार कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके थे। मुख्यमंत्री की प्रदेश के युवा कवियों को प्रोत्साहित करने हेतु यह अनूठी पहल है। प्रदेश के युवा कवियों को इससे प्रोत्साहन प्राप्त होगा तथा नवीन कृत्रियॉ सामने आयेंगी।

# गोल्फ-क्लब में कुर्ता पहने पूर्व मेयर के बेटे को रोका

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

राजधानी लखनऊ स्थित गोल्फ क्लब में कुर्ता-पायजामा पहनकर पहुंचे प्रशांत भाटिया को रोक दिया गया। उनको क्लब में एंट्री नहीं दी गई। प्रशांत लखनऊ की पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया के बेटे हैं। रविवार को वह क्लब में होने वाली एक बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। जब उनको रोक दिया गया तो वह बिना मीटिंग में शामिल हुए वापस चले गए। बाद में उनको समझा कर बुलाया गया। इसके बाद वह कुर्ता-पायजामा में ही मीटिंग में शामिल हुए। कुर्ता-पायजामा को लेकर हुए विवाद के दौरान डिविजनल चेयरमैन ने प्रशांत भाटिया के लिए लोवर-टीशर्ट मंगवाई। उनसे कहा कि ड्रेस चेंज करके वह अंदर आ जाएं। मगर, उन्होंने ये कपड़े पहनने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह नाराजगी जताते हुए लौट आए। गोल्फ क्लब मुख्यमंत्री आवास के बगल में स्थित है। प्रशांत भाटिया ने कहा, कल यानी रविवार को जब मैं चेयरमैन की बैठक में शामिल होने गया, तो मुझे रोक दिया गया। मुझसे कहा गया कि कुर्ता-पायजामा पहन कर आए हैं। इसलिए आपको एंट्री नहीं मिलेगी। मेरे लिए लोअर-टीशर्ट भी मंगवाया गया। लेकिन, मैंने उसे पहनने से इनकार कर दिया। इसके बाद मैं लौट गया। प्रशांत ने कहा, इस पूरे मामले की शिकायत मैंने क्लब के अध्यक्ष मुकुल सिंघल से की है। कहा है कि नियमावली में परिवर्तन करके ड्रेस कोड में भारतीय परिधानों को भी शामिल किया जाए। हमें दासता की मानसिकता से बाहर निकलना चाहिए। वहीं, इस पूरी घटना को लेकर पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया ने भी नाराजगी जताई है। गोल्फ क्लब के चेयरमैन मुकुल सिंघल ने कहा, यह कोई पहली ऐसी घटना नहीं है। इससे पहले भी ये सारी चीजें हो चुकी हैं। हमारे क्लब का एक ड्रेस कोड है। उसको ही फॉलो करना होता है। जहां तक रही बात नियमावली में संशोधन करने की, तो यह जनरल बॉडी मीटिंग के जरिए ही संभव हो सकता है। गोल्फ क्लब के मौजूदा अध्यक्ष मुकुल सिंघल हैं।

# कार्यक्रम कर लोकतंत्र सेनानी रक्षकों को किया गया सम्मानित

**लालगंज रायबरेली**

नगर के महावीर इन पैलेस में आपातकाल के दौरान डीआईआर मीसा के तहत बिना किसी अपराध के जेल में बंद किए गए लोकतंत्र सेनानी रक्षकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, देवता चौरसिया, राधा किशन तिवारी, राम वरदान सिंह को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। लोकतंत्र सेनानी रक्षकों ने आपातकाल के दौरान कांग्रेस के द्वारा गये कहर को आज की पीढ़ी के लोगों के साथ साझा किया। लोकतंत्र सेनानी राम वरदान सिंह ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का सांसदी चुनाव हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था जिसके चलते उन्होंने राष्ट्रपति से आदेश पारित कराकर देश में आपातकाल लागू कर दिया था। आपातकाल के दौरान किसी को कहने सुनने का मौका नहीं दिया गया। लाखों लोगों को जेल में बंद कर दिया गया था। वही लोकतंत्र सेनानी पूर्व मंत्री गिरीश मोहन पांडे ने अपनी यादें साझा करते हुए कहा कि उन्हें पुलिस ने घर से बुलाकर जेल में बंद कर दिया था। 11 महीने जेल में रहे ।घर गृहस्थी सब चौपट हो गई थी। छूटने की आशा नहीं थी लेकिन हाईकोर्ट से जमानत मिली और बाद में गवाहों के द्वारा मामले को झूठा बताने पर मुकदमा समाप्त हुआ ।पूर्व मंत्री बताते हैं कि पुलिस प्रशासन ने बर्बरता की सभी हदें पार कर दी थी। जेल में बंद लोगों को लगने लगा था कि अब लोकतंत्र का सूरज हमेशा के लिए डूब गया है ।लोगों को खूब यातनाएं दी गई। कांग्रेसी बहुत खुश थे और उन्हें लगने लगा कि अब हमें कोई हरा नहीं सकता है। इसी गलतफहमी में 1977 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने चुनाव



का दांव चला और कांग्रेश बुरी तरह हार गई ।इंदिरा गांधी भी चुनाव हार गई और 19 महीने बाद देश में लोकतंत्र बहाल हुआ ।लोकतंत्र सेनानी की माने तो आपातकाल आजादी की दूसरी लड़ाई थी। इस लड़ाई में बाबा जयगुरुदेव के लोगों को भी जेलों में बंद कर दिया गया था ।श्री पांडे ने कहा कि आपातकाल में बंद लोग अब अंतिम पड़ाव झेल रहे हैं। कुछ राज्य सरकारों ने लोकतंत्र सेनानी घोषित किया है। कुछ सुविधाएं और सम्मान राशि दे रहे हैं ।उन्होंने लोकतंत्र को बचाने के लिए सत्याग्रह करने वाले लोकतंत्र सेनानी रक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर स्वतंत्रता सेनानियों की सुविधा प्रदान करने की मांग की है ।साथ ही आपातकाल के काले अध्याय को पाठ्यक्रम में भी शामिल करने की मांग की है जिससे आने वाली पीढ़ी को कांग्रेस के काले कारनामों का पता चल सके और लोग सावधान रहें।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपीसीएलडीएफ चेयरमैन और राज्य मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र सेनानी रक्षक का सम्मान प्रत्येक वर्ष करती है। उनकी भावनाओं की कद्र करती है। उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। उन्होंने लोकतंत्र सेनानी रक्षकों से कहा कि उनकी मेहनत बेकार नहीं जाएगी और लोकसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस का रायबरेली से भी सफाया होना निश्चित है। उन्होंने कार्यक्रम में लोगों से कांग्रेस को हराने की अपील भी की और कहा कि आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस को राय दिल्ली से भी नेस्तनाबूद करने का समय आ गया है। कार्यक्रम का संयोजन भारतीय जनता पार्टी ,श्री परशुराम महासभा, ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन, विद्यार्थी परिषद और व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। संचालन श्री परशुराम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा के मीडिया संयोजक सुशील शुक्ला के द्वारा किया गया।

# बेलगाम हुए दबंग गोलियों की तड़तड़ाहट से थर्राया शहर



- दबंगो के हौसले बुलंद, आपसी रंजिश में दो युवकों पर झोंका फायर
- दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के पर लखनऊ ट्रामा सेंटर किया गया रेफर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बंदूक के साथ फायर और उनका प्रदर्शन लगातार बढ़ता जा रहा है छोटी-छोटी बातों में लोगों के द्वारा आवेश में आकर गोली मारने जैसी घटनाओं से परहेज नहीं कर रहे हैं पुलिस लगातार कानून व्यवस्था की बात करती है आल इज वेल की बात करती है उसके बावजूद भी फायरिंग जैसी घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है मामला मिल एरिया थाना क्षेत्र का है जहां आपसी रंजिश के चलते 2 लोगों को मारी गई गोली, गोली लगने से घायल दोनों युवकों की हालत गंभीर दोनों घायलों को इलाज के लिए लखनऊ ट्रामा सेंटर किया गया रेफर आपको बता दें कि मिल एरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कल्लू के पुरवा गांव का है जहां आपसी रंजिश को लेकर दबंगों ने दीपक सोनकर उम्र 32 व अरुण सिंह उम्र 23 वर्ष को गोली मार दी जिसमें दीपक सोनकर को गोली गले को चीरती हुई बाहर निकल गई वहीं अरुण सिंह को पीठ में गोली लगी है गोली लगने दोनों युवक लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़े जैसे ही मोहल्ले वालों को गोली चलने सूचना मिली मोहल्ले में हड़कंप मच गया आनन-फानन में दोनों घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया लेकिन दोनों घायलों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया वहीं गोली मारने के बाद चारों दबंग आराम से मौके से फरार हो गए घायलों के परिजनों ने चार लोगों को नामजद करते हुए मिल एरिया थाने में तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके सभी नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### नशीली दवाओ-पदार्थ के विरूद्ध निकाली गई जागरूकता रैली




- एक पल का मजा जीवन भर सजा, नशा पत्ती अब छोड़ दो टूटे रिश्ते जोड़ लो

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशीली दवाओं के सेवन और दुरुपयोग को रोकने के लिए चलाये जा रहे अभियान ''जीवन के लिए हाँ नशीली दवाओं को ना'' के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी रायबरेली व औषधि निरीक्षक रायबरेली के नेतृत्व में आबकारी विभाग के समस्त स्टाफ, औषधि विभाग के सदस्यों एवं कोचिंग संस्थान के छात्रों द्वारा नशीली दवाओं/पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता रैली आबकारी परिसर कलेक्ट्रेट से डिग्री कॉलेज चौराहे से शहीद चौक तक निकाली गई एवं व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। रैली के माध्यम से नागरिको को नारों के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एक पल का मजा जीवन भर सजा, नशा पत्ती अब छोड़ दो टूटे रिश्ते जोड़ लो, गृह कलेश और मार पिटाई छोड़ो नशे की लत मेरे भाई, नशा नाश का दूजा नाम तन मन धन तीनो बेकाम, आओ सब मिल जुल कर आओ देश को नशा मुक्त बनाओ आदि नारो से लोगो को नशे से होने वाले हानि के बारे में सन्देश दिया गया। नशा मुक्ति रैली में जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह, आबकारी निरीक्षक संजीव सिंह, खगेन्द्र वर्मा, आनन्द कुमार पाठक, अखिलेश कुमार व आदित्य सिंह, कौशर जहां,औषधि निरीक्षक शिवेंद्र सिंह, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी, महामंत्री संदीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष भीमसेन राजपाल, उपाध्यक्ष आलोक मिश्र तथा अन्य सदस्य एवं आबकारी सिपाहीगण शामिल रहे।

### अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने मनाई छत्रपति शाहूजी महाराज की 149वीं जयंती



- छत्रपति शाहूजी महाराज ने समाज में सभी को बराबरी का दर्जा दिलाया : शिल्पी द्विवेदी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शाहूजी महाराज की जन्म जयंती अपना दल एस पार्टी के जिला कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम से मनाई गौरतलब हो कि सोमवार को दरीबा तिराहा पर बने अपना दल एस पार्टी के जिला कार्यालय पर पार्टी के जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में छत्रपति शाहूजी महाराज की 149 वीं जन्म जयंती पार्टी कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम से मनाई वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची अपना दल एस की महिला मंच की प्रदेश सचिव शिल्पी द्विवेदी ने कहा कि छत्र पति शाहूजी महाराज ने समाज में व्याप्त गैर बराबरी को समाप्त करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी लोगों को बराबर का अधिकार दिलाया जिससे आज सभी लोगों को समान अधिकार मिला हुआ है वही कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे अपना दल एस के जिला अध्यक्ष कुंवर सत्येंद्र सिंह पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने देश के दबे कुचले समाज को आगे बढ़ाने का काम किया है इसलिए हम सबको उन्हें कभी नहीं भूलना चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि हम सबके परम श्रद्धेय एवं पार्टी के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल की जयंती आगामी 2 जुलाई को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पर मनाई जाएगी जिसमें हम सभी लोगों को भारी संख्या में पहुंचना होगा इस मौके पर एलसी कनौजिया रामकिशन पटेल विक्रमादित्य पटेल अतुल कुमार यशपाल पटेल सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से मासूम बच्ची की मौत

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अनियंत्रित तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने मासूम बच्ची को मारी जोरदार टक्कर स्कार्पियो की टक्कर से मासूम बच्ची की मौके पर हुई दर्दनाक मौत मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत अर्जुन खेड़ा गांव का है जहां सड़क किनारे 6 वर्षीय मासूम बच्ची सौम्या पुत्र छक्की को जो जा टक्कर मार दी जिससे मासूम बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मासूम बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं टक्कर मारने के बाद स्कार्पियो सवार मौके से फरार होने में कामयाब रहा ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और स्कॉर्पियो सवार की तलाश शुरू कर दी है।

# भाजपा ने प्रबुद्धजनों से संपर्क कर मांगा समर्थन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के सफलतम 9वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महा संपर्क अभियान के अन्तर्गत रायबरेली लोकसभा क्षेत्र में सदर विधानसभा में सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत शक्तिकेंद्र तिलकनगर में जी.जी.आई.सी. कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य डा. पूर्णिमा अग्रवाल सम्पर्क से समर्थन अभियान के तहत तिलकनगर मोहल्ले के निवासी अमेठी जिले में जिला स्वास्थ्य प्रतिरक्षण अधिकार रहे बाल रोग विशेषज्ञ डा0 सी. एस.अग्रवाल व डा0 अपर्णा अग्रवाल, पहलवानवीर बाबा मन्दिर मोहल्ले के निवासी प्रोफेसर प्रदीप सिंह



जी से शक्तिकेंद्र गोरा बाजार में माध्यमिक शिक्षक संघ लखनऊ मंडल के अध्यक्ष राममोहन सिंह जी, वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज पाण्डेय, ब्रजेश श्रीवास्तव व सेवा निवृत्त इंजिनियर एच.वी.सिंह दिनेश प्रताप सिंह तथा पूर्व सेना अधिकारी के.वी.सिंह , मनोज कुमार सिंह से भेंटकर टोल फ्री नं 9090902024 डायल कराकर 9वर्ष की मोदी सरकार की उपलब्धियों वाली बुकलेट देकर भाजपा के लिए समर्थन हेतु रायबरेली लोकसभा प्रभारी व यू.पी.सी.एल.डी.एफ. के राज्यमंत्री स्तर के चेयरमैन वीरेन्द्र कुमार तिवारी सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सुझाव पर भाजपा संगठन द्वारा पूरे देश में प्रबुद्धजनों से संपर्क कर भाजपा के लिए समर्थन मांगा जा रहा है।

## तेजभान यादव ने ग्रहण की महराजगंज खबर प्रेस क्लब की सदस्यता



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

तेजतर्रार पत्रकार तेजभान यादव ने ग्रहण की महराजगंज खबर प्रेस क्लब की सदस्यता महराजगंज खबर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मौजूदगी में तेजभान यादव को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई ।तेजभान यादव ने कहा कि संगठन के लिए जो बेहतर से बेहतर कार्य होगा किया जाएगा और संगठन के हित ही सर्वोपरि रहेंगे। इस मौके पर महराजगंज खबर प्रेस क्लब अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान महामंत्री स्वदेश कुमार मौर्य ,सोनी कुमारी, अंजनी कुमार, शिव दर्शन लोधी, दिनेश कुमार, फूलचंद यादव, धर्मेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# आगामी त्यौहार को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

- आपसी भाईचारे एवं शांतिपूर्वक मनाएं त्यौहार : शिवशंकर सिंह

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



आगामी त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर लालगंज में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों ,जनप्रतिनिधियों एवं धर्म गुरुओं के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई गौरतलब हो कि सोमवार को थाना परिसर लालगंज में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह की अध्यक्षता में लालगंज क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों जनप्रतिनिधियों एवं धर्म गुरुओं के साथ आगामी बकरीद एवं सावन माह के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई की गई बैठक में उपस्थित लोगों को अपील करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि मैं आप सभी लोगों से अनुरोध करना चाहूंगा कि पूर्व की भांति इस बार आपसी भाईचारे के साथ बकरीद का त्यौहार मनाए इस बार बकरीद का त्यौहार सकुशल और शांतिपूर्वक संपन्न हो कहीं भी क्षेत्र में किसी प्रकार का तनाव नहीं होना चाहिए जिससे कि त्यौहार में व्यवधान उत्पन्न ना हो कृपया करके आप सभी से अनुरोध विशेषकर मुस्लिम समुदाय से की जो बकरा ईद की कुर्बानी होती है उनके अवशेषों को कृपया ऐसे स्थानों पर डिस्पोजल करें जिससे किसी को कोई समस्या ना हो साथ ही उन्होंने कहा की इसी के साथ ही सावन मास की शुरुआत हो रही है जिसमें जलाभिषेक के लिए जाने वाले कांवरियों को आने जाने में कोई अवरोध ना उत्पन्न हो उनके आने-जाने के रास्ते में कोई बाधा ना आए इसमें उनका सहयोग करें और उन्हें सकुशल जलाभिषेक करने दें।

# उत्कृष्ट प्रोजेक्ट एवं असाइनमेंट के साथ बच्चे लौटे स्कूल

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज गर्मियों की छुट्टी के बाद बच्चे अपना प्रोजेक्ट तथा असाइनमेंट लेकर स्कूल पहुंचे छुट्टियों में जिन बच्चों का बर्थडे था वह आज स्कूल खुलने पर सब के साथ मनाया गया। प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने सभी बच्चों को सूचना भेजी थी कि बच्चे मेरे द्वारा छुट्टियों में एक होमवर्क ऐसा भी जिसमें बच्चे खुशी खुशी व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त करते हैं करने को कहा था उसी विषय में अपने अनुभव आकर सभी बच्चों के सामने बताएं। जिसमें केजी के बच्चे पीहू ने कहा कि मैंने चिड़िया को दाना पानी रोज दिया पेड़ों को पानी दिया केजी की अविका यश वर्धन ने कहा मम्मी पापा की सेवा की




पैर दबाए यशवर्धन वैष्णवी अभिज्ञान आवेग ने घर के कार्यों को करना सिखा कुकिंग सीखा पशु पक्षियों की सेवा की?। कक्षा 10 खुशी सिह खेती के कार्यों को देखा तथा गौरैया संरक्षण किया है मम्मी के कार्यों का कक्षा 11 अमित यादव ने कहा कि बोर्ड परीक्षार्थियों को समय में पढ़ाई के माहौल में ही रहना चाहिए सभी अपने बनाए प्रोजेक्ट लेकर आए थे जिन्हें सबके सामने प्रदर्शित किया गया प्रधानाचार्य बच्चों के उत्कृष्ट प्रोजेक्ट देखें तथा उनसे प्रोजेक्ट के बारे में पूछा बच्चों ने बहुत ही सरल तरीके से कठिन विषय को बता दिया इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों का ज्ञान बढ़ता है तथा बच्चे प्रयोग एवं एक्टिविटी द्वारा कठिन विषय को आसानी से हल कर लेते हैं सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी गई तथा भविष्य में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया।

## ट्रक ड्राइवर को लुटेरों ने बनाया निशाना लुटे हजारों रुपए और मोबाइल



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लुटेरों ने दी पुलिस को चुनौती। पप्पू सिंह पुत्र अजय पाल सिंह निवासी पोखरनी ने कोतवाली पुलिस पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि मैं एक ट्रक ड्राइवर हूं कल शाम को रायबरेली में ट्रक खड़ा करके अपने घर जा रहा था रास्ते में मदनिया नाले के पास गांव के समीप रात्रि 8:30 बजे तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार लोगों ने मुझे रोक लिया और कट्टा लगाकर रु. 3000 व मोबाइल आधार कार्ड लाइसेंस छीन कर भाग गए प्रार्थी अगर कुछ बोलता तो जान से भी मार देते। पप्पू सिंह ने कोतवाली प्रभारी से लुटेरों को पकड़ने की गुहार लगाई।



## धूम धाम से मनाई गई महाराजा छत्रपति शाहू जी की जयंती

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अपना दल विधिमंच के कार्यकर्ताओं ने समाज सुधारक एवं कोल्हापुर रियासत के महाराजा छत्रपति शाहू जी की जयंती कस्बे के एक निजी मैरिज लॉन में मनाई है । कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना दल विधि मंच जिलाध्यक्ष अमित चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि महाराजा शाहूजी की सोच भगवान बुद्ध के सिद्धांत पर आधारित थी। शाहूजी ने पिछड़े लोगों को समानता, स्वतंत्रता, तथा न्याय दिलवाने की कोशिश की। अधिवक्ता चंद्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि सिर्फ 48 वर्ष की आयु में शाहूजी ने अपने राज्य में हजारों सालों से जातिवादी मानसिकता एवं छुआछूत के कारण मानवीय अधिकारों से वंचित किये लोगों को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर एसटी/एसटी एवं पिछड़े समाज के लिए क्रांतिकारी कदम उठाए। हमें शाहूजी महाराज जी की शिक्षाओं पर चल कर समाज की बेहतरी के लिये काम करना होगा। इस मौके पर आयुष चौधरी , अरुण नारायण , अजय कुमार , जितेंद्र कुमार , आकाश पटेल , आकाश कुमार सहित बड़ी संख्या में अपना दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## चौकी इंचार्ज ने बीयर बार व देसी शराब की दुकानों का किया निरीक्षण



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र की चौकी थुलेडी अंतर्गत चौकी इंचार्ज अपनी टीम के साथ सुरक्षा के दृष्टिगत हरदोई में स्थित बीयर बार और देसी शराब की दुकानों का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश। बताते चलें पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देश था कि सभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्र का भ्रमण व अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। इसी के दृष्टिगत चौकी इंचार्ज थुलेडीं शिवबाबू द्वारा टीम के साथ रविवार को देर शाम हरदोई चौराहे पर स्थित बीयर बार देसी शराब आदि की दुकानों का निरीक्षण किया। साथ ही पूरे चौराहे का पैदल भ्रमण किया, वही चौकी इंचार्ज से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि मेरे क्षेत्र में अराजक तत्वों की कोई जगह नहीं है जब तक मैं यहां हूं किसी प्रकार की कोई अराजकता नहीं होने दूंगा न किसी गुंडे बदमाश को पनपने दूंगा। वैसे भी लोगों का कहना है कि जब से बछरावां थाना इंचार्ज बृजेश कुमार राय ने थाने की कमान संभाली है तबसे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बरकरार है। क्षेत्र में भ्रमण सील रहने में चौकी की पूरी पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# बज़्म-ए-सलाम के अंतर्गत कवि गोष्ठी का हुआ आयोजन

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।**

नगर के गदौरा रोड पर स्थित करायरा मार्किट में बज़्म सलाम संस्था के अध्यक्ष शायर डॉक्टर जुबैर सिद्दीकी के द्वारा एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजिक कार्यकर्ता फरीदुद्दीन अहमद ने किया व मुख्य अतिथि काकोरी से आये शायर आसिम ककोरवी रहे और कार्यक्रम का संचालन आसिम काकोरवी ने ही किया

गोष्ठी के कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फरीदुद्दीन अहमद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमो से




आपसी मोहब्बत और भाईचारा बढ़ता है तो वही मुख्यातिथि रहे आसिम ककोरवी ने कहा कि साहित्य पर जितना काम इस वक़्त सण्डीला में हो रहा है उतना शायद आस पास के इलाकों में कहीं नही हो रहा सण्डीला इसके लिये एक नज़ीर है।

शायरों ने अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं से वाहवाही भी लूटी

अपनी रचना पढ़ते हुए डॉ जुबैर सिद्दीकी ने पढ़ा

करोगो जैसा तुम वैसा भरोगो

तुम्हे क्या इसका डर कोई नही है

वही सुहैल संदीलवी ने पढ़ा क्यों कर तू गामजा है तबाही की राह पर

क्या ये पता है तुझको मयस्सर भी शाम हो

तो वही फरीद संदीलवी ने पढ़ा नज़र आती है फसल ए बहार

खिज़ा की हर तरफ जलवा गरी है

तो वही मुख्यातिथि रहे आसिम ककोरवी ने पढ़ा

मुझको लश्कर की जरूरत ही नही चंद हो पर सब के सब हो काम के... उसके बाद शमीम संदीलवी ने पढ़ा साफ गोई से कतरा गया आईना

ईक सियासत में मारा गया आईना

उसके बाद हसनैन संदीलवी ने पढ़ा। जीत ली उसने दुनिया की हर एक खुशी रो रहा है मगर हार करके मुझे तो इसके बाद चौधरी नदीम ने पढ़ा बर्क़ की गुलशन है देखिये क्या हो वही पे मेरा नशेमन है देखिये क्या हो तो उसके दावर रज़ा ने पढ़ा क्यो चाँद मेरे घर के आंगन में उतर आया

लगता है अभी राधा पनघट में नहाई है। कार्यक्रम अब्दुल वली,खुर्शीद महमूद अनवारुल हक़,अंसार आंसारी,बहादुर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे

## सण्डीला में राज्यमंत्री का हुआ जोरदार स्वागत

**सण्डीला-हरदोई, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ब्लाक बेहदर के ग्राम उसरहा में एक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए जा रहे औधोगिक विकास एवं राज्यमंत्री संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी का स्वागत सण्डीला के डाकबंगले पर भाजपा नेता लोकेश सैनी के नेतृत्व में हुआ राज्यमंत्री श्री सैनी ने कार्यकर्ताओं से मिलकर भेंट की और 2024 के चुनाव को लेकर गहन चर्चा भी की स्वागत कार्यक्रम में विधायक अलका अर्कवंशी ने कहा कि हम 2024 में दोनों लोकसभा सीटों को हम जीतेंगे। स्वागत कार्यक्रम मे वरिष्ठ भाजपा नेता विशुन दयाल शुक्ला,जिला पंचायत नन्हे लाल राजपूत पूर्व प्रमुख राजबहादुर, रामरतन वर्मा, संजय जयसवाल, पंकज गुप्ता, अमित सैनी व एस पी मौर्या सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुतिन को चुनौती

सवा साल से अधिक समय से यूक्रेन युद्ध में कामयाबी न मिल पाने से मुश्किलों में घिरे रूसी राष्ट्रपति पुतिन को वैग्नर लड़ाकों की चुनौती बताती है कि रूस में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। पुतिन की प्राइवेट आर्मी कहे जाने वाले वैग्नर ग्रुप के विद्रोही तेवरों ने पूरी दुनिया को चौंकाया है। लेकिन शनिवार तक मामले का तब पटाक्षेप हो गया जब वैग्नर आर्मी के प्रमुख येवेनी प्रोगोझिन और पुतिन के मित्र व बेलारूस के राष्ट्रपति लूकाशेंको के बीच समझौता हो गया। क्रेमलिन ने कहा कि प्रोगोझिन बेलारूस जाएंगे और उनके खिलाफदर्ज आपराधिक मामलों को हटा लिया जायेगा। इससे पहले खबर आई थी कि इस प्राइवेट आर्मी ने विद्रोह का बिगुल बजाकर रूसी शहर रोस्तोव पर कब्जा कर वहां के सैन्य ठिकाने को घेर लिया है। यह भी कहा गया कि यह कुख्यात प्राइवेट आर्मी मास्को पहुंचने की कोशिश कर रही है। इस खबर से रूस समेत पूरी दुनिया में खलबली मच गई और रूस में आपातकाल लागू करने की बात कही जाने लगी। पहले यह भी कयास लगाए जा रहे थे कि पूर्व सैनिकों व सजायाफ्ता अपराधियों को मिलाकर बनी इस प्राइवेट आर्मी को रूसी सेना के कुछ गुटों का समर्थन हासिल है। बहरहाल हकीकत कुछ भी हो इस घटनाक्रम से रूसी राष्ट्रपति पुतिन की प्रतिष्ठा पर आंच तो आई ही है। वहीं पुतिन ने वैग्नर के विद्रोह को विश्वासघात बताते हुए सख्त कार्रवाई की बात कही। लेकिन दुनिया अभी समझने की कोशिश कर रही है कि पुतिन की सोच से उपजी यह कुख्यात प्राइवेट आर्मी अचानक पुतिन के खिलाफ कैसे हो गई।

सवाल उठाया जा रहा है कि पुतिन के इशारे पर पूरी दुनिया के अशांत इलाकों में कोहराम मचाने वाले वैग्नर समूह ने अचानक विद्रोही तेवर क्यों अपना लिये? अब तो यह समूह रूसी सेना के साथ यूक्रेन में कंधा से कंधा मिलाकर लड़ रहा था? यूक्रेन ही नहीं, दुनिया के कई अशांत इलाकों मसलन सीरिया व लीबिया में भी वैग्नर ग्रुप के लड़ाके रूस के हितों की पूर्ति के लिये कहर बरपाते रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस प्राइवेट आर्मी में जहां कुछ रूसी भूतपूर्व सैनिक हैं तो एक बड़ी संख्या सजायाफ्ता कुख्यात अपराधियों की है, जिन्हें मुक्ति का आश्वासन दिया जाता है। जिनका एकमात्र मकसद पैसा कमाना ही होता है। ऐसे में इस असामान्य बुनियाद वाले संगठन द्वारा यदि विद्रोह का बिगुल बजाया जाता है तो कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। यह भी कयास लगाये जा रहे हैं कि सारे घटनाक्रम के कुछ परोक्ष लक्ष्य हों। ऐसे चौंकाने वाले फैसलों के लिये पुतिन को दुनियाभर में जाना भी जाता है। लेकिन एक पक्ष यह भी कि एक साल से अधिक चले यूक्रेन युद्ध से सेना ही नहीं बल्कि प्राइवेट आर्मी वैग्नर समूह में भी असंतोष के सुर तेज होने लगे हैं। यह रोष कहीं न कहीं रूसी नागरिकों में भी नजर आता है जिनका जीवन यूक्रेन युद्ध के चलते अब सामान्य नहीं रह सका है। बहरहाल, घटनाक्रम से पुतिन की ताकतवर नेता की छवि को कुछ आंच जरूर आएगी।

# भारत को रोहिंग्या समस्या से भी निपटना होगा

संजीव ठाकुर

**रोहिंग्या पूर्वोत्तर राज्यों में आतंकवादी घटनाओं के सहायक बन आतंकवाद को फैलाने में धीरे धीरे सक्षम होते जा रहे हैं। तथा रोहिंग्या आतंकवादियों के विरुद्ध हवाला के माध्यम से पैसा लेकर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के प्रमाण भी मिले हैं। इसी तरह रोहिंग्या थाईलैंड, मलेशिया, सऊदी अरब, बांग्लादेश मैं स्थाई रूप से बस कर वहां विभिन्न समस्याओं को जन्म दे रहे हैं। भारत के परंपरागत दुश्मन पाकिस्तान में लगभग 40, हजार से 2 लाख रोहिंग्या मुसलमान निवासरत है। जिन्हें आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता रहा है, इनको म्यानमार से भारत तथा बांग्लादेश में जाने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयास भी किए गए,एवं कई समझौते भी किए गए। म्यानमार सरकार को विभिन्न देशों में गए रोहिंग्या शरणार्थियों को वापस बुलाने की समझाइश दी गई। रोहिंग्या समुदाय ने एक रोहिंग्या मुक्ति सेना भी गठित कर ली है, पर भारत इस सेना को आतंकवादी संगठन मानकर मान्यता नहीं प्रदान करता है। म्यानमार की सरकार तथा वहां के आर्थिक समाजिक संकट के कारण रोहिंग्या समुदाय भेदभाव का शिकार भी हुआ है। रोहिंग्या समुदाय दक्षिण एशियाई देशों के लिए एक बड़ी समस्या बन कर रह गया है। म्यानमार सरकार को इस समस्या पर ध्यान देकर इसका समाधान कर अपने देश के नागरिक मानकर इन्हें अपने देश वापस बुलाकर इनकी समस्या का समाधान करना चाहिए।**



रोहिंग्या मूलतः म्यांमार पूर्व का बर्मा के रखाइन प्रांत के मूल निवासी अल्प संख्यक समुदाय से संबंध रखते हैं।रखाइन राज्य बांग्लादेश और भारत के पूर्वोत्तर राज्य की सीमाओं से लगा हुआ हैस म्यानमार सौ से ज्यादा बहु सांस्कृतिक समाज से बना हुआ है। बौद्ध समुदाय यहां बहुसंख्यक है, और अल्पसंख्यक रोहिंग्या समाज को यह लोग वहां का नागरिक नहीं मानते हैं।म्यानमार सरकार रोहिंग्या समुदाय को राज्य का नहीं मानती आई है। वहां पर इन्हें नागरिकता भी प्रदान नहीं की गई है, इतिहासकारों के अनुसार आठवीं शताब्दी में क्षेत्र में आने वाले अरबी मुसलमानों को रोहिंग्या का नाम दिया गया जो बाद में वहां के प्रभाव के कारण रोहिंग्या बन गया। इनका मूल क्षेत्र अफ़ग़ानिस्तान ही है, कालांतर में वर्मा नागरिकता कानून 1982 के द्वारा रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय को वहां की नागरिकता से वंचित कर दिया गया था। वहां इनको एक पहचान पत्र दिया गया था, जो सभी कामों में इस्तेमाल किया जाता है। रोहिंग्या और म्यांमार के बहुसंख्यक बौद्ध निवासियों के बीच बार बार हिंसक झड़प होती रहती है, इसमें रोहिंग्या मुसलमानों की बड़ी संख्या में मृत्यु भी हुई। 2017 मैं रोहिंग्या और बुद्धिस्ट लोगों के बीच बड़ी हिंसक झड़प के कारण यह एक बड़ी समस्या बन गए अपने जीवन यापन के लिए यह लो म्यांमार से पलायन करने लगे और अपनी जीवन की बेहतरी के लिए बांग्लादेश, मलेशिया, थाईलैंड इंडोनेशिया और भारत में पलायन किया। इनके पलायन के बाद सभी देशों में अलग-अलग समस्याएं जन्म लेने लगी, बांग्लादेश में लगभग 9 लाख यह समुदाय वर्तमान में रह रहा है। भारत में ऑपरेशन इंसानियत के नाम पर इन लोगों के लिए राशन चीनी दवाएं कपड़े आदि की सहायता बांग्लादेश सरकार को की थी। बाद में बांग्लादेश सरकार ने रोहिना समस्या के कारण अपने दरवाजे इनके लिए बंद कर दिये, और पिछले दरवाजे से यह रोहिंग्या लगभग 40,000 की संख्या में भारत पलायन करके अवैध रूप से भारत के आसाम प्रांत में रहने लगे हैं। अब ये लगभग देश के अनेक राज्यों में फैलकर निवासरत हैं।इसके अतिरिक्त 14 हजार यह नागरिक संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त की सहायता से भारत में वैध रूप से रह रहे हैं,पर भारत सरकार ने इन्हें मान्यता न देकर इन्हें निकालने के प्रति अब अपना अभियान चलाना शुरू कर दिया है। भारत सरकार इनको अपनी आंतरिक सुरक्षा का खतरा मानकर सर्वोच्च न्यायालय में अपनी याचिका दायर भी की है। सरकार का कहना है यह रोहिंग्या पाकिस्तान की आई.एस.आई. और कुछ आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा से मिलकर भारत सरकार की गुप्त सूचनाएं इनको प्रदान कर भारत की आंतरिक शांति के लिए खतरा बन गए हैं। इसके अलावा भारत सरकार इसके लिए भी चिंतित है की रोहिंग्या और भारत में रह रहे बहुत के विरुद्ध हिंसा की घटनाएं एक बड़ी चिंगारी का रूप ले सकती हैं। रोहिंग्या पूर्वोत्तर राज्यों में आतंकवादी घटनाओं के सहायक बन आतंकवाद को फैलाने में धीरे धीरे सक्षम होते जा रहे हैं। तथा रोहिंग्या आतंकवादियों के विरुद्ध हवाला के माध्यम से पैसा लेकर आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने के प्रमाण भी मिले हैं। इसी तरह रोहिंग्या थाईलैंड, मलेशिया, सऊदी अरब, बांग्लादेश मैं स्थाई रूप से बस कर वहां विभिन्न समस्याओं को जन्म दे रहे हैं। भारत के परंपरागत दुश्मन पाकिस्तान में लगभग 40, हजार से 2 लाख रोहिंग्या मुसलमान निवासरत है। जिन्हें आतंकवादी गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता रहा है, इनको म्यानमार से भारत तथा बांग्लादेश में जाने से रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयास भी किए गए,एवं कई समझौते भी किए गए। म्यानमार सरकार को विभिन्न देशों में गए रोहिंग्या शरणार्थियों को वापस बुलाने की समझाइश दी गई। रोहिंग्या समुदाय ने एक रोहिंग्या मुक्ति सेना भी गठित कर ली है, पर भारत इस सेना को आतंकवादी संगठन मानकर मान्यता नहीं प्रदान करता है। म्यानमार की सरकार तथा वहां के आर्थिक समाजिक संकट के कारण रोहिंग्या समुदाय भेदभाव का शिकार भी हुआ है। रोहिंग्या समुदाय दक्षिण एशियाई देशों के लिए एक बड़ी समस्या बन कर रह गया है। म्यानमार सरकार को इस समस्या पर ध्यान देकर इसका समाधान कर अपने देश के नागरिक मानकर इन्हें अपने देश वापस बुलाकर इनकी समस्या का समाधान करना चाहिए।

विचार

# पुतिन को कमजोर दिखाने की कोशिश

शनिवार को रूस में तख्तापलट की आशंकाएं तेज हो गई थीं, जब खबर आई कि वैगनर समूह के सैनिकों ने रूस के खिलाफ विद्रोह कर दिया है और सेना मास्को की ओर बढ़ रही है। वैगनर भाड़े के लड़ाकों की निजी सेना है, जो पैसों के लिए किसी की ओर से लड़ती है। अभी यूक्रेन युद्ध में यह सेना रूस का साथ दे रही है। इसके अलावा अफ्रीका में कई जगह वैगनर सेना काम करती है। पिछले कुछ समय से यूक्रेन में युद्ध को लड़ने के तरीक़े को लेकर वैगनर समूह और रूस की सेना के बीच तनाव बढ़ रहा था। वैगनर के मुखिया येवगेनी प्रिगोजिन ने रूस के सैन्य नेतृत्व की खुली आलोचना की थी। इस शनिवार को मास्को तब सकते में आ गया, जब खबर आई कि वैगनर सैनिकों ने रस्तोव ऑन दोन शहर पहुंच कर रूस की सेना के दक्षिणी कमांड मुख्यालय पर कब्जा कर लिया है। इसके बाद भाड़े के सैनिक मास्को के करीब वरोने शहर पहुंच गए और वहां भी कब्जा कर लिया। इस घटना के साथ ही खबर आने लगी कि अब रूस में तख्तापलट हो जाएगा। कई लोगों ने व्लादिमीर पुतिन के क्रेमलिन छोड़कर सुरक्षित स्थान पर चले जाने के कयास भी लगा लिए। मास्को के मेयर ने लोगों से घरों से न निकलने की अपील जारी की, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए। इस बीच खबर ये भी आई कि चेचन्या से विशिष्ट सैन्य बल वैगनर लड़ाकों का मुकाबला करने के लिए रवाना कर दिए गए हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैगनर समूह के इस दुस्साहस पर कहा कि रूस को धोखा देने वाले हर व्यक्ति को अंजाम भुगतने तैयार रहना होगा। लेकिन फिर घटनाक्रम तेजी से बदला और वैगनर लड़ाके अपने लाव-लश्कर के साथ मास्को से कदम पीछे बढ़ाने लगे। बेलारूस के राष्ट्रपति और पुतिन के मित्र अलेक्सांद्र लुकाशेंको ने इस संकट को टालने में संकट मोचक की भूमिका निभाई। खबरों के मुताबिक प्रिगोजिन और लुकाशेंको के बीच लंबी बातचीत हुई, जिसके बाद प्रिगोजिन ने एक बयान जारी कर कहा कि वो खून-खराबा रोकने के लिए पीछे हट रहे हैं। इसके बाद पुतिन के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने बताया कि येवगेनी प्रिगोजिन के गिरफ्तारी वॉरंट को रद्द कर दिया गया है और उनके और वागनर समूह के लड़ाकों के खिलाफ



आपराधिक मामले बंद कर दिए जाएंगे। दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों में से एक रूस पर छाया तख्तापलट का खतरा चंद घंटों की दहशत के बाद ही टल गया। लेकिन अपने पीछे कुछ जरूरी सवाल छोड़ गया है। जैसे लुकाशेंकों और प्रिगोजिन के बीच आखिर किस तरह की सौदेबाजी हुई कि वैगनर सैनिकों को मास्को पहुंचने से पहले वापस करवा दिया गया। इस घटना का असली मकसद वाकई पुतिन की सत्ता को उखाड़ फेंकना था या यह किसी किस्म की चालाकी थी ताकि पुतिन की ताकत और हिम्मत का अनुमान लगाया जा सके। दुनिया में पहले भी कई देशों में तख्तापलट हुए हैं, रूस भी इसका भुक्तभोगी रहा है। मगर सैन्य ताकतें या विद्रोही समूह तख्तापलट कर अपनी सत्ता जमाते हैं। भाड़े के सैनिकों के साथ क्या सत्ता हथियाई जा सकती है। जो सैनिक पैसे लेकर लड़ाई लड़ते हैं, जाहिर है उनके लिए किसी विचारधारा या पंथ का कोई अर्थ नहीं है, फिर इन सैनिकों का इस्तेमाल ही तख्तापलट के लिए क्यों किया गया। और सबसे अहम सवाल ये है कि क्या रूस की ओर वैगनर सैनिकों को रवाना करने के पीछे वाकई प्रिगोजिन की नाराजगी थी या इसमें अमेरिका और नाटो समूह के देशों का हाथ है। याद रखने की बात है कि व्लादिमीर पुतिन दो दशक से अधिक वक्त से रूस पर शासन कर रहे हैं। कभी राष्ट्रपति बनकर, कभी प्रधानमंत्री बनकर उन्होंने सत्ता की कमान हमेशा अपने पास रखी। बीते दो दशकों में दुनिया में बड़े राजनैतिक, आर्थिक बदलाव हुए, देशों के बीच आपसी समीकरण भी बदले, लेकिन रूस और अमेरिका के बीच तनाव का रिश्ता नहीं बदला। अमेरिका भले खुद को अब दुनिया की एकमात्र महाशक्ति समझता है, लेकिन सच यही है कि रूस उसके आधिपत्य को लगातार चुनौती देता है और अब तो चीन भी अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बन चुका है। रूस और चीन कई मोर्चों पर एक साथ हैं और अमेरिका को ये बात खूब खटकती है। यूक्रेन को नाटो में शामिल करने के बहाने से अमेरिका और यूरोप के कई देशों ने रूस की सीमा तक अपनी पहुंच बनाने की चाल चल दी थी, लेकिन रूस ने यहां भी उनकी चाल विफल कर दी। पिछले 16 महीनों से रूस और यक्रेन में जंग छिड़ी है, जिसका कोई अंजाम सामने नहीं आ रहा, क्योंकि यूक्रेन को अमेरिका और उसे मित्र देशों से बराबर मदद पहुंच रही है। इस युद्ध के कारण व्लादिमीर पुतिन की छवि को दुनिया में खूब खराब किया गया। इसके अलावा पुतिन के कमजोर पड़ने की खबरें भी कई बार आई। कभी पुतिन को बीमार बताया गया, कभी क्रेमलिन पर ड्रोन हमले का डर दिखाया गया। इसी कड़ी में अब वैगनर विद्रोहियों के आगे पुतिन को लाचार बताया जा रहा है। वैगनर लड़ाके अगर मास्को तक पहुंच जाते, तो यूक्रेन में उलझे पुतिन के लिए वाकई जीवन-मरण का संकट आ सकता था। वैगनर समूह के पास सैन्य शक्ति के अलावा इंटरनेट हैकिंग क्षमता भी है। पश्चिमी देशों के खुफिया तंत्र के साथ उसके संपर्क हैं। रूस के नव धनाढ्य तबके के साथ वैगनर सरगना प्रिगोजिन के संपर्क बताए जाते हैं। यानी इस समूह के पास पर्याप्त संसाधन हैं और ये बेहद गंभीर सवाल है कि आखिर भाड़े के सैनिकों को पालने और उन्हें तमाम साजो-सामान के साथ सुसज्जित करने का खर्च कौन सी ताकतें उठाती हैं। क्या ये ताकतें ही पुतिन को कमजोर होने का अहसास कराना चाहती थीं या इस एक घटना से पुतिन को किसी किस्म की चेतावनी दी गई है। बहरहाल, रूस की इस घटना ने दुनिया भर के देशों के लिए चेतावनी दे दी है कि धन की शक्ति के बूते सत्ता पलटने के कैसे घिनौने षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। इसलिए लोकतंत्र की मजबूती और पूंजीवाद पर अंकुश जरूरी है।

साहित्य

झरोखा



## हर दिन उठ कर लगता

दीपक सिंह

हर दिन उठ कर लगता है,
कि ईश्वर ने आयु कम की।
फिर भी भ्रष्ट रहे हैं लोग,
अपनी कमजोरी अपने में हवन
की।।

देखा भ्रष्टाचार के पग को चलते
हुए,
बिना कुछ बोले पर चँहु ओर बढ़ते
हुए।
इसे मिटाने के नारों में महज
दिखावा था,
हे ईश्वर यह देख व्यथित मैं,
लोगों ने महज दिखावे में दहन
की।

हर दिन उठ कर लगता है,
कि ईश्वर ने आयु कम की।
फिर भी भ्रष्ट रहे हैं लोग,
अपनी कमजोरी अपने में हवन
की।।

देखा पैसों के रोब पर न्याय बिकते
हुए,
दुखियारी आँखों में अश्रु का
सैलाब बहते हुए।
नेताओं के ही कथनी करनी में
अंतर था।
हे ईश्वर सोचा सैलाब रुके,
सूखी आंखों ने कहानी कथन
की।।

हर दिन उठ कर लगता है,
कि ईश्वर ने आयु कम की।
फिर भी भ्रष्ट रहे है लोग,
अपनी कमजोरी अपने में हवन
की।।

देखा सड़क पार जाने को,
अंधे को विलाप करते हुए।
गुजरते युवाओं के दलो को,
जवानी का गुमान भरते हुये।।

मैंने इस दिशा में कई बार,
सड़क पार करवाया था।
हे ईश्वर उसके मुंह से निकलती
आशीषों ने,
मेरे अंतर्मन में ठंडन की।।

हर दिन उठ कर लगता है,
कि ईश्वर ने आयु कम की।
फिर भी भ्रष्ट रहे हैं लोग,
अपनी कमजोरी अपने मे हवन की।।



## राशिफल

**मेष**:- भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विश्वास कायम करें।

**बृषभ**:- व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुन**:- किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क**:- समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंह**:- नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**:- रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला**:- प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**:- अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनु**:- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुंचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकर**:- उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभ**:- परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीन**:- सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

# इमरजेंसी लगने और हटने का दिन

आज 26 जून का दिन है जिस दिन 1975 के बहुत से बड़े अखबारों के सम्पादकीय स्थान खाली छोड़ दिये गये थे क्योंकि इससे एक दिन पहले 25 जून को देश में इमरजेंसी लागू करके नागरिकों के मौलिक या मूलभूत अधिकार निरस्त कर दिये गये थे। इमरजेंसी तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने 12 जून, 1975 को अपना लोकसभा चुनाव इलाहाबाद उच्च न्यायालय से अवैध घोषित होने के 12 दिनों बाद ही लागू कर दी थी। मगर इन 12 दिनों में देश में उस समय स्व. जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में राजनैतिक भूचाल लाने वाली घटनाएं लगातार घट रही थीं। समूचा विपक्ष इन्दिरा गांधी के इस्तीफे की मांग कर रहा था। वास्तव में यह दिन भारत के लोकतन्त्र के लिए काला दिन था मगर इसके 18 महीने बाद ही 1977 के जनवरी महीने में इमरजेंसी लगाने वाली इन्दिरा गांधी ने खुद ही इसे पूरी तरह हटाने की घोषणा कर दी थी और इसके तुरन्त बाद लोकसभा के चुनाव कराने की घोषणा भी कर दी गई थी।

बेशक हम काले दिन को याद रखते हैं मगर इमरजेंसी हटने वाले दिन को भूल जाते हैं। हम कभी यह सवाल नहीं पूछते कि आखिरकार इन्दिरा जी ने इमरजेंसी हटाने का फैसला क्यों किया? वे कौन से ऐसे कारण थे जिनकी वजह से उन्हें भारत में पुनः लोकतन्त्र बहाल करने की घोषणा करनी पड़ी? यह इतना बड़ा सवाल है जिसकी तरफहमारे राजनैतिक जगत ने जानबूझ कर कभी ध्यान नहीं देना चाहा। आज तक किसी भी राजनैतिक दल ने इमरजेंसी हटाये वाले दिन का जश्न मनाने के बारे में क्यों नहीं सोचा? इसके पीछे एक ही कारण नजर आ सकता है कि प्रत्येक राजनैतिक दल को इसमें सत्तापरक सुविधा का एहसास होता है। लोकतन्त्र की शासन व्यवस्था में भी सभी अधिकार सत्ता के पास होते हैं मगर लोगों के पास सबसे बड़ा हथियार उनके मौलिक अध्धिकार होते हैं जिनका संरक्षण संविधान के नियमों के अनुसार देश की न्यायपालिका करती है।

अतः इमरजेंसी हटाये जाने का जश्न मनाना लोगों का मौलिक अधिकार भी बनता है। जाहिर तौर पर जश्न किसी भी उजले पक्ष का ही बनता है जिससे काले पक्ष को हम दुरास्वप्न समझ कर भुला सकें और उजले पक्ष के विभिन्न अवयवों को और मजबूत बना सकें परन्तु हम काले पक्ष को याद करके उजले पक्ष की चलताऊ मुद्रा पर इठलाने में ही स्वयं को बड़-भागी समझते रहते हैं। लोकतन्त्र में स्वतन्त्रता की सर्वदा रक्षा करने के लिए नागरिकों को सजग रहना पड़ता है। जब 1977 में लोकसभा चुनावों की घोषणा हो गई तो दिल्ली के जनसंघ के उस समय के एक प्रादेशिक नेता स्व. दलजीत टंडन ने संयुक्त जनता पार्टी की जनसभा में सवाल खड़ा किया कि इमरजेंसी लगने से पहले कांग्रेस पार्टी के प्रकाशित होने वाले अंग्रेजी अखबार 'नेशनल हेराल्ड' का आमुख वाक्य हुआ करता था कि 'फ्रीडम इज इन पेरिल डिफेंड इट विद योर माइट' अर्थात 'आजादी खतरे में है अपनी पूरी ताकत से इसकी रक्षा करो'।

श्री टंडन ने तर्क दिया कि इमरजेंसी के दौरान कांग्रेस ने लोगों की उस स्वतन्त्रता का हरण कर लिया जो इसने आजादी की लड़ाई लड़ते वक्त लोगों को देने का वादा किया था और जिसे संविधान लागू करके दिया गया था। दरअसल यह आमुख वाक्य लोगों के लोकतान्त्रिक अधिकारों के सन्दर्भ में था भी। अतः 1977 के चुनावों में नेशनल हेराल्ड से आमुख वाक्य का हटाया जाना भी बहुत बड़ा मुद्दा बन गया था जिसे जनसंघ के नेताओं के अलावा समाजवादी नेताओं जैसे जार्ज फर्नांडीज व मधुलिमये आदि ने भी उठाया। हमें इमरजेंसी हटाये जाने के दिन के जश्न से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी ध्यान देने की जरूरत है। इमरजेंसी के दौरान सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार लगभग समाप्त हो गया था।

महंगाई की हालत यह थी कि यह नकारात्मक चक्र में पहुंच गई थी। ट्रेनें समय पर चलने लगी थीं। अपराधों में गुणात्मक कमी आ गई थी। दुकानदार कोई जखीरेबाजी या कालाबाजरी नहीं करते थे। राशन की दुकानों से पूरा राशन मिलता था। मगर हर नागरिक को रात्रि दस बजने से पहले घर पहुंचना होता था। बाजार खुलने और बन्द होने का निश्चित समय था। मगर लोग आजादी के साथ अपने राजनैतिक विचार व्यक्त नहीं करते थे और न कहीं चौराहों पर जमघट लगा कर चर्चा करते नजर आते थे लेकिन अन्तर्राष्ट्रीय मोर्चे पर राजनीति में उस समय कहीं कुछ ऐसा घट रहा था जिससे इंदिरा गांधी बेचैन हो रही थीं जबकि राष्ट्रीय मोर्चे पर देश के सभी बड़े-बड़े विपक्षी नेता जेलों में बन्द पड़े हुए थे। अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिष्ठा लगातार दागदार हो रही थी। विश्व संस्थाओं के मंचों पर भारत की अहमियत वह नहीं रही थी जो इसकी लोकतान्त्रिक देश की पुख्ता पहचान होने की वजह से बनी हुई थी। कुछ लोकतान्त्रिक पश्चिमी देशों ने खुलकर भारत की आलोचना करनी शुरू कर दी थी। मानवाधिकार संस्थाओं के वैश्विक संगठनों ने भारत को बहुत निचले पायदान पर पहुंचा दिया था। यहां तक कि राष्ट्रसंघ में भी भारत की लोकतान्त्रिक पहचान पर सवालिया निशान लगने लगे थे। अतः नवम्बर 1976 के महीने से ही इन्दिरा जी ने इमरजेंसी में ढील देनी शुरू की और पैरोल पर विपक्षी नेताओं को जेल से रिहा करना शुरू किया। सबसे पहले रिहा होने वाले ओडिशा के नेता स्व. बीजू पटनायक थे जिन्होंने रिहा होते ही इन्दिरा गांधी के शासन के खिलाफ वक्तव्य जारी किया और लोगों से लोकतन्त्र के लिए जद्दोजहद करने की अपील की। इसके बाद नेताओं को क्रमबद्ध तरीके से जेल से छोड़ा जाने लगा और उनकी कहानियां लोगों में पहुंचती रहीं।

जेल से छूटे हर नेता ने इन्दिरा गांधी को निशाने पर लेकर उनके खिलाफ लोकतान्त्रिक जंग छेड़ने का आह्वान करना शुरू किया और जनवरी 77 आते-आते इन्दिरा गांधी ने इमरजेंसी को हटाने की घोषणा कर दी। अतः जनवरी की उस तारीख को यह देश लोकतन्त्र के जश्न के दिन में क्यों न मनाये? हमें इमरजेंसी लगाये जाने वाले दिन के साथ ही इसे हटाये जाने वाले दिन को भी याद रखना होगा और भारत के लोकतन्त्र का जश्न भी मनाना होगा।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627, *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# स्वास्थ्य टीम को गांव में मिले चिकन पॉक्स के 16 मरीज



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

रमियाबेहड़ के गांव बैरिया में संक्रामक रोगों के फैलने की सूचना पर सीएमओ द्वारा एक टीम भेजकर जांच कराई गई। जिसमें 16 मरीज चिकन पॉक्स से पीड़ित पाए गए। वहीं कमाल अहमद की मृत्यु को लेकर टीम द्वारा जो जानकारी इकट्ठा की गई जिसमें पता चलता है कि कमाल का इलाज गांव के ही झोलाछाप डॉक्टर से कराया गया, हालत बिगड़ने पर उसे झोलाछाप डॉक्टर द्वारा रेफर कर दिया गया। जहां रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सीएचसी रमियाबेहड़ के गांव बैरिया में संक्रामक रोगों के फैलने की सूचना मिली। साथ ही वहां के निवासी कमाल अहमद (35) पुत्र इकबाल मृत्यु चिकन पॉक्स से होने की सूचना मिली। जिस पर उनके द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अनिल वर्मा, मेडिकल ऑफिसर डॉ एस चंद्रा, फार्मासिस्ट वेद प्रकाश और वार्ड बॉय अखिलेश सहित एएनएम शीला मौर्य व आशा ननकई देवी सहित 6 सदस्य टीम को गांव में जांच के लिए भेजा गया। जहां पर टीम द्वारा करीब 27 लोगों की जांच की गई। जिसमें 16 मरीज चिकन पॉक्स के मिले, जिन्हें दवाइयां दी गईं। वहीं मृतक कमाल अहमद के घर पर टीम ने जाकर जानकारी की तो घरवालों ने बताया कि मृतक कमाल अहमद को 7 दिन पहले से बुखार आया था। उसके अगले दिन पूरे शरीर पर बड़े-बड़े दाने पड़ गए थे। जिसका इलाज घरवालों द्वारा झोलाछाप चिकित्सक से कराया गया। हालत बिगड़ने पर झोलाछाप चिकित्सक ने लखीमपुर रेफर कर दिया। जहां से रास्ते में लाते समय उसकी मौत हो गई। वही जांच टीम को कमाल अहमद के घर में चिकन पॉक्स का कोई मरीज नहीं मिला है। उपरोक्त जानकारी के अनुसार कमाल अहमद की मौत दवाओं के दुष्परिणाम या सेप्टीसीमिया से होना प्रतीत होता है। साथ ही उन्होंने यह भी अपील की कि सदैव योग्य और प्रशिक्षित चिकित्सक से ही इलाज करवाएं।

# हत्या का अनावरण, पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**




26 जून 2023 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा मुकदमा में नामजद व वांछित अभियुक्त सन्दीप कुमार पुत्र रामसिंह उर्फ छंगा नि0 पचकोरवा थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी को 24 घण्टे के अन्दर महेवागंज के पास दुबग्गा मोड से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि कि ग्राम पंचकोरवा मे सावित्री नाम की महिला की मृत्यु हो गयी थी जिसके सम्बन्ध मे पूर्व मे फौती सूचना थाना हाजा पर दर्ज की गयी जिसके आधार पर मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अवलोकन एंव जाँच से पाया गया कि पिछले कई दिनो से पति व पत्नी का विवाद चल रहा था जिसको लेकर दिनाँक 23 जून 2023 की रात्रि 10 बजे को मृतका सावित्री के पति अभियुक्त सन्दीप कुमार उपरोक्त द्वारा मारपीट कर छत से फैंककर हत्या कर देने का पता चला, जिसके सम्बन्ध में वादी रिंकू पुत्र रामसनेही नि0 मोहम्मदपुर कैमहरा थाना कोतवाली सदर जिला खीरी की सूचना के आधार पर दिनाँक 25 जून को थाना कोतवाली सदर पर हत्या का मुकदमा पंजीकृत किया गया था अभियुक्त सन्दीप उपरोक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरी0श्री चन्द्रशेखर सिंह कोतवाली सदर,उ0नि0 कमलेश कुमार राजभर कोतवाली सदर, उ0नि0 दिनेश कुमार शुक्ल कोतवाली सदर, हे0का0 अविनाश सिंह कोतवाली सदर, का0 अमरजीत कोतवाली सदर, का0 अरविन्द कुमार कोतवाली सदर, म0 का0 पूजा पाण्डेय कोतवाली सदर, म0क 10 अल्तमिश कोतवाली सदर मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26 जून 2023 को पलिया पुलिस द्वारा अभियुक्त राजू थापा पुत्र मोहन थापा निवासी ढोका बाजार अमर बस्ती पूर्ण बास कंचनपुर नेपाल को अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) कुल वजन 02 ग्राम 60 मिली ग्राम बरामद करके गिरफ्तार किया गया। जिसके संबंध में पलिया पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।इस मौके गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 संचित यादव चौकी प्रभारी कस्बा थाना पलिया,कां0 संदीप चौधरी, कां0 मंदीप मौजूद रहे।

### सार्वजनिक जगह पर जुआं खेलते हुए पांच गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 25 जून 2023 को थाना उचौलिया पुलिस द्वारा 05 नफर अभियुक्त सन्तोष कुमार पुत्र बाबूराम, रामसिंह पुत्र भीमसिंह, बब्लू पुत्र धनीराम,मिथलेश पुत्र रामलाल निवासी जलालपुर थाना उचौलिया जिला खीरी व सोनू पुत्र राधेश्याम नि0 ग्राम सल्लिया थाना पसगवां जिला खीरी को हार जीत की वाजी लगाकर जुआ खेलते हुए ग्राम जलालपुर से गिरफ्तार किया गया । जिसके संबंध मे थाना उचौलिया जिला खीरी पर म जुआँ सार्वजनिक अधि0 का मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 श्री लोकेश सिंह थाना उचौलिया जनपद खीरी,हे0का0 राशिद खां थाना उचौलिया जनपद खीरी,का0 टिंकू प्रजापति थाना उचौलिया जनपद खीरी,का0 दीपक प्रजापति मौजूद रहे।

### एसआर ग्रुप का प्रतिभा सम्मान समारोह 2 जुलाई को

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जनपद जालौन के समस्त हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 2 जुलाई को प्रातः 9 बजे आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया जायेगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा होंगे। उक्त जानकारी से अवगत कराते हुये एसआर ग्रुप के प्रबंधक अशोक राठौर ने बताया कि एसआर इंटर कालेज व एसआर बालिका इंटर कालेज उरई के छात्र–छात्राओं के अंकों का रिकार्ड विद्यालय में उपलब्ध है। अन्य विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के अंक उपलब्ध न होने के कारण उन्हें सूचित किया जा रहा है वह अपने अंकपत्र ऑनलाइन प्राप्त हुये अंक पत्र को एसआर इंटर कालेज उरई कार्याय में प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे के बीच 30 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि प्रमाण पत्र तैयार कर मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जा सके।

### ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहे ट्रक स्वामी की मौत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर छिरिया सलेमपुर कट के पास आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे चल रहे ट्रक का चालक संतुलन खो बैठा और टक्कर हो गई। हादसे में चालक घायल हुआ व ट्रक स्वामी की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जनपद मैनपुरी के करहल थाना क्षोत्र के ग्राम नगला कूड निवासी मनोज कुमार (35) पुत्र पूरन सिंह के पास ट्रक है। रविवार की रात वह झांसी की ओर से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से होकर इटावा की ओर जा रहे थे। ट्रक उनका चालक व रिश्तेदार सोनू उर्फदीपक (32) पुत्र जयभान निवासी निवासी नगला वाले थाना एरवा कटरा जिला औरैया चला रहा था। जबकि मनोज उसके बगल में बैठे थे।। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर जब उनका ट्रक छिरिया सलेमपुर के पास किमी संख्या 203 के पास पहुंचा तभी आगे चल रहे ट्रक के चालक ने बिना कोई सिग्नल दिए अचानक से ब्रेक लगा दिए। अचानक ब्रेक लगने से पीछे ट्रक चला रहा सोनू संतुलन खो बैठा और ट्रक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे में चालक सोनू व ट्रक स्वामी मनोज गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां मनोज ने दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल सोनू को उच्च संस्थान रेफर किया गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, मृतक के पिता पूरन सिंह ने अज्ञात ट्रक व उसके चालक के खिलाफकोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### रास्ते में पशुओं को बांधने से रोकने के लिये एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** पशु पालक आम रास्ते में जानवरों को बांध देते हैं। रास्ते में जानवर बांधने के कारण राहगीरों को दिक्कत हो रही है और रास्ते में फैली गंदगी से निकल रही बदबू से आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। ग्रामीण ने एसडीएम व पुलिस को शिकायती पत्र देकर आम रास्ते को खाली कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी मानसिंह ने बताया कि घर के बाहर सीसी सड़क बनी हुई है। गांव के कुछ लोग भेंड़ व बकरी का पालन करते हैं। जानवरों के लिए उनके पास जगह न होने के कारण वह आम रास्ते में जानवरों को बांध देते हैं।। जानवर सड़क पर गंदगी करते हैं। जानवरों के कारण फैली गंदगी के कारण बदबू आती है। बदबू के कारण घर के बैठना मुश्किल हो जाता है। सोमवार को जब उनसे सड़क पर फैली को साफ करने और जानवर अंदर बांधने के लिए कहा तो वह झगड़ा करने पर आमदा हो गये और गाली–गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने पुलिस व एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आम रास्ते में बंध रहे जानवरों पर रोक लगाने की मांग की है।

# अगामी त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

आगामी त्योहारों को लेकर प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने कोतवाली लखीमपुर सदर क्षेत्र के सम्मानित लोगो, सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ कोतवाली परिसर में एक एक पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कर सभी लोगो से आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करे जिससे गंगा जमुनी की तहजीब की एक बार फिर मिशाल पेश हो सके। इस मौके पर सीओ सिटी संदीप सिंह, तहसीलदार सदर, बिजली विभाग के एसडीओ व पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

## अतिक्रमण की गिरफ्त में नगर मोहम्मदी, जाम की झाम में फंसा बाजार

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।** नगर के बाजारों,चौराहो,मुख्यमार्गों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण व अवैध कब्जे से सड़कें सिकुड़ कर रह गई हैं।अतिक्रमण के चलते जहां खरीदारी करने वाले ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं अस्पताल रोड पर आए दिन आपातकालीन स्थिति में यहां पर एंबुलेंस जाम की झाम में फसी नजर आती है।बाबजूद इसके अधिकारियों द्वारा नामालूम कारणों से कोई कार्यवाही नही की जाती है।जबकि समय समय पर अतिक्रमण के चलते हुई घटनाओ के बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान की मांग होती रही।मगर मोहम्मदी प्रशासन है जो खोखा-पटरी,ठेलो वालो को हटाकर ही अतिक्रमण अभियान से इतिश्री कर लेता है।

# जिम जा रहे युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी पुलिस हिरासत में

**रामपुरा (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को रामपुरा निवासी हैदर खान पुत्र नहीम खान निवासी राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 10 रोजाना की तरह सुबह 5 बजे के लगभग जिम करने जा रहा था। घर से थोड़ी दूरी पर खड़े लक्ष्मण पुत्र जगपाल निवासी अकबरपुरा थाना माधौगढ़ अपने हाथ में हंसिया व त्रिशूल लिए खड़ा था। जिसने हैदर के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया। घायल अवस्था में हैदर की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग हैदर को बचाने के लिए दौड़े। उक्त युवक द्वारा हैदर के सिर में वार करने पश्चात हैदर को दूरी तरह अपने मुँह से कई जगह काट लिया। मुहल्लेवासियों द्वारा उक्त युवक के चंगुल से जैसे तैसे हैदर को छुड़ाया तो उक्त युवक सभी को गालीगलौज तथा जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। लोगो ने पुलिस को सूचना दी। घायल अवस्था मे हैदर को रामपुरा अस्पताल लाया गय। जहाँ डॉक्टर द्वारा घायल हैदर का प्राथमिक उपचार किया।

हैदर के सिर में गंभीर चोटें आई। जिसमें डॉक्टर द्वारा 13 टाँके लगाये गये। हैदर ने उक्त युवक के खिलाफ थाने में लिखित तहरीर दे दी हैं। वही प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण सिंह ने कहा कि घायल युवक की तरफ से तहरीर प्राप्त हो गई हैं। उक्त युवक को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया गया है। आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं।

## चंद्रदर्शन के अनुसार ईद-उल-जुआ का त्यौहार 29 को मनेगा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जनपद न्यायाधीश शिवकुमार ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से अधीनस्थ न्यायालयों के अवकाश हेतु निर्गत कैलेण्डर वर्ष 2023 में ईद-उल-जुहा का अवकाश 30 जून तारांकित कर घोषित किया गया है। उक्त कैलेण्डर की टिप्पणी संख्या-1 में यह भी अंकित किया गया है कि तारांकित तिथियों स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार पुनः निर्धारित की जा सकती हैं। स्थानीय चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद-उल-जुहा का त्यौहार 29 जून दिन गुरुवार को मनाया जायेगा। अतः जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई के मुख्यालय स्थित समस्त न्यायालयों एवं वाह्य स्थित न्यायालय जालौन, कोंच, कालपी एवं ग्राम न्यायालय माधौगढ़ में ईद-उल-जुहा का 30 जून दिन शुक्रवार के स्थान पर 29 जून दिन गुरुवार का अवकाश घोषित किया जाता है, 30 जून को जनपद न्यायालय, जालौन स्थान उरई के मुख्यालय स्थित समस्त न्यायालयों एवं वाह्य स्थित न्यायालय जालौन, कोंच, कालपी एवं ग्राम न्यायालय माधौगढ़ यथावत कार्य करेंगे।

# हर घर कनेक्शन दिये जाने से विद्युत चोरी पर लगेगा विराम : एमडी

- सर्वे कराकर विद्युत उपभोग करने वाले परिवारों व विद्युत उपभोग न करने वालों का डाटा करें तैयार
- कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से विद्युत विभाग के झटपट पोर्टल से कराये जायेंगे
- जिन परिवारों पर पहले से विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज है उनके ऊपर राजस्व निर्धारित हो चुके उन्हें भी एक मात्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके विराम प्रदान किया जायेगा



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक अमित किशोर, जिलाधिकारी चाँदनी सिंह, पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने अवर अभियंता व अधिशाषी अभियंता विद्युत के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबन्ध निदेशक अमित किशोर ने विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं जैसे कि विद्युत आपूर्ति में आ रही कठिनाईयों को दूर करने हेतु भारत सरकार की रिवेम्प योजना के तहत कार्यवाही करने एवं आबादी के अनुसार हर घरों में कनेक्शन न होने के कारण जीवन स्तर में सुधार करने हेतु घर-घर कनेक्शन किये जाने की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा की गयी। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि जनपद में आवासित परिवारों का स्वयं सहायता समूहों, विद्युत सखी, पंचायत सहायकों आदि के माध्यम से ग्राम पंचायतवार सर्वे कराया जायेगा जिससे आवासित परिवारों द्वारा किये जा रहे विद्युत उपयोग का प्रकार अथवा विद्युत उपयोग न कर रहे परिवारों का डाटा संग्रह करके जो परिवार विद्युत का उपयोग वैधानिक तरीके से नही कर रहे है उन्हें प्रेरित करके विद्युत कनेक्शन दिया जाये। स्वयं सहायता समूहों, विद्युत सखी, पंचायत सहायकों आदि के द्वारा विद्युत कनेक्शन कराये जाने पर प्रोत्साहित राशि 100 रुपए प्रति कनेक्शन दिया जायेगा।

यह धनराशि कनेक्शन होने के उपरांत तत्काल अधिशाषी अभियंता द्वारा निर्गत की जायेगी एवं हर घर कनेक्शन दिये जाने से न केवल विद्युत चोरी पर विराम होगा अपितु यह आवासीय परिवारों के जीवन स्तर पर सुधार लायेगा। इस सर्वे के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही न करते हुये विद्युत कनेक्शन प्रदान किया जायेगा तथा जिन परिवारों पर पहले से विद्युत चोरी की एफआईआर दर्ज है तथा उनके ऊपर राजस्व निर्धारित हो चुके है उन्हें भी एक मात्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करके विराम प्रदान कर दिया जायेगा।

उपरोक्त सभी कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से विद्युत विभाग के झटपट पोर्टल से कराये जायेंगे एवं सभी विद्युत विभाग के अधिकारी इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुये न्यूनतम समय में कनेक्शन जारी करेंगे। विद्युत चोरी में विराम लगाये जाने हेतु उक्त के अतिरिक्त रिवेम्प योजना में लाईन हानियों को कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा करोड़ों रुपये स्वीकृत हो चुके है जिस पर त्वरित गति से धरातल पर कार्य प्रारम्भ हो गया हैं।

उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुये जनपद के जालौन विकास खण्ड में समस्त मीटर रीडिंग में संबंधित कार्य को विद्युत सखियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग द्वारा जारी आरसी की वसूली हेतु प्रभावी कार्यवाही करते हुये तहसीलदारों एवं संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. अभय कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) पूनम निगम, निदेशक टेक्नीकल बीएम शर्मा, अधीक्षण अभियंता (कामर्शियल) रामप्रकाश गुप्ता, विद्युत विभाग के आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### एई स्टोर, एक्सईएन प्रथम से लापरवाही पर मांगा स्पष्टीकरण

उन्होंने विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधि, अधिकारी व आम नागरिकों द्वारा फोन किया जाता है लेकिन आप द्वारा फोन रिसीव नहीं किया जाता है आप अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुये सभी लोगों का फोन रिसीव अवश्य करें, शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाये। उन्होंने एई स्टोर व अधिशाषी अभियंता विद्युत प्रथम को कार्य में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने कहा कि जनपद के स्टोर रूमों में सामान की पर्याप्त उपलब्धता है, आम नागरिकों को अनावश्यक परेशान न किया जाये। सरलता पूर्वक स्टोर रूम से सामान उपलब्ध कराया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना मिलते ही शहरी क्षेत्र में 24 घण्टे व ग्रामीण क्षेत्र में 48 घण्टें बदलने का प्रावधान हैं आपको निर्देशित किया जाता है कि जनपद में ट्रांसफार्मर की उपलब्धता पर्याप्त है शहर में 2 से 3 घण्टे के अंतराल में ट्रांसफार्मर बदलना सुनिश्चित करेंगे।

### कार्य में गुणवत्ता न मिली तो होगी एफआईआर दर्ज

मीटिंग के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग में कार्य करने वाली मोटोकारला ऐजेन्सी को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद में जर्जर तार व पोल का गुणवत्ता से कार्य किया जाये, गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जायेगा, आप द्वारा कराये जा रहे कार्य में अगर बरती गयी लापरवाही तो एफआईआर भी आपके विरुद्ध की जायेगी साथ ही आपको ब्लैक लिस्टिड भी किया जायेगा।

# अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका पर जिला प्रशासन को सूचित करें : डीएम



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) एवं श्रावण मास सहित अन्य त्यौहारों पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार मनाये दूसरों की भावनाओं को भी ध्यान में रखे, आप सभी सभ्रान्त जन है आप सब की भी जिम्मेदारी बनती है कि अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने की आशंका होने पर त्वरित जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी भ्रामक खबरों को प्रसारित करने के बचे और कोई भी इस प्रकार की सूचना यदि उन्हें प्राप्त होती है तो उसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को दें ताकि उस सूचना की जांच करते हुये प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाये तथा उससे निकलने वाले अपशिष्ट को इधर-उधर न फेंककर एक ही स्थान पर एकत्रित कर दे ताकि उसका यथोचित निस्तारण हो सके। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुये विद्युत आपूर्ति बाधित न होने पाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, नगर पंचायतों को निर्देशित किया कि आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता एवं लापरवाही क्षम्य नही होगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आगामी दिवसों में आने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत सभी सुरक्षा संबंधित तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि सार्वजनिक सड़कों पर नमाज या अन्य किसी प्रकार के कार्य न किये जाये, प्रतिबन्धित जानवारों की कुर्बानी न की जाये। उन्होने समस्त क्षेत्राधिकारियों वं थाना चौकी प्रभारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में संभ्रान्त नागरिकों के साथ पीस कमेटी के सदस्यों से समन्वय स्थापित करते हुये जनपद में भाईचारा, साम्प्रदायिक, सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करें। इस दैरान उपस्थित संभ्रान्त नागरिकों ने कहा कि जनपद में हम लोग त्यौहारों को आपसी सौहार्द व प्रेम के साथ मनाते है कभी किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हुई है हम सभी लोग इस बार भी आपसी भाईचारे व प्रेम, सौहार्द के साथ आगामी त्यौहारों को मनायेगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पूनम निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब के वार्षिक अधिवेशन में उल्लेखनीय कार्यों के लिये किया सम्मानित

**बिसवा ( सीतापुर ), समृद्धि न्यूज।**

सामाजिक कार्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्था ÷इनरव्हील क्लब ÷ के वार्षिक अधिवेशन मे इनरहील क्लब बिसवां को उसके उल्लेखनीय कार्यो के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया है लखनऊ मे हुए डिस्ट्रिक -312 के वार्षिक अधिवेशन मे बिसवा चैप्टर के उल्लेखनीय कार्यो और सामाजिक गतिविधियों मे सक्रियता के लिए अध्यक्ष रंजना शुक्ला को प्रेजिडेंट स्टार अवार्ड और सचिव निधि सिंघल को सेक्रेटरी स्टार अवार्ड डिस्ट्रिक चैयरमैन वर्षा विनय कुमार ने सम्मानित किया, इनरव्हील क्लब को विस्तार देते हुए चैप्टर द्वारा नगर बिसवा मे उड़ान नाम से एक नये चैप्टर की स्थापना के लिए फाउंडर स्टार अवार्ड अध्यक्ष रंजना शुक्ला को प्रदान किया गया , अध्यक्ष रंजना शुक्ला ने अवार्ड प्राप्त करते हुए इसे क्लब के समस्त सदस्यों और नगर के लोगो का सामूहिक प्रयास बताते हुए उन सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ,उन्होंने कहा कि क्लब सामाजिक कार्यो को लगातार जारी रखेगा। बिसवां क्लब को मिली इस विशिष्ट उपलब्धि पर नगर के लोगो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं ने शाहू जी महाराज की मनाई जयंती

**बिसवां (सीतापुर)।** अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं ने सेवता विधानसभा अन्तर्गत जहांगीराबाद स्थित आदर्श राम स्वरूप विद्यालय इण्टर कॉलेज में धूम धाम के साथ छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में दल के शिक्षक मंच के जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा मौजूद रहे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अतिथियों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राम लखन वर्मा उपाध्यक्ष विधानसभा सेवता, महासचिव सुधाकर कुमार मिश्र एवं संतोष कुमार वर्मा सचिव विधानसभा सेवता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों का नैनीताल शैक्षिक भ्रमण सम्पन्न

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी द्वारा विद्यालय बस को हरी झंडी दिखाकर नैनीताल के लिए रवाना किया गया बच्चों ने नैनीताल पहुंचकर बहुत अच्छा महसूस किया, बच्चों को कई पवित्र स्थानों जैसे नैना देवी मंदिर, नैनी झील व अन्य कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया गया। 22 जून को बच्चों को जागेश्वर धाम के लिए ले जाया गया वहां पर अति प्राचीन दर्शनीय स्थलों को देखकर बच्चे भाव विभोर हो गए बच्चों ने माल रोड पर घूम कर काफी अच्छा महसूस किया 23 जून 2023 को बच्चों को नीम करोली मंदिर के दर्शन करवाने ले जाया गया बच्चों ने दर्शन करके अपने को धन्य धन्य महसूस किया 24 जून को पुनः सभी बच्चे विद्यालय वापस आ गए। विद्यालय का शैक्षिक भ्रमण बहुत ही शिक्षाप्रद व आनंदमयी रहा। सभी बच्चों ने विद्यालय के शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यालय स्टाफ व प्रधानाचार्या को धन्यवाद दिया। विद्यालय शैक्षिक भ्रमण में अध्यापकगण मुकेश बाजपेई, सुभाष मिश्रा, आकांक्षा तिवारी, अलका कटियार, सीमा श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, अर्चना सिंह, प्रियंका सिंह, रिया रस्तोगी तथा प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी साथ रही।

## एसडीओ ने पकड़ी विद्युत चोरी, दर्ज करायी एफआईआर

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग के एसडीओ कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीजीटू नरेंद्र कुमार, उपेंद्र कुमार आदि नगर के मोहल्ल मुरलीमनोहर में बिजली की चौकिंग कर रहे थे। बिजली चेकिंग के दौरान जब मुस्ताक के यहां चेकिंग की गई तो टीम ने पाया कि मीटर की सर्विस केबिल के अतिरिक्त बंच केबिल में कट लगाकर एक दूसरी केबिल डाले थे। उक्त दूसरी केबिल से वह अपनी दुकान में बिजली जला रहे थे। एसडीओ ने बंच केबिल में कट लगाकर की जा रही बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उक्त संदर्भ में एसडीओ कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि बंच केबिल में कट लगाकर की जा रही बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।


## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1, लालबाग, लखनऊ

पत्रॉकः- 484/EE1/ नि0 दिनांकः-26/06/2023

### अल्पकालीक निविदा-सूचना

निम्नलिखित आपूर्ति/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 03.7.2023 के सांयकाल 4.00 बजे तक आमन्त्रित किये जाते हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 03.07.2023 को 1.00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई सिल्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 4.00 बजे तक निविदा बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बॉक्स से प्राप्त

| क्र0 सं0 | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मुल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन-1 अन्तर्गत कुल 06 नग नलकूपों पर इलेक्ट्रिानिक क्लोरीनेटर विद इंजेक्टर 06एल.पी.एम. कैपेसिटी की आपूर्ति व अधिष्ठापन का कार्य। | 250.00 | 5000.00 |

सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4.30 बजे सांय काल खोली जायेगी।

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-1 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग**

### खनन भंडारण में फर्जी सी प्रपत्र जारी कर सरकार को करोड़ों का चूना लगाने के मामले में एक गिरफ्तार

# कार्रवाई के बाद खनन क्षेत्र में मचा हड़कम्प

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



खनन भंडारण में फर्जी सी प्रपत्र जारी कर सरकार को करोड़ों का चूना लगाने के मामले में चोपन पुलिस को पहली बार सफलता मिल गयी है । मुखबीर की सूचना पर मुकदमा में वांछित अभियुक्त रविकांत पाण्डेय को आज सुबह पुलिस ने छपका रावर्टसगंज से गिरफ्तार किया है। जिससे पास से फर्जी ई- प्रपत्र सी बेचकर अभियुक्त रविकांत पाण्डेय के हिस्से में कमीशन के रूप में प्राप्त 188000/- रुपया तथा अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त एक अदद एन्ड्रायड मोबाइल फोन बरामद किया है। इस कार्यवाही के बाद खनन इलाकों में हड़कम्प मचा हुआ है।

बतादे कि 2 मई 2023 को जयेष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार द्वारा दिये गये तहरीर में कहा गया था कि भण्डारण लाइसेंस की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से ई-प्रपत्र - सी जनरेट कर राज्य सरकार को रायल्टी व खनिज मूल्य सहित लगभग रू0 1,39,04,640/- के सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाया गया। इस तहरीर के आधार पर थाना चोपन पर मु0अ0स0- 100/23 धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 3 लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम बनाम 1. मे0 एस0 कन्ट्रक्सन एण्ड सप्लायर्स बिल्ली मारकुण्डी के पार्टनर सत्य प्रकाश केशरी पुत्र धर्मनाथ केशरी निवासी शिवनगर कालोनी ओबरा सोनभद्र, 2. मे0 दुर्गा मनिंग एण्ड माँ कन्स्ट्रक्शन मीतापुर पता प्रीतनगर चोपन गणेश कुमार अग्रवाल पुत्र राम निवास अग्रवाल निवासी 14 / 364 राम मन्दिर कालोनी ओबरा सोनभद्र, 3. मे0 माँ दुर्गा माइनिंग एण्ड कन्स्ट्रक्शन के कम्प्यूटर ऑपरेटर श्याम कुमार प्रजापति पुत्र अकलू प्रसाद निवासी जूड हरचन जिला चन्दौली हालपता निवासी बिल्ली ओबरा, सोनभद्र, 4. आशुतोष मिश्रा पुत्र जवाहर मिश्रा निवासी गौरव नगर, चोपन, सोनभद्र मोबाइल नं0- 8604504003, 5. रविकान्त पाण्डेय पुत्र दीनानाथ पाण्डेय हाल निवासी अहरौरा, मोबाइल नं0- 6394182388, 6. अन्य अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना चौकी प्रभारी डाला उ0नि0 राजेश प्रताप सिंह द्वारा की जा रही है।

पुलिस के अनुसार विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि उपरोक्त घटना का मास्टर माइंड दीपचन्द द्विवेदी पुत्र जगदीश चन्द्र द्विवेदी निवासी विसुंदरपुर सिविल लाईन थाना कोतवाली शहर मिर्जापुर है जिसके द्वारा ई प्रपत्र सी को कूटरचित फर्जी रूप से तैयार कर नामजद अभियुक्त रविकांत पाण्डेय के माध्यम से अभियुक्त आशुतोष मिश्रा को दिया जाता था तथा आशुतोष मिश्रा द्वारा कूट रचित ई- प्रपत्र सी बेचकर गंतव्य स्थान तक पहुंचाया जाता था। विवेचना से अभियुक्त दीपचन्द्र द्विवेदी पुत्र जगदीश चन्द्र द्विवेदी निवासी विसुंदरपुर सिविल लाईन थाना कोतवाली शहर मिर्जापुर का नाम प्रकाश में आया है।




# 2024 में फिर बनेगी भाजपा की सरकार : उपेन्द्र सिंह रावत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

केंद्र मे भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय नेर्रत्व द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सफदरगंज मे जिला पंचायत सदस्य रामसिंह उर्फ़ भुल्लन वर्मा द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के सुशासन मे समाज के सभी वर्गो के हित मे काम हुए है उन्होंने कहा कि जिस तरह सांसद एव विधायक निधि मिलती है उसी तर्ज पर प्रधानमंत्री ने अन्नदाताओ को किसान सम्मान निधि देने का काम किया है। सासद उपेंद्र सिंह रावत ने कार्यकर्ताओ का आहवान करते हुए कहा कि वर्ष 2024 के आम चुनाव मे पुनः भाजपा की सरकार बनना तय है । आप सभी लोग भाजपा सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुचाने की अपील की। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को गमछा व टिफिन देकर सम्मानित किया गया। कार्यकर्ता समनेलन को जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत जी, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक कुशमेश, पूर्व विधायक हैदरगढ़ बैजनाथ रावत, अम्बरीश रावत , मंडल अध्यक्ष जैदपुर संजय अवस्थी व मसौली मंडल अध्यक्ष मसौली केवल प्रसाद वर्मा ने सम्बोधित किया।

# नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपाईयों ने जनसंपर्क कर गिनाई उपलब्धियां



**चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरा होने पर भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने चोपन मंडल के सुदूर आदिवासी अंचल जुगैल जोरबा शक्ति केंद्र बूथ संख्या 128,134,135 पर घर घर जाकर केंद्र सरकार के नव वर्ष की योजनाओं का पत्रक वितरित कर प्रधानमंत्री मोदी जी के समर्थन में मतदाताओं से 9090902024 पर मिस कॉल कराया । मतदाताओं से संपर्क कर जिला अध्यक्ष ने कहा कि मंडल के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने शक्ति केंद्र और बूथों पर जाकर सभी मतदाताओं से घर-घर संपर्क करें तथा केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जैसे स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना , सौभाग्य योजना के तहत विद्युतीकरण, उज्जवला योजना के तहत गैस वितरण, जनधन योजना के तहत गरीबों का निशुल्क बैंक खाता डिजिटल इंडिया मेक इन इंडिया राम मंदिर निर्माण अनुच्छेद 370 की समाप्ति तीन तलाक की समाप्ति के साथ सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मतदाताओं को जानकारी देकर 2024 के चुनाव में पुनः नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने हेतु आशीर्वाद प्राप्त करें। घर-घर संपर्क अभियान में मंडल अध्यक्ष चोपन सुनील सिंह, ओबरा मंडल अध्यक्ष सतीश पाण्डेय,डॉक्टर सत्येंद्र आर्य, मंजू गिरी, रामवृक्ष खरवार, सत्या केसरी, बच्चा गुर्जर, मुकेश पटेल सहित मंडल के प्रमुख कार्यकर्ता एवं शक्ति केंद्र संयोजक व बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# वांछित के विरुद्ध की गयी धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई

**चोपन/सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



सोमवार को चोपन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 1/23 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना रॉबर्ट्सगंज में वांछित अभियुक्त हिमांशु पुत्र गोविंद निवासी खरदेउर थाना घोरावल जनपद सोनभद्र, हाल पता-काशीराम आवास थाना रॉवट्रसगंज सोनभद्र के विरुद्ध धारा 82 सीआरपीसी की कार्रवाई की गयी। वहीं प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि वांछित अभियुक्त उपरोक्त निरन्तर फरार चल रहा है तथा मा0 न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहा है जिसपर मा0 न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की गयी तथा अभियुक्त उपरोक्त के निवास स्थान पर नोटिस चस्पा कराकर उसके घर एवं आस-पास के क्षेत्रों में मुनादी करायी गयी। यदि फरार अभियुक्त समयावधि के भीतर मा0 न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होता है तो उसके विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

### सभी के सहयोग से नियंत्रित होगा संचारी रोग

# जच्चा बच्चा अभियान को मिलेगी सफलता

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

संचारी रोग नियंत्रण की सफलता में सभी के सहयोग की जरुरत है क्योंकि यह मिशन जच्चा-बच्चा एव आमजनमानस की सुरक्षा से जुड़ा हुआ अभियान है सभी की जिम्मेदारी है ऐसे कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करे। उक्त बातें सोमवार को ब्लाक मुख्यालय पर संचारी रोग की सफलता को लेकर आयोजित ब्लाक टास्क फोर्स की बैठक को सम्बोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकीराम ने कही उन्होंने कहा सुरक्षित जीवन मे टीकाकरण का बहुत बड़ा योगदान रहा है एक टीका कई बीमारियों से जीवन को सुरक्षित करता है।जिसके लिए जनजागरण की आवश्यकता है। एडीओ पंचायत ने स्वयं संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम में प्रतिदिन प्रतिभाग का आश्वासन दिया। सहायक विकास अधिकारी ने बताया कि नालियों की सफाई, झाड़ियों की सफाई, व एंटी लार्वा का छिड़काव सफाई कर्मियों एव मजदूरों के माध्यम से कराये जाने के निर्देश पंचायत प्रतिनिधियों को दिया। आगामी जुलाई माह में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान की सफलता में पंचायत प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव के स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी आशाराम चौधरी ने संचारी रोग अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि मिशन की सफलता के लिए आशा बहुओ के माध्यम से प्लान को अन्तिम रूप दिया जा चुका है और जिन आशा बहुओ का प्लान नही मिला है।

# शासन का आदेश ठेंगे पर, बिजली कटौती बढ़ी, हो रही 10 घण्टे आपूर्ति

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

निरंतर बिजली कटौती से आम जन जीवन अस्त व्यस्त है। शासन के आदेश के बावजूद बिजली कटौती से जनता में विद्युत विभाग के विरुद्ध आक्रोश बना हुआ है। जब कि शासन का आदेश है कि शहरी इलाकों में 22 तो वहीं ग्रामीण इलाकों में कम से कम 18 घण्टे बिजली की आपूर्ति की जाये। जैदपुर कस्बा क्षेत्र में इस समय बिजली की कटौती लगातार जारी है दिन हो या रात बार बार ट्रिप लेना विभागीय कर्मचारियों की कार्यशैली बनी हुई है। बमुश्किल दिन रात को मिला कर 10 से 12 घण्टे ही बिजली मुहय्या हो पा रही है। जैदपुर नगर पंचायत के भाजपा प्रत्याशी रहे अबू उमैर अंसारी का कहना है कि शासन के आदेश के हिसाब बिजली की आपूर्ति की जाये बिजली की कटौती बरदास्त नही की जायेगी। अगर इसी तरह विभागीय कर्मचारी बिजली कटौती करते रहेंगे तो इसके खिलाफ माननीय मुख्यमंत्री जी को पत्र भेज कर शिकायत की जायेगी। तो वहीं कस्बे के वहीद सलमानी अबू बकर रितेश मौर्य रामू यादव अब्दुल हलीम खान मुजीब हाफिज अता सहित लोगों का कहना है कि जब सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी ने विद्युत विभाग को सख्त आदेश दे रखे है कि शहरी क्षेत्रों में 22 घण्टे व ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे बिजली की आपूर्ति की जाये तो विभगीय अधिकारी या कर्मचारी अपनी मनमानी करने पर क्यों तुले है।

# नगर पंचायत की पहली बोर्ड बैठक सम्पन्न

**हैदरगढ़ बाराबकी, समृद्धि न्यूज़**


नगर पंचायत सुबेहा कार्यालय पर सोमवार को नगर की समस्याओ के निदान को लेकर पहली बोर्ड बैठक चेयरमैन देवीदीन रावत की अध्यक्षता मे आयोजित की गयी । जिसमे भाजपा विधायक दिनेश रावत ,अवधेश सिंह चंदेल सहित वार्ड के समस्त सभासद गण मौजूद रहे ।इस बैठक के दौरान सड़क, नाली, पेयजल , प्रकाश सहित नगर की साफ सफाई के वयवस्था को लेकर चर्चा हुई । इस दौरान सभासदो ने कहा की प्रत्येक वार्ड मे कम से दो सफाईकर्मी नियुक्त किये जाये जिससे साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनायी जा सके ।वही वार्ड मे जो भी कार्य कराये जाय इसमे भी पादर्शिता बरती जाय और निधि के तहत आने वाले बजट से समस्त वार्ड मे कार्य सम्पन्न कराया जाय ।इस दौरान प्रत्येक वार्ड मे प्रति वर्ष 15 से 20 लाख रुपये का कार्य कराने की स्वीकृत प्रदान की गयी । इस मौके पर मौजूद विधायक ने भी नगर पंचायत के सर्वागीण विकास मे योगदान दिलाने की बात कही ।इस दौरान सभासदो ने विधायक से कहा की नगर पंचायत कार्यालय संचालित करने के लिये खुद का भवन नही है जिसके चलते पेयजल आपरेटर कक्ष मे बैठकर कार्य निपटाया जा रहा है बैठक के दौरान पर्याप्त जगह न होने से दिक्कत का सामना करना पड़ता है ।विधायक ने इसके लिये शासन को प्रस्ताव भेजने की बात कही।

# बसपा कार्यकर्ता गांव-गांव में लगाई चौपाल : पाल

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव चौपाल लगाकर समाज के सभी वर्गो में भाईचारा पैदा करके पार्टी को मजबूत बनाएं जिससे आने वाले लोकसभा के चुनाव में पार्टी की मुखिया सुश्री बहन कुमारी मायावती को इस देश का प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिल सके।

उक्त बातें ग्राम पंचायत खिरौनी में बहुजन समाज पार्टी के द्वारा आयोजित पोलिंग बूथ कमेटी गठन हेतु आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कही।प्रदेश अध्यक्ष श्री पाल ने कहा कि आज महंगाई और बेरोजगारी जहां चरम सीमा पर बढ़ी है वही अधिकारी और कर्मचारी निरंकुश हो चुके हैं। इसके कारण आज समाज का हर तबका बड़े पैमाने पर हैरान व परेशान है।सर्व समाज का विकास करने में बहुजन समाज पार्टी सक्षम है।इसके लिए हमें पार्टी को पोलिंग बूथ स्तर पर मजबूत बनाना होगा।बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पार्टी अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने संगठन के कार्यो की समीक्षा करते हुए पोलिंग बूथ पर 6 पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा करते हुए कहा कि हमें हर स्तर पर लोगों में जागरूकता पैदा करनी होगी तभी हम भारतीय जनता पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों के साजिश को नाकाम कर पाने में सफलता हासिल करेंगे क्योंकि बहुजन समाज पार्टी एक विचारधारा है और हम अपने महापुरुषों संतों,गुरुओं,ऋषियों और मुनियों के आदर्शों पर चलकर एक अच्छे देश का निर्माण कर सकते हैं। बैठक की अध्यक्षता पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री चंद गौतम ने तथा संचालन विधानसभा गोसाईगंज के महासचिव राम भारत वर्मा ने किया।



# रामनगर पीजी कॉलेज में शिक्षक-प्रिंसिपल के बीच का विवाद पकड़ता जा रहा जोर

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

पीजी कालेज मे हिन्दी विभाग के प्राध्यापक और प्राचार्य के मध्य विगत के कई माह से चल रहा विवाद धीरे धीरे तूल पकड रहा है।लेकिन उपजिलाधिकारी से लेकर किसी भी सक्षम अधिकारी को क्षेत्र के इकलौते इस बडे शिक्षा मंदिर की अहम समस्या की तरफ गौर करने तक की फुरसत नही है।यह हाल तब जब महाविद्यालय के प्रबन्धक जिलाधिकारी महोदय और सचिव स्वंय उपजिलाधिकारी है।विवाद के हालात शोसल मीडिया पर आडियो वायरल होने के बाद यहा तक पहुच चुके है कि जिसमे बताया जा रहा है कि हिन्दी विभाग के प्रवक्ता स्वंय जिलाधिकारी महोदय को चुनौती पेश कर रहे है।अब लोगो मे सवाल तो इस बात का है कि वर्तमान समय मे आम आदमी की शिकायतो और समस्याओ का निवारण कैसै हो रहा है इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। कालेज में विगत करीब चार पाच माह से हिन्दी विभाग के प्रवक्ता और प्राचार्य के मध्य विवाद चल रहा है।जानकारो के मुताविक दोनो पक्षो की ओर से मुख्यमंत्री के पोर्टल से लेकर जिलाधिकारी तक शिकायते की गयी है। लेकिन उनका निराकरण नही किया जा सका। गौरतलब तो यह भी है कि दो एफआईआर एक दूजे के आरोपो की पुलिस दर्ज भी कर चुकी है। विभागीय सूत्रो के मुताविक एक तरफ प्राचार्य कौशलेन्द्र विक्रम मिश्र ने जिलाधिकारी महोदय से शिकायत की थी।उस पर आज तक कोई जाच आख्या एसडीएम की ओर से प्रेषित नही की जा सकी है।दूसरी तरफ प्राचार्य के सम्मान के प्रति संस्कारित व्यवहार का आचरण अपनाये जाने की नसीहत देने वाले संविदा शिक्षक डा. संजय तिवारी स्वंय के ऊपर मुकदमा पंजीकृत होने का दंश झेल रहे है।अब कौन सही कौन गलत है यह तो जाँच का विषय है।ताजा प्रकरण यह है कि एक वीडियो जिलाधिकारी के खिलाफ सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है।बताया जा रहा है कि इसी महाविद्यालय के एक प्राध्यापक द्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष/जिलाधिकारी को अपशब्द कहे जा रहे है।

## खराब हुई विद्युत वितरण की व्यवस्था, उपभोक्ता हुए परेशान, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत वितरण व्यवस्था को अत्यंत खराब बताते हुए भारतीय किसान यूनियन अरा0 द्वारा विद्युत वितरण खंड हैदरगढ़ के अधिशासी अभियंता पी0के0 गौतम को 5 सूत्री मांग पत्र देते हुए समय से समस्याओं का निस्तारण किए जाने की मांग की और समय से निस्तारण में होने की अवस्था में धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी और कहा कि इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। दिए गए ज्ञापन में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप गांव में 18 घंटे बिजली सप्लाई उपलब्ध कराने, गलत मीटर रीडिंग की समस्या का समाधान, किसानों का कनेक्शन होने के बाद भी मीटर ना लगे होने की वजह से गलत ढंग से बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज किए जाने, किसानों का बिल बकाया होने की दशा में कनेक्शन काट दिया जाता है।

# पुलिस ने दी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत मसौली के पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हेल्पलाइन नम्बरो की जानकारी देते हुए लोगों को महिला उपनिरिक्षक द्वारा जागरूक किया गया। मंगलवार को ग्राम पंचायत मसौली में महिला उपनिरिक्षक माया यादव ने महिलाओं से रूबरू होते हुए कहा कि आप लोग शिक्षा के साथ साथ सुरक्षा के लिए भी सजग हो।पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।आप लोग किसी भी तरह की समस्या को नजर अंदाज न करे पुलिस को सूचना दे।कोई भी समस्या होने पर 1090 तथा 112 नंबर अपने मोबाइल से डायल करे। पुलिस आप लोगो के सहयोग के लिए तत्तपर रहेगी और सहायता के लिए आपके पास पहुंचेगी।उन्होंने कहा की सुरक्षा के प्रति समाज के लोगो को भी जागरूक होने की जरूरत है।हर महिला किसी की बहन व बेटी होती है। हर माँ बाप की जिम्मेदारी बनती है कि बेटियों की ऐसे परवरिश करे जैसे पुत्र की जाती हैं।तथा बालिकाओ के रहन सहन पर विशेष ध्यान दे कि कही हमारी बेटी किसी के उत्पीड़न का शिकार तो नही हो रही है।और लोकलाज के कारण अपनी परेशानी बता नही पा रही हैं।आप लोग नि संकोच होकर थाने में महिला हेल्प डेस्क पर अपनी समस्या बताएं। महिला आरक्षी रीना कोरी ने महिलाओं और बच्चियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हुए महिला कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई व महिला संबंधित अपराध व साइबर अपराध के डायल. 112, 102, 108, 181, 1076, 1090, 1098, 1930 ) के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम मे बड़ी तादात मे ग्रामीण महिलाए मौजूद रही।

## पति की मृत्यु के ससुरालीजनों पर हुआ प्रताड़ना का मुकदमा

**सिद्धौर बाराबंकी।** पति की असामयिक मृत्यु के बाद महिला को प्रताड़ित करने के मामले में थाना कोठी पुलिस ने आठ ससुराली जनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। कोठी थाना क्षेत्र के अरुई गांव की सुनीता पत्नी स्व समर सिंह उर्फ मानसिंह के अनुसार कुछ समय पहले उसके पति की आसामायिक मृत्यु हो गई थी। पति की मृत्यु के बाद वही उनकी चल अचल संपत्ति की एकमात्र उत्तराधिकारिणी है। पीड़िता का आरोप है कि पति की मौत के बाद से ससुराल के लोग आए दिन उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। बीते 24 जून को अवधेश कुमार राकेश कुमार उमेश कुमार और अमरसिंह आदि लोग एक राय होकर उसे जाबेजा गलियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात घूंसो से उसकी पिटाई कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अवधेश कुमार राकेश कुमार उमेश कुमार अमरसिंह मिथिलेश उर्मिला देवी अनीता और कमला देवी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया ।इंस्पेक्टर कोठी अनिल सिंह का कहना है कि मामला दर्ज किया गया है।

## अम्बार तोड़ने पेड़ पर चढ़े युवक की डाल टूटकर गिरने से हुई मौत

**रामनगर,बाराबंकी।** अंबार तोड़ने पेड़ पर चढ़े युवक की डाल समेत नीचे गिर जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामनगर के अन्तर्गत सुढियामऊ चौकी के ग्राम किसुनपुर निवासिनी सुमन ने बताया कि उसके पति राधेश्याम गुप्ता पुत्र हीरालाल (45) घर के बाहर लगे पेड़ पर चढ़कर अम्बार का फल तोड़ रहे थे।इसी बीच अचानक से डाल टूटी और वह नीचे गिर गए।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से आनन फानन में परिजन उसे सीएचसी रामनगर लाए जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद से परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

## सर्प दंश की शिकार हुई महिला, सिविलअस्पताल रेफर

**रामनगर बाराबंकी।** सर्पदंश की शिकार महिला को गंभीर हालत में सोमवार को सीएचसी रामनगर लाया गया। जिसकी हालत नाजुक देखने पर यहां तैनात चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भैसुरिया निवासिनी 53 वर्षीय शाहजहां पत्नी लाल मोहम्मद रविवार की रात अपने घर पर जमीन पर सोई हुई थी। इस दौरान एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया।जिसकी हालत बिगड़ने पर उसके परिवार वाले उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर लाए,जहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल भेज दिया।

## दो बाइकों की टक्कर से साले बहनोई घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत हैदरगढ़ सुबेहा मार्ग पर बीजापुर गांव के निकट दो मोटरसाइकिल में आमने-सामने हुई टक्कर में बाइक सवार साले बहनोई गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कस्बा सुबेहा के हवेली वार्ड निवासी इफ्तिखार अहमद पुत्र मोहम्मद निजाम 42 वर्ष एवं कदीर पुत्र सगीर 28 वर्ष रिश्ते में साले बहनोई है आज शशाम मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ की ओर आ रहे थे कि तभी बीजापुर के निकट स्थित नटवीरन बाबा के स्थान पर विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई जिसमें दोनों लोग घायल हो गए सूचना पाकर पहुंची 108 एंबुलेंस द्वारा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर उपचार चल रहा है।

## अधिवक्ता चेम्बर का एएसपी वन ने किया उदघाटन

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर नगर के सुभाष वार्ड में सिविल न्यायालय के निकट नवनिर्मित अधिवक्ता चेंबर का उद्घाटन हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश बक्श सिंह के चेंबर उद्घाटन अवसर पर राजेश सक्सेना एडिशनल एसपी, मुख्य वन संरक्षक कानपुर,कृष्ण कुमार सिंह हरगोविंद सिंह पूर्व एम एल सी ,शास्त्री सीताराम दिवेदी पूर्व सांसद विधायक बैजनाथ रावत ,आलोक तिवारी चेयरमैन ,संजय सिंह एडवोकेट ,बृजेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट,राम अचल मिश्रा एडवोकेट,अवधेश, बाल विकास विद्यालय कोठी के प्रधानाचार्य विक्रम सिंह तिलकराम वर्मा कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया,राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट,राजीव कुमार बाजपेई ,अनुज सिंह वन दरोगा, अधिवक्ता धारानाथ मिश्रा प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र प्रताप सिंह जीत कुंवर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया मेधावी का सम्मान

**अयोध्या।** जिले की ग्राम पंचायत रामापुर की ग्राम प्रधान केसरावती देवी के पौत्र आयुष सहाय द्वारा आईआईटी प्रवेश परीक्षा में 42वां स्थान प्राप्त करने की सफलता हासिल करने पर क्षेत्र के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्र के लोग उनके घर पहुंच कर लगातार बधाई देने का सिलसिला जारी हैं। सोमवार की दोपहर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने पार्टी के अयोध्या मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी दिलीप कुमार विमल के साथ उनके घर जाकर उन्हें संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर का चित्र भेंट किया तथा माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर पार्टी के मंडल जोन इंचार्ज अरविंद गौतम गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के महासचिव राम भारत वर्मा कटेहरी विधानसभा क्षेत्र बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष सभाजीत ग्राम पंचायत अंकारीपुर के प्रधान राम जी मौर्या बहुजन समाज पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष विश्वनाथ कुमार सेक्टर अध्यक्ष पप्पू कुमार राव शिवकुमार पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम जन्मराव रामलगन विद्यार्थी राम प्रकाश पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती

**बेलहरा, बाराबंकी।** छत्रपति शाहूजी महाराज की 149 वीं जयंती सोमवार की दोपहर में सूरतगंज के अंबेडकर चौराहे के अंबेडकर पार्क में धूमधाम से मनाई गई। वहीं राष्ट्रीय बौद्ध महासभा व बौद्ध धम्म वेलफेयरट्रस्ट की ओर से कुर्मी समाज के लोगों ने गोष्ठी का आयोजन किया। छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय मिशन गायक जमुना प्रसाद कनौजिया एवं उनके सहयोगी ने गीत संगीत के माध्यम से बौद्ध धर्म और छत्रपति शाहूजी महाराज के कार्यो का उल्लेख किया। मुख्य अतिथि नेशनल जनमत सम्पादक नीरज कुमार पटेल ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज आरक्षण के जनक थे।दलितों,पिछड़ों एवं गरीबों के हितों को ध्यान रखते हुए 1902 में महाराज ने आरक्षण की व्यवस्था की थी। उनकी मंशा थी कि लोगों को रोटी, कपड़ा, मकान और सम्मान मिलना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि 1098 और चाइल्ड लाइन निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज दलितों व पिछड़ों के मसीहा थे। उन्होंने आरक्षणों की व्यवस्था लागू कर समाज को सम्मान के साथ जीने की राह दिखाई थी।इस मौके पर सिकोहना के प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार, एण्डौरा प्रधान प्रतिनिधि छोटू सिंह, अध्यक्ष कमला देवी, सुरेंद्र मौर्या और बब्लू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित

महोबा। समृद्धि न्यूज




**जिलाधिकारी** मनोज कुमार एवं एसपी अर्पणा गुप्ता की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ईदूज्जुहा बकरीद व श्रावण माह के दृष्टिगत जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।डीएम मनोज कुमार ने कहा कि मंदिरों /मस्जिदो के आस पास सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए कहीं भी जलभराव की स्थिति खड़ी ना हो। उन्होंने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतों को नगरीय क्षेत्रों तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदो के आस पास साफ सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सार्वजनिक स्थानों, प्रमुख चौराहे तथा निर्धारित स्थानों पर कूड़ा ट्राली तथा बड़े डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी दिए जाने वाले पशुओं के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नहीं दी जाएगी।कुर्बानी के उपरांत खून तथा बचे हुए अवशेष को सही एवं उचित स्थान पर डिस्पोज करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाए। उन्होंने सभी जनपदवासिओं से कहा कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहारों को मनायें । एसपी अर्पणा गुप्ता ने कहा कि कुर्बानी संबंधी फोटो व वीडियो को इंटरनेट मीडिया में प्रचलित ना किया जाए साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन व पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थानाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या ना हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाए अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।श्रावण माह मैं सभी शिव मंदिरों में साफ-सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार को मनाया जाए।

बैठक के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध जनों मौलवियों एवं धर्मगुरुओं साफ-सफाई जलभराव जल विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया साथ ही मौलवियों एवं धर्मगुरुओं ने जिले में अनेकता में एकता अमन चैन आपसी सौहार्द कायम बनाए रखने का आवाहन किया। उन्होंने लोगों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाए रखें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश, अपर एसपी सत्यम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर वेग, सीडीओ चित्रसेन सिंह एसडीएम सदर अरुण कुमार दीक्षित, एसडीएम चरखारी श्वेता पांडे, एसडीएम कुलपहाड़ जितेंद्र सिंह सहित समाजसेवी व धर्मगुरु शहर काजी अशफाक अहमद, अल्ताफ हुसैन, दाऊ तिवारी रामजी गुप्ता तथा समस्त शहर के समाजसेवी व धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# पनवाड़ी ब्लॉक सभागार में सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने दिव्यांगों को बांटे उपकरण

पनवाड़ी, महोबा। समृद्धि न्यूज





**पनवाड़ी** विकास खंड में ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी के केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के सेवा सुशासन के तहत सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के मुख्य अतिथि के रूप में एवम विशिष्ट अतिथि विधान परिषद सदस्य एवम जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर ब्लॉक सभागार में एक बैठक आहूत की गई सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि प्रस्तुत की इसके बाद अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने केंद्र सरकार की तमाम उपलब्धि गिनाई एवम कल्याण कारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला एवम दिव्यांगों, पात्र लोगो तो अनेक उनकी सहूलियत के हिसाब से उपकरण वितरित किये उपकरण पाकर दिव्यांग जनो के चेहरे पर मुस्कान थी इस अवसर पर कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी, जिला महामंत्री अवधेश गुप्ता, जिला महा मंत्री डॉ मंगल महान ब्लॉक प्रमुख के रूप में अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ,मुरली मनोहर तिवारी पूर्व जिला ध्यक्ष डॉ दिग्विजय दुबे भाजपा नेता नीरज द्विवेदी श्री प्रकाश मिश्रा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा रविन्द्र मिश्रा, महेंद्र मिश्र कुलदीप गौतम रब्बू चौबे, युवा नेता राजा दीक्षित सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएम मनोज कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबंधन की बैठक संपन्न

महोबा। समृद्धि न्यूज



**कलेक्ट्रेट** सभागार में जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल प्रबंधन और विनियमन अधिनियम 2019 की बैठक आहूत की गई। बैठक में जनपद के समस्त गाड़ी धुलाई सर्विस सेंटर संचालकों को जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया कि सभी संचालक दो दिवसो के अंदर भूगर्भ जल विभाग के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा लें अन्यथा की स्थिति में बिना रजिस्ट्रेशन कराए भूजल दोहन करते हुए पाए गए व्यक्तियों पर समूह/अथवा संस्था को 02 से 05 लाख तक का जुर्माना अथवा 06 माह से 1 वर्ष तक कारावास अथवा दोनों दंड निर्धारित किए गए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर वेग, ए आर टी ओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिला सुरक्षा विशेष दल ने मनचलों के विरुद्ध चलाया अभियान

**इटावा।** महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मनचलों व अराजक तत्वों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया जिससे मनचलों में हड़कम्प मच गया। महिला सुरक्षा विशेष दल ने शहर क्षेत्र अंतर्गत मंदिर, पूजा घर, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर, सार्वजनिक पार्क आदि के आसपास महिला सुरक्षा हेतु अभियान चलाकर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान अनावश्यक रूप से घूमने वाले छात्र-छात्राओं, युवक- युवतियों, मनचलों, अराजक तत्वों से रोककर पूछताछ की एवं सभी को बेवजह न घूमने की सख्त हिदायत देकर छोड़ा साथ ही छात्राओं को विषम परिस्थिति में पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा हेतु चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181, 1076, यूपी 112 इत्यादि की जानकारी दी तथा नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया।

# पांचवे इमाम मो. बाकिर को इल्म में महारथ हासिल थी: मौलाना जैदी

**इटावा।** पांचवें इमाम मोहम्मद बाकिर की शहादत पर घटिया अज़मत अली स्थित शिया जामा मस्जिद पंजतनी में मजलिस का आयोजन किया गया, मजलिस का शुभारंभ अली मेहदी ने कलाम पढ़कर किया। मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने तकरीर करते हुए कहा पांचवे इमाम मो. बाकिर की पैदायश एक रजब सन 57 हिजरी को हुई और शहादत 7 जिल्हिज्ज़ा सन 114 हिजरी को हुई इमाम की उम्र 57 साल थी। पांचवें इमाम मोहम्मद बाकिर बचपन से ही मुसीबतों से घिरे रहे इमाम ने कर्बला में 72 शहादतों का मंजर और कूफ़े व शाम में हुए जुल्म को बर्दाश्त किया। इमाम को इल्म में महारथ हासिल थी उन्होंने इल्म से कई जटिल मसलों को हल किया। श्री जैदी ने कहा नेक इंसान वह है जो गुनाह होने पर अल्लाह पर यकीन कर तौबा कर ले। तस्बीह ज़हरा इंसान को शैतान से दूर और अल्लाह के करीब करती है। वक्त के जालिम बादशाहों ने इमाम के ऊपर बहुत जुल्म ढाये। जालिम बादशाह ने पांचवें इमाम को दरबार मे तलब किया और उन्हें जहर से शहीद कर दिया गया। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, सलीम रज़ा, मौलवी ताबिश रिजवी, राहत हुसैन रिज़वी, तनवीर हसन, इबाद रिज़वी, अख्तर अब्बास, जहीर अब्बास, तहसीन रज़ा, मो. अब्बास, मो. मियां, अयाज हुसैन, अमीर हैदर जाफरी, शहज़ादे, शादाब हसन, राहिल, समर, हम्माद, शब्बर अक़ील, सोनू, राजा, रियाज रिज़वी, अदनान जाफरी, परवेज हसनैन, जहूर नक़वी, हसन अब्बास, सलमान रिजवी, तालिब रिज़वी, आतिफ एड., मेहदी, मो. अहमद, फ़ातिक सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## खबरें एक नजर में

### एसएसपी ने अंतर्जनपदीय पुलिस तैराकी प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

**इटावा।** कानपुर जोन की 60वीं अंतर्जनपदीय पुलिस तैराकी, वाटर पोलो, क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में किया। इस प्रतियोगिता में कानपुर जोन के 9 जनपदों इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहगढ़, कन्नौज, जालौन, झांसी एवं ललितपुर की पुलिस तैराकी,वाटर पोलो, क्रॉस कंट्री टीमों ने प्रतिभाग किया। समस्त जनपदों की टीमों द्वारा मंचासीन मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मार्च पास्ट कर मान प्रणाम किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा समस्त टीमों को खेल भावना के प्रति संवेदनशील रहकर खेलने के लिए संबोधित किया।इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा ग्राउंड में पहुंचकर टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

### आरआरएस ने किया दाल बाटी भोज का आयोजन

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जसवंतनगर में दाल बाटी भोज का आयोजन कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। जिला संघ संचालक रामनरेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संघ की नीतियों पर संदेश दिए। इस दौरान नए सदस्यों का प्रचारकों से परिचय भी कराया गया। इस दाल बाटी कार्यक्रम का उद्देश्य संघ के कार्यकर्ताओं में एकता व सामाजिक समरसता बनाए रखना बताया गया। खंड कार्यवाह राजकुमार यादव, सह खंड कार्यवाह सौरभ दुबे, सुनील चौधरी, रिंकू, जिला प्रचारक शिवम, जिला कार्यवाह, अखिलेश भदौरिया, जिला शारीरिक प्रमुख, अंकित आदि भारी संख्या में ग्रामवासी आदि उपस्थित रहे।

### सभासद देवेंद्र जिला योजना समिति के सदस्य बने

**इटावा।** जिला योजना समिति के चुनाव में नगर पालिका परिषद के गुलाबबाड़ी उत्तरी वार्ड के सभासद देवेंद्र यादव सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। सभासद देवेंद्र यादव के निर्वाचित होने पर सभी नगर वासियों और पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार सभी सभासदों पालिका कर्मचारियों ने बधाई दी है।बताते चलें घोषित जिला योजना समिति के चुनावी परिणामों में इटावा से पूनम पांडे, जसवंतनगर से देवेंद्र यादव, भरथना से राजीव तिवारी, इकदिल से नरेंद्र, लखना से रेखा देवी निर्वाचित हुई हैं।

### पुरानी पेंशन के लिए 15 जुलाई को होगा प्रदर्शन

**इटावा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ आगामी पुरानी पेंशन के लिए जोरदार संघर्ष करेगा जिसका आरंभ 15 जुलाई को जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन से होगा और 9 अगस्त राजधानी लखनऊ को विशाल प्रदर्शन करते हुए राजधानी की सड़कों को शिक्षकों और कर्मचारियों से भर दिया जाएगा। उक्त आशय की प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए उक्त ग्रीष्मकालीन गोष्ठी में सहभागिता कर लौटे प्रदेशीय मंत्री एवं जिलाध्यक्ष कवि कमलेश शर्मा ने बताया कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की ग्रीष्मकालीन गोष्ठी में राज्य परिषद की वृहद बैठक में लिया गया। काशी विद्यापीठ वनारस के गांधी सभागार में संघ की राज्य परिषद की ग्रीष्मकालीन गोष्ठी चिंतन शिविर आयोजित किया गया जिसके संयोजक पूर्व एमएलसी डॉ प्रमोद मिश्रा थे। राज्य परिषद की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व एमएलसी सुरेश कुमार त्रिपाठी ने की। राज्य परिषद ने शिक्षक हितों के लिए संघर्ष की रूपरेखा तैयार की।

### बकरीद की नमाज 29 को सुबह 7.30 बजे होगी

**इटावा।** ईद उल अजहा बकरीद की नमाज शिया समुदाय की चाणक्य होटल स्थित ईदगाह परिसर के अंदर 29 जून दिन जुमेरात को सुबह ठीक 7.30 बजे होगी। उक्त जानकारी राहत अक़ील शक्कन व शावेज़ नक़वी ने देते हुए बताया कि शिया समाज की ईदगाह में ईद उल अजहा बकरीद की नमाज की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 29 जून को सुबह 7¬30 बजे मौलाना सैयद अनवारुल हसन ज़ैदी इमामे जुमा इटावा बकरीद की नमाज ईदगाह परिसर में अदा कराएंगे। उन्होंने शिया समुदाय के लोगों से वक्त की पाबंदी के साथ ईदगाह पहुंच कर बकरीद की नमाज में शिरकत करने की अपील की है।

### एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी से निकली कलश यात्रा



**इटावा।** एकाक्षरानन्द आश्रम बिरारी इकदिल में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। कलश यात्रा आश्रम परिसर से शुरू हुयी जो गाँव का भ्रमण करती हुयी बिरारी मन्दिर पहुंची और वापस आश्रम पर आकर रुकी।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाओं ने भाग लिया। एकाक्षरानन्द धर्मशाला निर्माण के लिए भूमि पूजन श्री दैवीसंपद मंडल परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के महामंडेलश्वर स्वामी असंगानन्द सरस्वती द्वारा सम्पन्न हुआ। कथा व्यास राष्ट्रीय प्रवक्ता ब्रजेंद्र भाई कौशिक श्री धाम वृन्दावन द्वारा प्रतिदिन कथा का रसपान कराया जायेगा। परीक्षित श्री ओम प्रकाश दीक्षित एवं श्रीमती गीता दीक्षित हैं। इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष स्वामी ज्योतिर्मयानन्द सरस्वती, मंत्री मेहर चंद्र चौधरी, कोषाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा बॉबी, शरद शुक्ला, समाजसेवी डॉ.सुशील सम्राट, राकेश चौधरी लीडर, देवेश शुक्ला, अवधेश किशोर तिवारी, सर्वेश शर्मा, उपेंद्र चौधरी, पूजाराम त्रिवेदी, लालता प्रसाद, मेजर पांडेय, यतेंद्र सिंह, सुनील शुक्ला, अरविंद तिवारी आदि बड़ी में भक्त गण उपस्थित थे।

# पीपीपी मॉडल के तहत गर्भवती महिलाओं का होगा निशुल्क अल्ट्रासाउंड

**इटावा।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सरकार सदैव सजग रही है इसी क्रम में हर महीने की 1,9,16 एवं 24 तारीख को सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ( पीपीपी )के तहत पहले केवल 2 अल्ट्रासाउंड सेंटर पर ही निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा थी।अब यह सुविधा को विस्तारित करते हुए जिले के आठ अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर गर्भवती महिलाएं ई- वाउचर द्वारा निशुल्क अल्ट्रासाउंड करवा सकती हैं। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और आरसीएच नोडल डॉ बी एल संजय ने देते हुए बताया कि जिला महिला अस्पताल में निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा पहले से ही उपलब्ध है लेकिन नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है इसलिए अब हर महीने मनाए जाने वाले सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने वाली गर्भवतियों को ई-वाउचर की सहायता से निशुल्क अल्ट्रासाउंड कराने की सुविधा मिलेगी। नोडल ने बताया कि गर्भवती स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ व एमबीबीएस चिकित्सक द्वारा गर्भवती की समस्त प्रसव पूर्व जांच करवाई जाती है इसी क्रम में गर्भवती को जरूरत के अनुसार खून की जांच व अल्ट्रासाउंड भी लिखा जाता है। स्वास्थ्य ईकाई पर मुफ्त अल्ट्रासाउंड की सुविधा न होने के कारण स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा को विस्तारित किया है जिससे गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए भटकना न पड़े व आर्थिक रूप से उन पर अतिरिक्त बोझ न पड़े इसलिए यह सुविधा पूरी तरह से निशुल्क है। उन्होंने बताया कि चिकित्सक द्वारा महिला का नाम, पता,मोबाइल नंबर लेकर ई-वाउचर बनाकर गर्भवती महिला के मोबाइल पर मैसेज किया जाता है और इसके बाद इस ई-वाउचर द्वारा चिन्हित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जाकर महिला निशुल्क अल्ट्रासाउंड करा सकती है।

# शिविर में आईएमए के चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

इटावा। समृद्धि न्यूज



**आईएमए** द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत गोद लिए गांव सराय एसर में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में आईएमए के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने 128 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

आईएमए के अध्यक्ष डॉ.एस.सी. गुप्ता व सचिव डा. डी.के.सिंह ने बताया कि आईएमए नेशनल के कार्यक्रम चलो गांव की ओर के तहत आईएमए द्वारा गोद लिए गांव सराय एसर में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में विभिन्न रोगों आंख, कान, गला, नाक, हृदय, बुखार, स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग तथा अन्य सभी रोगों से संबंधित आए कुल 128 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 20 मरीजों के खून की जांच तथा 12 मरीजों की हृदय रोग से संबंधित ईसीजी की निशुल्क जांच हुई, इसके अलावा विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं भी दीं। आईएमए के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ आए फार्मेसी स्टाफ के सहयोग से मरीजों के ब्लड की जांच, ब्लड प्रेशर की जांच के साथ ईसीजी और कई अन्य परीक्षण कर दवाएं भी दीं गईं। आईएमए के निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में डा. एससी गुप्ता, डा.एमएम पालीवाल, डा.वीके गुप्ता, डा. एमएस शर्मा,डा. पीसी पाण्डेय, डा. डीके सिंह, डा. मनोहर सिंघल, डा.रमाकांत रावत, डा.एमएस पाल, डा. रवि रंजन, डा.शोभित मेहरोत्रा, डा. संजय कुमार, डा. देवेन्द्र यादव, डा. अंकित पालीवाल, डा. ममता सिंह, डा. मीनल मेहरोत्रा, डा. कुश मेहरोत्रा, डा.श्रीति सिन्हा, ईसीजी स्टाफ, ब्लड टेस्टिंग स्टाफ, हीलिंग स्टाफ सहित फार्मेसी कम्पनी की एमआर टीम और ग्राम प्रधान सरवर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# डीपीएस के आर्यन और प्रतीक जेईई एडवांस्ड में प्रथम प्रयास में सफल

इटावा। समृद्धि न्यूज



**दिल्ली** पब्लिक स्कूल इटावा के आर्यन सिंह और प्रतीक शाक्य ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में सफल होकर अपने विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। इटावा के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी आर्यन सिंह के पिता राहुल यादव एक व्यवसायी है और मां नीलम देवी एक गृहणी है। आर्यन को किताबें पढ़ना बेहद पसन्द है। आर्यन ने बताया कि,वे रोज ही सेल्फ स्टडी में ऑनलाइन और ऑफलाइन आठ से दस घण्टे पढ़ा करते थी उसके माता पिता और स्कूल के सभी शिक्षकों ने पढ़ाई के दौरान उसकी बहुत मदद की है समय समय पर सभी ने उसका मार्गदर्शन कर हमेशा ही मनोबल बढ़ाया। वहीं डीपीएस के ही दूसरे प्रतिभाशाली छात्र प्रतीक शाक्य ने भी इस बार जेईई एडवांस्ड परीक्षा में सफल होकर अपनी प्रतिभा सिद्ध की है। प्रतीक लुधुपुरा जसवन्तनगर निवासी शिक्षक जवाहर लाल शाक्य एवं गृहणी मंजू शाक्य के पुत्र है प्रतीक ने बताया कि, उसे क्रिकेट खेलना बेहद पसंद है इस परीक्षा में इस वर्ष उसे प्रथम प्रयास में ही यह सफलता मिली है वे रोज सेल्फ स्टडी के दौरान रोज दस से ग्यारह घण्टे यूट्यूब की मदद से भी पढ़ाई किया करते थे। परीक्षा की बेसिक तैयारी करने में उनके सभी विषयों के शिक्षकों से उन्हें अच्छी मदद मिली साथ ही गणित के शिक्षक मनोज सर से उन्हें अच्छा मार्गदर्शन मिला। विद्यालय के इन दोनों बच्चों की बड़ी सफलता पर डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव सहित प्रिंसिपल भावना सिंह ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# डीएम, एसएसपी ने मंदिरों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा आगामी त्यौहार श्रावण माह की तैयारी हेतु नीलकंठ मंदिर, कुंडेश्वर मंदिर एवं भरेह मंदिर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने नगर पालिका ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर की साफ सफाई एवं पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि छुट्टा गोवंश को ग्रामीण गौशालाओं में भेजा जाए। उन्होंने कहा कि श्रावण मास के समय जो भी कावड़िया दर्शन करने आएंगे उनकी पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि श्रावण माह के समय जो भी मेला लगाया जाता है मेले को रास्ते से दूर हटा के लगाया जाए जिससे जाम आदि की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि कुंडेश्वर मंदिर पर भिंड वाह से जो भी श्रद्धालु आते हैं उनकी पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गौंड, सीओ सिटी अमित कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए ईद उल अजहा का त्यौहार : डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

- सार्वजनिक स्थानों एवं सड़कों पर ना पढ़ी जाए नमाज
- प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं होगी
- अफवाह फैलाने व शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के खिलाफकी जाएगी कड़ी कार्रवाई:एसपी


निर्देशित करते डीएम-एसपी समृद्धि न्यूज

**आगामी** त्यौहार ईद उल अजहा (बकरीद) को सकुशल एवं शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम की अध्यक्षता में मुस्लिम समुदाय के मौलवियों एवं धर्मगुरुओं के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रों की मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूडा ट्राली तथा बडे डस्टबिन रखने के निर्देश दिए। निर्देशित किया कि कुर्बानी दिये जाने वाले पशुओ के अवशेष को डिस्पोजल करने के लिए गड्ढे खुदवा ले। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत सप्लाई की व्यवस्था सुचारू रूप से आपूर्ति करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि विद्युत विभाग कंट्रोल रूम नंबर 9415124139 हैं। जिस पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद लोगों से कहा कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर कुर्बानी से संबंधित चलचित्र एवं अफवाहों संबंधी चलचित्र का प्रेषण न किया जाये। साथ ही अवगत करायें कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के कडे इन्तजाम किये जाये। कानून एवं शान्ति व्यवस्था हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी पुलिस व थानाध्यक्ष सुनिश्चित करे कि उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या न हो जिसके लिए पहले से ही तैयारी पूर्ण कर लें। सोशल मीडिया पर विशेष रूप से नजर रखी जाये। डीएम ने अनावश्यक एवं भड़काऊ पोस्ट शेयर करने वालों को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि प्रतिबन्धित पशुओं की कुर्बानी किसी भी दशा में नहीं दी जानी चाहिए इसके अलावा यह भी सुनिश्चित करें कि सार्वजनिक स्थलों पर किसी भी पशु की कुर्बानी नही दी जायेगी। साथ ही निर्देशित किया कि कुर्बानी के उपरान्त खून तथा बचे हुए अवशेष को सही एवं उचित स्थान पर डिस्पोज करें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि नमाज केवल मस्जिदों में ही पढ़ी जाये। सार्वजनिक स्थलों एवं सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाये। बकरीद पर विशेष ऐहतियात बरतें साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि नमाज के समय कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। कहा कि आने-जाने वाले मार्ग किसी भी दशा में बाधित नहीं होने चाहिए और नमाज स्थल पर अथवा उसके आस-पास आवारा जानवरों का विचरण न हो इसके लिए पूर्व से ही आवश्यक व्यवस्थाऐं कर ली जायें। सूअर पालकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए कि उनके जानवर किसी भी दशा में बाहर नहीं निकलने चाहिए। बैठक में मौजूद मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजनों, मौलवियों एवं धर्मगुरूओं ने साफ सफाई, जल भराव, जल एवं विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही कहा कि जनपद कन्नौज सदैव ही गंगा जमुनी तहजीब के साथ सभी त्योहार मनाते चले आ रहे हैं। सभी ने एक स्वर से आश्वासन दिया कि वे शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का पूरा सहयोग करेंगे। साथ ही जिन्हें वासियों से अपील भी की कि जनपद में प्यार और भाईचारा बनाये रखते हुए त्यौहार मनाया जाए। उन्होंने प्रशासन को आश्वस्त किया कि जिले में अमन-चौन सदैव बरकरार रहेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी समेत समस्त थाना प्रभारी तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण और मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्धजन, मौलवी व धर्मगुरु मौजूद रहे।

## घरेलू विवाद में चले लाठी-डंडे, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर परिवार के दो पक्षों में गाली गलौज हुई। मामला इतना बढ़ गया कि बात मारपीट तक आ गई। दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर अनौगी निवासी रेखा देवी पत्नी ब्रह्मानंद सक्सेना ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है बीते रविवार को उसके परिवार के ही रामानंद पुत्र दुर्जनलाल आए और बेवजह गाली गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उसे लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आए उसके पति व पुत्री के साथ ही मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष रामानंद पुत्र दुर्जन लाल ने भी पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते रविवार को रात्रि 09 बजे उसका भाई ब्रह्मानंद पुत्र दुर्जनलाल, कृष्णा पुत्र ब्रह्मानंद, लाली, किरण देवी पुत्री ब्रह्मानंद आये और बेवजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मुझे व मेरी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर लगाया गया जागरुकता शिविर

- माया देवी इंटर कॉलेज में लगाया गया जागरूकता शिविर, स्कूली छात्रों ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर आयोजित हुई प्रतियोगिता में लिया बढ़-चढ़कर भाग
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान लगाया गया शिविर

कन्नौज, समृद्धि न्यूज



शिविर में मौजूद न्यायिक अधिकारी व विद्यार्थी

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित माया देवी इंटर कॉलेज में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायवाल की अध्यक्षता में माया देवी इण्टर कालेज में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2016 के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सीओ तिर्वा शिवप्रताप सिंह सीओ एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड स्पेशल टास्क फोर्स के सदस्य सन्देश कुमार अवर अभियन्ता ने लोगों को जागरूक किया। सोमवार को माया देवी इंटर कॉलेज में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2016 के सम्बन्ध में आयोजित विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर की अध्यक्षता कर रहीं जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव लवली जायसवाल ने बताया कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन भारत में बहुत बडी समस्या का रूप ले चुका है क्योंकि शहरीकरण, औद्योगिकरण और आर्थिक विकास के परिणाम स्वरूप शहरो में कूड़े-करकट की मात्रा बहुत बढ़ गयी है तथा इसके निराकारण हेतु आवश्यक कदम उठाया जाना एवं जनमानस को जागरूक किया जाना अति आवश्यक है। शिविर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2016 के जागरूकता अभियान के सम्बन्ध में मायादेवी इण्टर कालेज में बच्चों के मध्य उक्त विषय पर स्लोगन एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। उक्त विषय पर श्रेष्ठ प्रस्तुतीकरण करने वाले बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार वितरण किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक विवेक कुमार मिश्रा एवं पराविधिक स्वयं सेवक जगदीश, प्रियांशु अनेश व आशीष मौजूद रहे।

# लखनऊ सहयोग हॉस्पिटल का पूर्व विधायक ने किया लोकार्पण

समधन,समृद्धि न्यूज

**पूर्व विधायक** ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने नगर पंचायत समधन में पहुंचकर लखनऊ सहयोग अस्पताल का फीता काटकर लोकार्पण करने के पश्चात अस्पताल में मरीजों की सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीनो एवं वार्डो का निरीक्षण करने के पश्चात संचालकों को क्षेत्रीय जनता का उचित पैसे में बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की बात पर बल देते हुए अस्पताल व्यवस्था की सराहना की। समधन के दारासराय गुरसहायगंज फर्रुखाबाद मुख्य सड़क पर बना लखनऊ सहयोग हॉस्पिटल में पहुंचकर सोमवार को पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने लोकार्पण करने के दौरान उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नगर व क्षेत्र के लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में डॉक्टर मोहम्मद शाहिद, डॉक्टर जाहिद खान, के सहयोग से संचालित लखनऊ सहयोग हॉस्पिटल मील का पत्थर साबित होगा अस्पताल में सामान्य रोगियों के अलावा अन्य जानलेवा बीमारियों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम हर समय तैयार रहेगी डॉक्टर शाहिद खान ने कहा कि हम लोगों ने गरीबों बेसहाराओं एवं जरूरतमंद लोगों को उचित दरों पर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने का दृढ़ संकल्प लिया है। एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें। इस दौरान डा. जाहिद खान, डॉ एमएस खान, मोहम्मद नफीस, डॉक्टर बजाहिद डा जहीर समीम खान, मुजफ्फर, मो. शान चंदन लाडले, कांग्रेसी नेता तारिक बशीर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## खबरें चलते-चलते

### जल चौपाल में वर्षा जल संचयन के विभिन्न तरीकों पर हुई चर्चा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में कैच द रेन 3.0 अभियान के अंतर्गत सदर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम डहलेपुर के निकट स्थित गौरीशंकर पार्क में जल चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्षा जल संचयन के विभिन्न तरीकों पर विस्तार से चर्चा की गई। जन चौपाल में मुख्य वक्ता नेतराम राजपूत ने वर्षा जल संचयन के विभिन्न तकनीकों पर प्रकाश डालते हुए युवाओ एवं ग्रामीणों को जल संरक्षण, जल की सही उपयोगिता, स्थानीय स्तर पर वर्षा जल संचयन के तरीके एवं रैन वॉटर हार्वेस्टिंग आदि पर अपने विचार व्यक्त किये और स्थानीय भाषा में लोगो को वर्षा जल संचयन के बारे में समझाया। राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक शिवांग श्रीवास्तव ने चौपाल में मौजूद लोगों को बताया कि सरकार द्वारा पानी बचाव के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। जल संरक्षण और जल की महत्वता की तरफ लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया गया है। उन्होनें कैच द रेन के फायदे के बारे में बताया कि बरसात का पानी बेकार नहीं जाता है। भूगर्भ जल स्तर संतुलित रहता है। युवा वक्ता अभिनव ने जल को विभिन्न कामों में प्रयोग करने हेतु परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ सफाई के लिए ग्रामवासियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पृथ्वी के जलस्तर का लगातार नीचे जाना पेयजल के लिए एक संकट बनता जा रहा है। कैच द रेन अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचय से है। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन के तहत जल को किसी खास माध्यम से संचय करना है। घरों की छतों पर पड़ने वाले वर्षा जल को मिट्टी की टाइलें अथवा कंक्रीट की छत की सहायता से जल एकत्रीकरण के लिये बने टंकियों अथवा भूजल रिचार्ज संरचना से जोड़ दिया जाए। जिससे एकत्रित जल का प्रयोग सामान्य घरेलू उपयोग के अलावा भूजल स्तर बढ़ाने में भी किया जा सके। उन्होंने जल चौपाल में वर्षा जल संचयन से भूगर्भ जल रिचार्ज के विषय में विस्तार से बताया। जल चौपाल में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### व्यापारियों व राहगीरों को नहीं मिल रही जाम से निजात

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के मुख्य मार्गो में लगने वाले जाम से दुकानदार व राहगीर परेशान हो चुके है और जाम की झँझट से राहत पाना चाहते है। सोमवार दोपहर लगभग एक बजे नगर के मुख्य चौराहे पर पुलिस चौकी के पास करीब काफी देर तक जाम की स्थिति बनी रही। जिसके कारण राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम के दौरान आधे घंटे से अधिक समय तक एंबुलेंस फंसी रही। जिसके चलते मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस आज फिर जाम के झाम में फंस गई। मरीज लेकर जा रही एंबुलेंस के चालक ने काफी देर तक सायरन बजाया। बड़ी मुश्किल में एंबुलेंस निकल पाई। मुख्य चौराहे पर लगने वाले जाम से अन्य सड़कों पर भी आवागमन बाधित हो रहा है। जिससे लोगों को जाम की झंझट में फंस कर घंटों इंतजार करना पड़ता है।

### अवैध देशी शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए गश्त कर रहे उप निरीक्षक रामगिरीश यादव ने मुखबिर की सूचना पर नदसिया गांव के खोखे से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब सहित एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस गिरफ्त में युवक ने अपना नाम अमर सिंह उर्फ भग्गा पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम नदसिया बताया है। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

### दंपति सहित पुत्र-पुत्री से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** किसी बात को लेकर परिवार के ही लोगों ने चार लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिला उपचार




**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सोमवार को समाज सेवी संस्था सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा ग्राम सभा रजलामऊ में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ सचिन द्विवेदी एवं डॉ योगेश शर्मा द्वारा रोगियों का परीक्षण कर दवा वितरित की गई।

शिविर में खांसी, जुकाम, बुखार, सिर दर्द, शुगर, गैस, कब्ज, ब्लड प्रेशर, जोड़ों के दर्द, नशे की लत छुड़ाने आदि की दवा दी गई। सबसे ज्यादा जोड़ो के दर्द के मरीज मिले। यह चिंता का विषय है क्योंकि बुजुर्गो के साथ महिलाओं और युवाओं में भी जोड़ो के दर्द की समस्या पाई गई। चिकित्सकों द्वारा नशा छुड़ाने की दवा देकर सभी को नशा ना करने की शपथ दिलाई गई और समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। इस शिविर में बुजुर्ग, महिलाएं, युवा और बच्चों सहित सभी का परीक्षण कर इलाज किया गया। इसी के साथ संस्था के संचालक संदीप चतुर्वेदी, सदस्य अमन कुशवाहा, शुभम कुशवाहा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वेदप्रकाश शाक्य, ग्राम पंचायत सदस्यों सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# नशा एक सामाजिक बुराई, इसका सेवन हितकारी नहीं

- नशा मुक्त भारत परववाड़ा के तहत जिले की पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

कन्नौज, समृद्धि न्यूज


जागरूकता अभियान में लोगों को समझाती पुलिस समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** कुंवर अनुपम सिंह के दिशा निर्देशन में सोमवार को जिले भर में थाना व चौकी पुलिस ने नशा मुक्त भारत पखवाड़े के तहत जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों बाजारों बस स्टॉप आदि प्रमुख स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को नशे के दुष्प्रभावो की जानकारी दी। साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान में पुलिस का सहयोग करने व अपने आस-पास मादक पदार्थो की बिक्री, तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के तहत सोमवार को जिले के सभी थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अपने-अपने क्षेत्र के बाजारों, बस स्टॉप, प्रमुख चौराहों आदि सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर आम जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों को बताया एवं नशीले एवं मादक पदार्थों का सेवन न करने की अपील की। पुलिस टीमों ने आमजन को जागरूक करते कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसका सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है। नशा शरीर में रोगों व आपराधिक गतिविधियों की जड़ है। नशा का सेवन करने वाला व्यक्ति समाज में अपना मान-सम्मान खो देता है। नशे से आर्थिक नुकसान के साथ साथ शारीरिक नुकसान भी होता है। इस बुराई के खिलाफ सामाजिक आंदोलन चलाने की जरूरत है। पुलिस टीम ने लोगों को नशे से दूर रहने तथा पुलिस का सहयोग करने व अपने आस-पास मादक पदार्थो की बिक्री, तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील भी की। इस दौरान पुलिस टीम ने नशा मुक्ति जागरुकता संबंधी पोस्टर व पंपलेट वितरित किए।

# व्यापारी नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया प्रदर्शन

- प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा
- 29 जून को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित करने की मांग

कन्नौज,समृद्धि न्यूज


एसडीएम उमाकांत तिवारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी समृद्धि न्यूज

**29 जून** को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाये जाने की मांग को लेकर जिले के व्यापारी नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंपा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा 'राज' की अगुवाई में सोमवार को व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने नारेबाजी करते हुए 29 जून को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाएं जाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने कहा कि हमारे देश में ज्यादातर दिनों को किसी न किसी विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाल दिवस, किसान दिवस, मजदूर दिवस मनाया जाता है, लेकिन व्यापारी दिवस नहीं मनाया जाता है। देश की उन्नति में व्यापारियों का विशेष योगदान रहता है। श्री शर्मा ने कहा कि देश व प्रदेश में करोड़ों व्यापारी, उद्यमी, छोटा एवं बड़ा व्यापारी , लघु मध्यम व्यापारी, रेहड़ी पटरी वालों के लिए भी केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार कटिबद्ध होकर आत्मनिर्भर भारत अभियान, एवं स्वरोजगार योजना की धारणा के साथ सरकार की नीतियों का समर्थन कर रहा है और दानवीर सेठ भामाशाह के आदर्शों पर चलकर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। इस विशाल व्यापक वर्ग को और अधिक प्रोत्साहित करने के लिए दानवीर एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित जीवन का उदाहरण प्रस्तुत किया है। कहा कि भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पिछले कई वर्षो से 29 जून को दानवीर सेठ भामाशाह जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाता चला आ रहा है। करोड़ों व्यापारियों का सम्मान एवं, देश में आर्थिक उन्नति, व्यापारिक और औद्योगिक विकास के लिए भारत के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को 29 जून को दानवीर सेठ भामाशाह जयंती पर राष्ट्रीय व्यापारी दिवस घोषित किया जाए। श्री शर्मा ने कहा कि 29 जून को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में कन्नौज में सेठ भामाशाह जयंती का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जिला वरिष्ठ महामंत्री, रमेश मेहरोत्रा, जिला कोषाध्यक्ष आदेश सक्सेना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, परशुराम देवल, धर्मेंद्र शुक्ला, आरबी शर्मा, अभय कटियार, संजीव पांडे, सुरेंद्र सिंह, शीलू कटिहार, गुड्डू, टिंकू बाथम, दिनेश चंद, शादाब हामिद, रितिक, संजीव पटेल, गोविंद सैनी आदि व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# सांसद ने मोदी सरकार की नीतियों का किया बखान


राकेश चन्द्र वर्मा को बुकलेट भेंट करते सांसद समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**संपर्क** से समर्थन कार्यक्रम के तहत सांसद सुब्रत पाठक कस्बा गुरसहायगंज पहुँचे। जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओ सहित अन्य लोगों से मिलकर उन्होने योगी और मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। साथ ही साथ पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा वर्ष कि 2009 से अभी तक मैं सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के खिलाफ चुनाव लड़ता था। ये पहली बार होगा। जब वो मेरे खिलाफकन्नौज से चुनाव लड़ेंगे। यह बात सोमवार को नगर पहुंचे सांसद सुब्रत पाठक ने कही। इससे पहले सांसद जीटी रोड स्थित उद्योग व्यापार मंडल प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राकेश चंद वर्मा के आवास पर पहुंचे। जहां उन्होने जनसंपर्क से जन समर्थन कार्यक्रम के तहत बुकलेट भेंट की। सांसद बालक बीड़ी भवन स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल के आवास पर भी पहुंचे। जहां सांसद का फूल मालाएं व पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सांसद ने कहा कि नगर सहित क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर प्रस्ताव संसद में रखा गया है। मंजूरी मिलते ही प्रस्तावित कार्यों, उप बिजली घर, ओवरब्रिज, तहसील मंडी, बस अड्डा आदि का कार्य शुरू कराया जाएगा। इस दौरान महेश चंद्र वर्मा, विकास गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, उमाकांत सैनी, विपिन कौशल सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्नी की बेवफाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या की कोशिश

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी की बेवफाई से क्षुब्ध युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना की जानकारी के बाद घर परिवार में कोहराम मच गया। मोहल्ले के लोगों की मदद से जैसे तैसे युवक को बचाया गया। शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला मीरा दरवाजा में देखने को मिला। जहां एक महिला द्वारा पड़ोसी युवक के साथ प्यार की पींगे बढ़ाए जाने से आहत 25 वर्षीय युवक द्वारा फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की गई। अभिषेक कुमार पुत्र राजकुमार का विवाह उन्नाव जनपद के ग्राम पुरवा से अंजली नमक युवती के साथ हुआ था। अंजली एक पुत्री की मां है। बताया गया है युवक मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता है। पड़ोस में रहने वाले एक युवक से महिला को प्यार हो गया। दोनों के बीच प्रेमालाप का दौर शुरू हो गया। इसकी जानकारी जब अभिषेक की मां सरोजनी को हुई, तो उसने पुत्रवधू को समझाकर पड़ोसी को भी समझाया कि वह वो अपने मकान की दीवार उठा ले। हमारा आपसे कोई विवाद नहीं, लेकिन पड़ोसी ने टका सा जवाब देते हुए कहा कि उसे जो करना हो कर ले वो जिस हाल में है उसी हाल में रहेगा। देर सवेर मौका पाकर दोनों मिलते रहे। हालांकि अभिषेक ने भी अपनी पत्नी को समझाने की काफी कोशिश की, लेकिन पत्नी के व्यवहार में कोई वर्क नहीं पड़ा। पड़ोसी को समझने की कोशिश की गई, मगर पड़ोसी नहीं



माना। आखिरकार अभिषेक ने पत्नी की बेबफाई से क्षुब्ध होकर वो कदम उठा लिया जिसका किसी ने अंदाजा भी लगाया होगा। सोमवार को पड़ोसी से विवाद के बाद युवक ने कमरे के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की। पीड़ित महिला के अनुसार शोर मचाकर मोहल्ले के लोगों के सहयोग से जैसे-तैसे युवक को बचाया। युवक की मां सरोजिनी देवी ने बताया पुत्र वधू का चलन ठीक नही है और पड़ोसी युवक के संपर्क में रहती है। समझाने पर भी कोई असर नहीं होता। एक बच्ची है उसकी भी कोई फिक्र नही है। बस उसकी नजर में पड़ोसी का पुत्र ही है।

पुलिस से दो बार शिकायत की, लेकिन उल्टा धमकाकर जेल भेजने की धमकी दी। पड़ोसी ने भी कई बार गाली-गलौज मारपीट की। बेटे के साथ भी अभद्रता की और दस हजार की नगदी तथा मोबाइल चोरी का आरोप लगाया। पीड़ित महिला ने रोते हुए बताया जिल्लत तथा अपमान भरी जिंदगी जीने से पुत्र तंग आ गया शायद इसीलिए उसने मौत का रास्ता अपनाया, मगर वह बच गया।

# व्यापारियों ने मंडी इंस्पेक्टर को सौंपा ज्ञापन

▶ मांगें न माने जाने पर 28 जून को दिया जायेगा धरना



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नेतृत्व में कृषि उत्पादन मंडी समिति के लाइसेंसधारियों ने मंडी समिति में मंडी सचिव की अनुपस्थित में मंडी इंस्पेक्टर अंकित बिसारिया को एक ज्ञापन दिया।

जिसमें कहा गया कि इच्छुक व्यापारी जो अपना लाइसेंस आजीवन रिन्यू कराना चाहते हैं उनके लाइसेंस आजीवन रिन्यू किए जाएं तथा जो व्यापारी एक वर्ष का रिन्यू कराना चाहते हैं उनका एक वर्ष का रिन्यू किया जाए। मंडी में तमाम अवस्थाएं फैली हुई है। गंदगी का पिछले काफी समय से साम्राज्य है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। मंडी के वाटर कूलर खराब पड़े हुए हैं तथा आधे से ज्यादा हैंडपंप खराब पड़े हुए हैं। उनको शीघ्र चालू कराया जाए। हम लोगों की मांगें नहीं मानी नहीं तो 28 तारीख को 11.00 बजे से मंडी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।

इस मौके पर नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश बाथम, जिला महामंत्री सत्यनारायण वर्मा विधानसभा अध्यक्ष शिव बालक शर्मा तहसील अध्यक्ष अंकित अग्रवाल राधे युवा जिला अध्यक्ष रोहित गुप्ता युवा नगर अध्यक्ष मयंक दुबे, आशीष गुप्ता नगर उपाध्यक्ष रस्तोगी, जिला मंत्री महेंद्र राजपूत, महामंत्री विधानसभा कमेटी प्रदीप राजपूत, वीरेंद्र तिवारी टीटू भाई, अध्यक्ष सभी कमेटी ब्रज किशोर दुबे, अध्यक्ष अनाज कमेटी अंकुर महेश्वरी पवन शाक्य सहित अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दुकानदार को दबंगों ने पीटा, भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर जाते समय दुकानदार को दबंगों ने पकड़कर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उपचार के लिए राजेपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत बिगड़ने पर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भरखा निवासी देवेश कुमार पाल की ग्राम बहादुरपुर में दुकान है। जिसे बंद करके वह घर जा रहा था, तभी रास्ते थाना राजेपुर क्षेत्र में केवल नंगला तिराहा के पास पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने उसे पकड़ लिया और लात-घूसों से पिटाई कर दी। इस दौरान वह गंभीर रुप से घायल हो गया। हमला करने वालों को उसने पहचान लिया। पीड़ित के परिजनों का कहना है कि 112 पर कई बार पुलिस को फोन किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। थाने में सूचना दी, लेकिन किसी ने कोई मदद नहीं की।

# बाल विकास संस्थान के ग्रीष्मावकाश प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

▶ छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देकर सभी का मोहा मन


कार्यशाला के समापन पर कार्यक्रम में प्रतिभाग करती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय बाल विकास संस्थान द्वारा महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मई-जून में आयोजित किये गये ग्रीष्मावकाश प्रशिक्षण शिविर का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से समापन हुआ। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह, कार्यक्रम अध्यक्ष डा0 विनीता मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत, अनूप अग्रवाल व भव्या अग्रवाल, आशीष मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस प्रकार की इन कार्यशालाओं से व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास होता है और जीवन को सम्पूर्णता से जीने का ज्ञान मिलता है। उन्होंने कहा कि इन प्रशिक्षणों के माध्यम से छात्रायें स्वरोजगार प्राप्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठा सकतीं हैं।

प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने संस्थान के कार्यक्रमों की महत्ता बताते हुये कहा कि स्कूली शिक्षा व्यक्ति को सिर्फ रट्टू तोता बनाती है और वह इंसान के रूप में मात्र के मशीन बन कर रह जाता है। मगर संस्थान द्वारा संचालित गतिविधियों शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास का कार्य करतीं हैं। आशीष मिश्र ने संस्थान के संक्षिप्त इतिहास और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व शालू, लक्ष्मी, कोमल और करिश्मा ने स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर संगम सिंह, आराध्य, आकांक्षा, नैन्सी बाथम, सीता यादव, स्नेहा मिश्रा, खुशनुमा, रुचि सिंह, शशि, रिचा तिवारी आदि ने सहयोग किया। इस अवसर पर शशि, आशीष बाथम, आराध्य मिश्र, खुशबू, प्रियंका, सीमोन, मनीषा तिवारी मौजूद रही।

# भाकियू श्रमिक जन शक्ति ने विरोध प्रदर्शन कर एसीएमओ का फूंका पुतला



पुतला फूंकर विरोध प्रदर्शन करते किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति ने मुख्य चिकित्साधिकारी व एसीएमओ रंजन गौतम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका। प्रदेश सचिव मोहन सिंह के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जन शक्ति के पदाधिकारियों ने विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन भेजकर मांग की है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद मुख्य चिकित्साधिकारी ने झोलाछाप डाक्टर के खिलाफ कार्यवाही नहीं की है और अपर सीएमओ द्वारा युवक को धमकाकर गाली-गलौज व गर्दन काट डालने की धमकी दी है। जिस पर कार्यवाही न होने पर किसान यूनियन के लोग आंदोलित हो गये और पुतला फूंकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मुख्यमंत्र को ज्ञापन भी भेजा गया। उन्होंने कहा कि शीघ्र दर्ज मुकदमा वापस लिया जाये और झोलाछाप पर कार्यवाही हो। इस मौके पर नीलम सिंह चौहान, किरन, सतीश पाल, आकाश, आजम, रंजीत यादव, सुखदेव, रामतीरथ, अमित, जीतू, सच्चिदानन्द, ज्ञानेन्द्र कुमार, राजेश कुमार, उदयराज, अशोक, सुनील, प्रदीप राजपूत, रामलड़ैते मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## प्रमोद जैन बने दिगम्बर जैन महासमिति के प्रांतीय कोषाध्यक्ष



**फर्रुखाबाद (स.)।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मणीन्द्र जैन के निर्देशानुसार प्रांतीय अध्यक्ष अमित कुमार जैन, प्रांतीय महामंत्री राजीव जैन की संस्तुति पर फर्रुखाबाद के मोहल्ला सहाबगंज हरचन्द राय निवासी प्रमोद जैन को प्रांतीय कोषाध्यक्ष मनोनित किया है। वह दिगम्बर जैन समिति द्वारा चलाये गये अध्यात्मिक समाजिक व आर्थिक रचनात्मक प्रगतिशील कार्यों को सृजनात्मक रुप से नये आयाम स्थापित करेंगे।

## भू0पू0सै0 जन कल्याण समिति के जितेन्द्र सिंह बने जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद (स.)।** भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष दीनबन्धु पाण्डेय ने सर्वसम्मति से सभी भूतपूर्व सैनिकों व आम जनमानस के निःस्वार्थ सेवा/सहायता हेतु जनपद का जितेन्द्र सिंह को जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। उनके साथ जितेंद्र सिंह राठौड़ को जिला उपाध्यक्ष, जितेंद्र सिंह को जिला प्रबंधक/सचिव, बृजकिशोर गुप्ता को जिला कोषाध्यक्ष, उदय प्रताप सिंह को जिला महामंत्री, धर्मेंद्र सिंह को जिला मीडिया प्रभारी, शिवराम सिंह को जिला संगठन मंत्री, प्रशांत राठौर को जिला संगठन मंत्री, आदेश कुमार सिंह को जिला समन्वयक मंत्री, सत्येन्द्र सिंह को जिला लेखा परीक्षक मंत्री पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष दीनबन्धु पाण्डेय ने सभी को बधाई दी है।

## बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए प्रशिक्षण सेंटर चयनित

**फर्रुखाबाद (स.)।** पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा पिछड़े वर्ग के युवक युवतियों को रोजगार परक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना प्रारम्भ की गई है। एक वर्षीय ओ-लेविल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण आक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन व नेशनल कम्प्यूटर अकादमी भोलेपुर, एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट का चयन किया गया है।

# अपर जिला जज नरेन्द्र प्रकाश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

▶ निरीक्षण के दौरान किशोर बंदियों से हालचाल लिये
▶ जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा 18 से कम उम्र का कोई भी बंदी जेल में न हो


जिला जेल का निरीक्षण करते अपर जिला जज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज नरेंद्र प्रकाश व अधिवक्ता अताउल हक के साथ जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। किशोर बैरक, अस्पताल बैरक इत्यादि स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी किशोर बंदी 18 वर्ष से कम का जिला जेल में निरुद्ध ना रहे, साथ ही यह भी निर्देश दिए कि ऐसा कोई बंदी भी जेल में ना रहे जो अपनी निर्धारित सजा पूर्ण कर चुका हो। जिला कारागार में निरुद्ध सभी 41 बंदियों के अभिलेखों का परिशीलन भी किया गया। किशोर बंदियों की वास्तविक आयु का मिलान उनके जेल अभिलेखों एवम बंदियों के कथन के अनुसार भी किया गया।

मौके पर कोई ऐसा किशोर बंदी कारागार में निरुद्ध नहीं पाया गया, जिसकी उम्र 18 वर्ष से कम हो। कारागार की भोजन व्यवस्था और सफाई व्यवस्था उत्कृष्ठ पाई गई। निरीक्षण के समय जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि कारागार अभिलेखों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के किसी बंदी को प्रवेश नहीं दिया जाता है। निरीक्षण के दौरान जेलर अखिलेश कुमार, उपजेलर अखिलेश मिश्रा और सरोज देवी उपस्थित रही। मुख्य गेट कीपर शिवम त्रिवेदी, पाकशाला सुपरवाइजर राजेंद्र बाबू और रोहतास शर्मा आदि निरीक्षण के समय उपस्थित रहे।

# समस्याओं का निराकरण करने की सफाई कर्मचारियों ने उठायी मांग

▶ जिलाध्यक्ष नीरज बाल्मीकि के नेतृत्व में बैठक का हुआ आयोजन, कर्मचारियों की समस्याओं को सफाई कर्मी दिखे आंदोलित


बैठक के बाद हाथ उठाकर नारेबाजी करते सफाई कर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नीरज कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका पार्क में सफाई कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता शैलेंद्र ने की। बैठक का संचालन सर्वेश कुमार ने किया। बैठक में सफाई कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के संबंध में तथा पूर्व में कुछ लोगों के समायोजन किया गया। जिसमें बाल्मीकि समाज को प्रमोशन में बाल्मीकि समाज के साथ पालिका प्रशासन सौतेला व्यवहार कर रही है। जनपद में हमारे नवनिर्वाचित सभासद सफाई कर्मचारियों के ऊपर दबाव बनाकर कार्य करने के लिए धमकाते है। नगर पालिका में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का ठेकेदार सब ठेकेदार द्वारा ईपीएफ कटौती की जा रही है वह कर्मचारियों के खाते में नहीं भेजी जा रही है, न ही इन कर्मचारियों का कोई भी भी लिखित ठेकेदार द्वारा जानकारी प्राप्त नहीं करायी जा रहीहै। जिलाध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा सफाई कर्मचारी का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समय रहते सफाई कर्मचारियों की समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो सफाई कर्मचारी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर गिरीश बाल्मीकि, शैलेंद्र कुमार, अर्जुन, भैरव उर्फ दीपक, सत्यपाल, सर्वेश, नंदकिशोर आदि लोग मौजूद रहे।

# सावन व बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न


बैठक के बाद हाथ उठाकर नारेबाजी करते सफाई कर्मी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सावन व बकरीद के त्यौहार को लेकर थानाध्यक्ष पीस की कमेटी बैठक बुलाकर बैठक का आयोजन किया।

उन्होंने सभी से अपील की कि कुर्बानी सार्वजनिक स्थल पर ना करें और ना ही कोई गंदगी फैलाएं। जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने बैठक में आए मौलानाओं को निर्देश दिए की किसी भी दशा में बकरीद पर कुर्बानी खुले स्थान पर ना की जाए और त्योहार को प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें। किसी प्रकार की असुविधा होने पर तत्काल थाने में संपर्क करें।

इस मौके पर कमल भारद्वाज, साजिद खान, मोहम्मद रफीक खान, मोहम्मद यूनुस, पंकज भरद्वाज, जमालुद्दीन खान तथा नगर पंचायत के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# सुरजीत कटियार की अगुवाई में छत्रपति शाहू जी महाराज की धूमधाम से मनायी गई जयंती



छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती मनाते अपना दल (एस) के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपनादल (एस) की विधानसभा मीरगंज के अध्यक्ष करन गंगवार ने छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती धूमधाम से मनायी। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि अपना दल युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव सुरजीत गंगवार ने पहुंचकर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने मीरगंज विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपना दल आज प्रदेश से लेकर देश में पहचाना जाता है। जिसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल केंद्र में मंत्री है। संगठन पूरे प्रदेश में काम कर रहा है। छत्रपति शाहू जी महाराज ने शिक्षा की अलख जगायी। आज उन्हे सभी लोग याद कर रहे है। संदीप कुर्मि, करन गंगवार, अरविन्द यादव, विकास पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित किया। अतिथियों का स्वागत आयोजक करन गंगवार ने किया। इस मौके पर जीएल गंगवार, अनिल शर्मा, इमरान अंसारी, वीरपाल वर्मा, धर्मवीर गंगवार, वीरेन्द्र दिवाकर, रिन्कू शर्मा, कपिल अहमद अंसारी, ख्यालीराम मौर्य, मंगल सेन, विनोद शर्मा, योगेन्द्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

# गुरुपूर्णिमा पर कला साधकों का होगा सम्मान



संस्कार भारती की बैठक में मौजूद पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की कार्यकारणी बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में कला साधकों का सम्मान किए जाने की रुपरेखा तय की गई।

नगर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित बैठक में संस्था के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से नाट्य, चित्रकला, साहित्य आदि के क्षेत्र में योगदान देने वाले कला साधकों का सम्मान किया जाएगा।

अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता ने बताया कि संस्कार भारती द्वारा हर वर्ष कला साधकों का सम्मान किया जाता है। इस बार भी विभिन्न विधाओं के कला साधकों का सम्मान किया जाएगा। जिसकी लिए तैयारियां पूरी चल रही हैं। बैठक का संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया। बैठक में अरविंद दीक्षित, राम मोहन शुक्ल, आकांक्षा सक्सेना, नवीन मिश्रा, नब्बू, अर्पण शाक्य, महेश पाल सिंह उपकारी, भूपेंद्र प्रताप सिंह, अनिल प्रताप सिंह, रजनी लौंगवानी, कोमल मौजूद रही।

# प्रमुख अभियंता के खिलाफ काली पट्टी बांधकर कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन


मांगों को लेकर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी

▶ नलकूप विभाग में किया गया विरोध प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिनिस्टीरियल एसोसिएशन इरिगेशन डिर्पाटमेंट के प्रांतीय आवाह्न पर कर्मचारियों के सवाल पर संघर्ष किये जाने से विभाग के कुछ अधिकारी रुष्ट है। 21 जून को कार्यकारिणी की बैठक में कुपित होकर अशोक कुमार जैन द्वारा अनर्गल प्रलाप कर रहे है। उनके द्वारा ऑन लाइन पद स्थापना में भ्रष्टाचार को प्रदर्शित किया जा रहा है। जिसका खुलासा संघ ने किया। जिससे कुपित होकर आलोक कुमार जैन प्रमुख अभियंता ने संगठन के महामंत्री गोवर्धन सिंह का स्थानांतरण कर दिया। स्थानांतरण किये जाने के विरोध में प्रदेश के समस्त कार्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। इस मौके पर आरती देवी, पवन सिंह राठौर, शैलेन्द्र कुमार, निर्दोश कुमार, सचिन कटियार, शादाब हुसैन, राघवेन्द्र गंगवार, प्रदीप सक्सेना, देवगिरी, नफीस बाबू, अभिषेक, संजीव गुप्ता आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# गंगा में नहाते समय दो युवक डूबे, एक की मौत

**▸ मनौती पूर्ण होने पर गंगाजी को पहनावन पहनाने आये थे परिजन**


गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मनौती पूर्ण होने पर गंगा मइया को पहनावा करने आये परिजनों के साथ दो युवक नहाते समय गहरे पानी में जाने से डूब गये। चीखपुकार होने पर गोताखोरों ने एक को सकुशल बहार निकाल लिया। काफी देर बाद खोजबीन करने पर दूसरा मिल गया। जिसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना मेरापुर के ग्राम जरारी कमल किशोर तिवारी पुत्र राधेश्याम मन्नौति पूरी होने पर अन्य परिजनों के साथ पांचाल घाट मां गंगा को पहनावन पहनाने सोमवार को पहुंचे। पूजा अर्चना के पश्चात स्नान करते समय 19 वर्षीय श्याम मिश्रा पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा व 20 वर्षीय पूतन पुत्र मुकेश मिश्रा अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। यह देख लोगों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। तैसे ही गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी और कुछ देर बाद पूतन को सकुशल बाहर निकाल लिया और थोड़ी देर बाद श्याम को भी निकाल लिया। जिसे उपचार के लिए परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पांचाल घाट चौकी इंचार्ज को घटना की जानकारी होने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ आये लोगों ने बताया कि परिवार में मां गंगा के आशीर्वाद से कई लोगों की नौकरी लगने पर हम सभी लोग पहनावा पहनाने आये थे। नहाते समय यह घटना घटित हो गई।

# हत्या में दो सगे भाइयों सहित चार लोगों पर दोष सिद्ध

**▸ नाली में गंदगी को लेकर हुआ था विवाद, सजा पर सुनवाई आज**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नाली में गंदगी के विवाद को लेकर नाजायज तमंचे से गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी आंनद, वेदराम पुत्रगण शेरसिंह व मोर सिंह, शेर सिंह पुत्रगण मुकुट सिंह को अपर जिला जज ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने दोषी करार देते न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर 27 जून की तिथि नियत की गयी है।

बीते 8 वर्ष पूर्व कोतवली कायमगंज के ग्राम नरसिंहपुर निवासी रामसिंह पुत्र लेखराज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल 2015 को शाम के समय मेरे भाई लालाराम की पत्नी कंठश्री से नाली में गंदगी को करने के विवाद को लेकर शेर सिंह की पत्नी बिट्टा से झगड़ा हो गया था। जिसकी शिकायत करने मैं तथा मेरे पुत्र देवेंद्र, प्रदीप व लालाराम की पत्नी कंठश्री, मीना जा रहे थे। गांव से कुछ ही दूर पहुंचने पर हम लोगों को आनंद, वेदपाल, शेर सिंह, मोर सिंह ने एकराय होकर घर लिया और लाठी-डन्डों व तमंचे की बट से मारपीट करने लगे। आंनद ने देवेंद्र को पकड़कर नजायज तमंचे से गले में गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर गॉव के लोग एकत्रित हो गए। जिससे हमलावर धमकी देते हुए भाग गये। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य व गवाह के आधार पर धारा 302, 307, 323 आई.पी.सी. के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई पूर्ण होने के बाद बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अखिलेश राजपूत की पैरवी के आधार पर अपर जिला जज विशेष ईसी एक्ट न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह ने हत्या के मामले में आनंद, वेदराम, मोर सिंह, शेरसिंह को दोषी करार देते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई आज होगी।

# संदिग्ध अवस्था में महिला का फांसी पर लटका मिला शव

**▸ मृतका की मां ने पति समेत छह लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध अवस्था में महिला का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। स्वजनों ने महिला की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मृतका की मां की तहरीर पर एक सप्ताह बाद पति समेत छः लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव निजामुद्दीनपुर निवासी नौमी लाल की पत्नी नन्हीं देवी का शव छः दिन पूर्व कमरे के कुंड में साड़ी के सहारे लटका मिला था। मौके पर पहुंची मृतका की माता ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मृत्यु फांसी लगने से हुयी। रविवार को गांव नगला इकलहरा निवासी मीना देवी ने दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व



निजामुद्दीनपुर निवासी नौमी लाल के साथ हुआ था। शादी में दिए गए दहेज से बेटी के ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज में सोने की चैन व मोटर साईकिल की मांग पर मारपीट करने लगे।

अतिरिक्त दहेज न देने पर बेटी की हत्या कर दी। मां की तहरीर पर पति नौमी लाल, सास मायावती, ससुर रघुराई, ननद पूजा, आरती व पूजा के पति के खिलाफ रविवार देर रात दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### चोरों ने ट्रैक्टर की बैट्री तथा उपकरण किये चोरी

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम असगरपुर निवासी कौशल कुमार पुत्र सत्येंद्र सिंह ने सोमवार को शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कृषि कार्य के लिए उसके पास एक ट्रैक्टर है। जिसे शाम को वह घर के दरवाजे के पास खड़ा कर देता है। बीते दिवस की शाम को भी दरवाजे के पास ट्रैक्टर खड़ा दिया था, लेकिन रात्रि के किसी पहर अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर में रखी बैटरी चोरी कर ली। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब सुबह पीड़ित मौके पर पहुंचा। ट्रैक्टर स्वामी के अनुसार अज्ञात चोर एक बैटरी, कृषि यंत्र के अलावा अन्य उपकरण चुरा ले गये। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच पड़ताल के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# थाने-चौकी में ना सुनी जाये तो पीड़ित मुझे करें फोनः पुलिस अधीक्षक


पुलिस द्वारा पकड़े गये टेपो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में वार्ता के दौरान कहा कि थाना चौकी में यदि पीड़ित की बात न सुनी जाये वह सीधे मुझे फोन कर अपनी पीड़ा बता सकता है। पीड़ित किसी भी समय अपनी बात मुझसे कह सकता है। 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास कुमार ने प्रशिक्षण गोरखपुर में प्राप्त किया। इसके बाद अलीगढ़ और वाराणसी में भी तैनात रहे। शासन द्वारा किये ताबले के वक्त वह आगरा में 5 अगस्त 2021 से पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट थे। आगरा सिटी में भी रहे। मेरी प्रथम प्रथममिकता अपराध और अपराधी पर कंटरोल व भू-माफियओ पर कार्यवाही जारी रहेगी। साइवर क्राइम के माध्यम से हो रही घटनाओं को खत्म करने व गैंग के सदस्यों को सलाखों के पीछे भेजने का काम किया जायेगा।

शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को सुचारु रूप से पालन कराया जायेगा। जनता के बीच पुलिस की अच्छी छवि बनाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी की पीड़ा थाने चौकी में सुनी जाये तो वह सरकारी नम्बर पर फोन कर या कार्यालय में मिलकर अपनी बात बता सकता है। ट्रॉफिक व्यवस्था को भी सुधारने के लिए कई तरीके से काम करने की बात कही और इसका असर थाना कादरीगेट के क्षेत्र फब्बारे पर दिखायी दिया। कप्तान का फरमान जारी होते ही नवाबगंज, मोहम्मदाबाद, कायमगंज जाने वाले उन टेंपों को पुलिस ने पकड़कर खड़ा करा लिया। जो अपने निर्धारित स्थान से सवारी न लेकर फब्बारे व बस अड्डे से सवारी भरने का काम कर रहे थे। जिनमें से कुछ वाहन ऐसे थे जिन पर ना तो नम्बर था। फिलहाल पुलिस ने उन्हें पकड़कर खड़ा करा दिया।

## जनपद को सब मिलकर बनायें नशा मुक्तः विकास कुमार

**फर्रुखाबाद।** पुलिस अधीक्षक ने अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जिले को नशा मुक्ति बनाने की शपथ दिलायी। पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड में अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने सभी को जिले को नशे से मुक्त करने की शपथ दिलाते हुए अपील की कि हम सब मिलकर इस अभियान को सफल बनाये। सबके सहयोग से जिले को नशा मुक्ति का दर्जा दिलाये। सभी के साथ सबसे बड़ा युवाओं का योगदान चाहिए, क्योंकि युवा पीढ़ी ही इसकी चपेट में आ रही है। हम सब एकजुट होकर जनपद व समाज को नशा से मुक्त कराने का संकल्प लें। जिससे एक अच्छे समाज की स्थापना हो सके।


शपथ दिलाते पुलिस अधीक्षक व मौजूद पुलिसकर्मी

# डीएम का रज्जू पर चला चाबुक आज हो सकता है रेस्टोरेंट ध्वस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भू-माफिया का नगर पालिका का भूमि पर बना अवैध रेस्टोरेंट ध्वस्त करने की प्रशास ने अल्टीमेटम जारी कर दिया। कहा है कि स्वयं एक सप्ताह में हटा लें नहीं तो नगर पालिका अपने स्तर से ध्वस्त कर देगा। जिसे हर्जा खर्चा वसूला जायेगा। मनू प्रताप सिंह द्वारा जिलाधिकारी से बीते माह इस रेस्टोरेंट की शिकायत की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर जांच पड़ताल में पाया गया यह सहकारी भूमि पर अवैध तरीके से बनाया गया है। नियत प्राधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट ने खालिद उर्फ रज्जू पुत्र इशरार अली निवासी सिविल लाइन कोठी अख्तर मसीह को 16 मई 2023 को नोटिस जारी कर पक्ष रखने को कहा। जिसमें कहा गया कि स्थलीय जांच में पाया गया रेस्टोरेंट ब्लू हैवन के नाम से कोई भी मानचित्र स्वीकृत नहीं है और इसी भवन की छत पर टावर भी बिना अनुमति के लगा दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा अंतिम अवसर देने पर भी नोटिस का जबाव रज्जू की ओर से नहीं दिया गया। जिसके बाद 1 जून को आदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर स्वयं हटा लें, अन्यथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका फर्रुखाबाद के माध्यम से हटाया जायेगा, एवं गिराने में जो भी खर्चा होगा वह रेस्टोरेंट मालिक से वसूल किया जायेगा। मालूम हो कि तीन दिन पूर्व सुधीर दिवाकर की शिकायत पर भू-माफिया रज्जू व उसकी मां सहित दस लोगों के विरुद्ध थाना मऊदरवाजा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ने शिकंजा कसना शुरु कर दिया है।

# नगरिया देवधरापुर में हो रही सेव अंजीर की खेती सीडीओ ने देखी


पेड़ में लगे अंजीर को देखते सीडीओ

**▸ प्रगतिशील किसान बबलू ने खेती छोड़ शुरु की बागवानी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगरिया देवधरापुर विकास खण्ड कमालगंज में प्रगतिशील किसान बबलू राजपूत द्वारा परंपरागत खेती को छोड़कर बागवानी की जा रही है। जिसमें इनके द्वारा सेव एवं अंजीर के पेड़ लगाए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने सोमवार को नगरिया देवधरापुर में सेव एवं अंजीर के बाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला उद्यान अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी उपस्थित रहे। बबलू द्वारा बताया गया किस प्रकार उनके द्वारा फरवरी 2022 में हरियाणा से पौधे लाकर लगाए गए थे जो अब तैयार हो चुके हैं और वृक्ष से अच्छे फल मिलना प्रारंभ हो गए हैं। जिन्हें बाजार में अच्छी कीमत पर बेचा जा रहा है। अंजीर के पौध 2021 में लगाई गई थी, जिनसे अच्छे फल मिलना प्रारंभ हो गए हैं तथा उन्हें मंगल मार्केट लखनऊ में अच्छे दाम पर बेंचा जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बबलू के कार्य की प्रशंसा की गई। इनके द्वारा की जा रही बागवानी अन्य के लिए प्रेरणा स्रोत है। बबलू को हर संभव सहयोग देने के निर्देश जिला उद्यान अधिकारी को दिए। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि बब्लू के बाग में डिप एलिगेशन के द्वारा सिंचाई के लिए आवेदन करा दिया गया है, जिसका लाभ जल्द से जल्द दिया जाएगा।

# पुलिस ऑफिस, फतेहगढ़ तथा मोहम्मदाबाद कोतवाली का एसपी ने किया निरीक्षण


मोहम्मदाबाद कोतवाली में खड़े वाहनों को देखते एसपी

**फर्रुखाबाद/मोहम्मदाबाद।** एसपी ने कोतवाली फतेहगढ़ का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी ली। अभिलेखों व अपराध रजिस्टर को देखा। कोतवाली में चल रहे मेस के अलावा बड़ी संख्या में खड़ी बाइकों के संदर्भ में जानकारी की और कहा कि नियमानुसार जो भी कार्यवाही हो उसे पूरा कर इनकी नीलामी कराये। जिससे राजस्व बढ़ेगा और जगह भी खाली हो जायेगी। इससे पूर्व उन्होंने पुलिस लाइन व पुराने पुलिस आफिस का भी निरीक्षण किया। इसके बाद कोतवाली मोहम्मदाबाद का भी निरीक्षण किया। एसपी ने कोतवाली पहुंचकर हवालात को देखा तथा कहा कि हवालात में अधिक गर्मी ना हो इसके लिए कोई उचित व्यवस्था की जाए। उसके बाद कीचड़ से गुजरकर कोतवाली परिसर में पीछे भरे गंदे पानी के तालाब को देखा। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह से कहा कि जिन-जिन घरों का पानी कोतवाली परिसर में आते हैं उन सभी घरों के पानी बंद कराए जाएं तथा लेखपाल को बुलाकर थाने की जगह चिन्हित कर बाउंड्री वॉल कराने का इस्टीमेट दिया जाए। मेस में गंदगी देख नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जहां खाना बनता है वहां इतनी गंदगी कैसे रखते हो। कोतवाली के मुख्य द्वार को बनवाये जाने का निर्देश दिया। इसके बाद एसपी महिला डेस्क का निरीक्षण किया। यहां पर कोई मौजूद न होने पर कोतवाल से पूछा, तो कोतवाल ने बताया कि महिला पुलिस कर्मी कम्प्यूटर पर काम कर रही है। इस दौरान सीओ मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

### कच्ची शराब सहित गिरफ्तार

**कायमगंज (सं.)।** पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार मन्डी चौकी इंचार्ज कृष्ण कुमार ने गश्त के दौरान राजवीर नट पुत्र सतीश निवासी ग्राम पंक्षी नगला थाना कायमगंज को 20 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया और उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया।

### लुटेरों ने साइकिल सवार से मोबाइल व नकदी लूटी

**कायमगंज (सं.)।** अज्ञात लुटेरे साइकिल सवार से नकदी व मोबाइल लूटकर फरार हो गये। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। ोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुन्डी गढ़ी निवासी कासिम साईकिल द्वारा नुमाइश देखने एस.एन.एम. इन्टर कालेज गया था। वहां से वापस लौटते समय एलवाई डिग्री कालेज रेलवे रोड के निकट पहुंचते ही अज्ञात लुटेरों ने उसके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सधवाड़ा निवासी महिला रीतिका पत्नी यतिन कुमार पुत्री गोपाल कृष्ण ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि उसके पति यतिन कुमार पुत्र नरेन्द्र कुमार तथा सांस बीना रानी निवासी मकान न0-128 गली नंबर-6 हरदेवपुरी थाना मानसरोवर पार्क दिल्ली ने दहेज मे एक स्विफ्ट डिजायर कार व सोने की चेन की माँग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल दिया तथा उसका धोखे से दवा खिलाकर दो माह का गर्भ भी गिरा दिया था। गत सप्ताह उक्त लोगों ने साजिश करके पीड़िता को वापस बुलाया। वापस आने के बाद रात में मेरा पति शराब पीकर आया और जबरदस्ती मेरे साथ अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाये तथा मुझे कमरे में बंद कर दिया और काफी प्रताड़ित किया। मेरे चीखने चिल्लाने पर मेरी गर्दन दबा दी। जिससे मैं बेहोश हो गयी। मुझे मरा समझकर सभी ससुरालीजन मौके से फरार हो गये। सुबह मैंने थाने जाकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन थाना मान सरोवर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना कायमगंज पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस ने ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### रिश्वत लेने वाले कानूनगो व लेखपाल के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद (सं.)।** सदर तहसील में तैनात राजस्व निरीक्षक साहब सिंह व लेखपाल योगेंद्र सिंह पर थाना मेरापुर के ग्राम पमरखिरिया निवासी यतेंद्र प्रसाद पुत्र विश्वनाथ ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में याचिका दायर कर बताया कि मैंने अपनी कृषि भूमि की मेड़बन्दी के लिए थाना दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था। जिस पर थाना दिवस में मौजूद कानूनगो साहब सिंह व लेखपाल योगेंद्र ने कहा कि बिना रिश्वत दिये मेड़बंदी नहीं होगी। जिस पर पीड़ित ने 10 हजार रुपये दिये। उसके बाद साहब सिंह ने 6 हजार रुपये और देने को कहा। जिस पर मैंने 6 हजार रुपये और दिये। इसके बाद मै तहसील में जाकर मिला, तो मुझसे पुनः कानून व लेखपाल ने 50 हजार रुपये की मांग की। जिस पर मैंने देने से मना कर दिया और हमने दिये गये पैसे वापस मांगे। जिस पर मेरे छह हजार रुपये फोन-पे के माध्यम से वापस कर दिया। मैंने भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत कार्यवाही के लिए थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजा, लेकिन फिर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। उसके बाद पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की।

### विद्युत करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव न्यामतपुर ढिलावरी निवासी कमलेश उम्र 22 वर्षीय पुत्र पुत्तूलाल बहेलिया विद्युत करंट की चपेट मे आकर झुलस गया। फानन-फानन में परिजन प्राइवेट चिकित्सक के यहाँ ले जाकर भर्ती कराया

### युवती को भगाने में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कंपिल (सं.)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने दी तहरीर में बताया कि दो दिन पूर्व उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। उसी समय गांव निवासी तीन युवक घर पर आ गए और बेटी को बहला फुसलाकर ले गए। रविवार दोपहर पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर रविवार देर शाम सुनील कुमार, रेहान व इस्माइल के खिलाफ मुकदमा मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस की कहना है कि वह मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# खेत में लगायी गई लोहे की बाढ़ में करंट आने से भैंस मरी

**▸ भैंस मालिक व खेत मालिक बाल-बाल बचा, एक कुत्ते की भी मौत**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** खेत में लगाई गई लोहे की तार की बाढ़ में करंट आने से भैंस व कुत्ते की मौत हो गयी। वहीं दो लोग बाल-बाल बच गये। दुर्घटना की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल तथा पशु चिकित्सक मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव अद्दूपुर में सोमवार की सुबह गांव के संतराम यादव पुत्र दयाराम यादव की 70 हजार कीमत की भैंस हादसे का शिकार हो गई। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। बताया गया है संतराम के घर के पास में एक किसान का खेत है। खेत में फसल की रखवाली के लिए लोहे के तार की बाढ़ लगाई गई थी। यहीं पर एक लोहे का विद्युत का पोल है। इस पोल में वारिश के चलते करंट आ गया। संतराम भैंस लेकर उसी रास्ते से गुजर रहा था।

अचानक भैंस के करंट लग गया और उसकी मौत हो गयी। भैंस को बचाने के प्रयास में संतराम को भी करंट के झटके लगे। मगर बह बाल-बाल बच गया। करंट की चपेट में आने से एक बेजुबान कुत्ता भी काल के गाल में समा गया। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई। प्रधान पंकज कुमार ने घटना की सूचना विद्युत उपकेंद्र हजियांपुर के कर्मचारियों को दी। सूचना के बाद क्षेत्रीय लेखपाल कप्तान सिंह मौके पर पहुंचे और जांच कर पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिया। वहीं राजकीय पशु चिकित्सा विभाग फैजबाग की टीम भी मौके पर पहुंची। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गयी।

# अपना दल (एस) के विधान सभा प्रभारी ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक

**▸ शाहूजी महाराज की मनायी गयी जयंती**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपना दल (एस) के विधानसभा प्रभारी गौरव पाल ने चांदपुर स्थित ललित पटेल के आवास पर छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित किया। तीनों विधानसभाओं भोजपुर, अमृतपुर तथा फर्रुखाबाद के प्रभारी ने कहा कि अपना दल (एस) के संस्थापक डॉक्टर सोनेलाल पटेल जयंती पर अधिक से अधिक लोग जनपद से लखनऊ पहुंचें। उन्होंने कहा कि अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन अनुप्रिया पटेल के आह्वान पर जनपद की तीनों विधान सभाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक को सम्बोधित किया तथा विधान सभावार जिम्मेदारियां सौंपी। वहीं उन्होंने छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती पर कहा कि अपना दल (एस) पार्टी दलित और पिछड़ों की आवाज को बुलंद करने का कार्य करती है। साथ ही बहुजनों के लिए पचास प्रतिशत आरक्षण लागू कर सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात करती है। इस दौरान अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया।


विधानसभा प्रभारी गौरव पाल व मौजूद पदाधिकारीगण

इस अवसर पर सौरभ गंगवार शीलू, विश्व प्रकाश चतुर्वेदी एडवोकेट, रिंकू गंगवार, आनंद गंगवार, अभिषेक, ललित पटेल, दुर्वेश, विपिन पाल सहित तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।